दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : शनिवार, 14 नवम्बर, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-260 ■ पृष्ठ-12 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

संक्षिप्त खबरें

छठ से पहले पंचायत प्रतिनिधियों को भत्ता जारी

पटना। छठ महापर्व के अवसर पर राज्य सरकार ने त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं और ग्राम कचहरियों के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए तीन महीने के मासिक भत्ता राशि जारी कर दी है। सप्तम राज्य वित्त आयोग की अनुशंसा के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनप्रतिनिधियों के तीन माह के नियत मासिक भत्ते के भुगतान के लिए 137.03 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। इस राशि से पंचायत प्रतिनिधियों और ग्राम कचहरियों के निर्वाचित सदस्यों को भत्ते का भुगतान किया जाएगा। सरकार के इस निर्णय से राज्यभर के लगभग 2.50 लाख जनप्रतिनिधियों को लाभ मिलेगा। छठ महापर्व से पहले राशि विमुक्त किए जाने को पंचायत प्रतिनिधियों के लिए बड़ी राहत के रूप में देखा जा रहा है। इससे पर्व के दौरान उन्हें आर्थिक सहूलियत मिलेगी।

राहुल का आरोप-मेरा फोन टैप करा रहे मोदी

नई दिल्ली। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर उनका फोन टैप करने का आरोप लगाया। राहुल ने इंस्टाग्राम पर ह्यआॅस्क मीह्न सेशन में मोबाइल दिखाते हुए कहा कि विदेशी फंडिंग के सबूत यहां हैं। पीएम जानते हैं कि वह मेरा फोन टैप करा रहे हैं। उन्होंने फिर बहस की चुनौती दी। उन्होंने कहा कि मेरे साथ आमने-सामने की बातचीत के बाद मोदी पीएम पद पर नहीं रहेंगे। पिछले 12 दिन में यह सातवीं बार है, जब राहुल ने पीएम मोदी को बहस के लिए बोला है। एक यूजर ने सवाल किया कि भाजपा कह रही है कि बहस संसद में होनी चाहिए, फिर वे पब्लिक डिबेट पर क्यों अड़े हैं? इस पर राहुल ने जवाब दिया कि संसद में कई मुद्दों पर बोलने की कोशिश की, लेकिन मेरा माइक बंद कर दिया जाता है।

जनता चाहेगी तो फिर बांग्लादेश की सत्ता संभालूंगी : हसीना

नई दिल्ली। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने शुक्रवार को कहा है कि अगर जनता चाहेगी तो वे एक बार फिर बांग्लादेश की सत्ता संभालने के लिए तैयार हैं। मीडिया से बातचीत के दौरान हसीना ने कहा कि दिसंबर 2026 में वे बांग्लादेश लौटेंगी। उन्हें गिरफ्तारी या मौत की सजा का डर नहीं है हसीना ने बांग्लादेश में हिंदू, बौद्ध और ईसाई समुदाय पर हुए हमलों को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक सुरक्षित नहीं हैं और मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। पूर्व पीएम हसीना से मौत की सजा और गिरफ्तारी को लेकर सवाल किया गया।

वैशाली में एक ही परिवार के चार लोगों ने खाया जहर, 3 की मौत

हाजीपुर। के गोरौल थाना क्षेत्र के प्रेमराज गांव में शुक्रवार को एक ही परिवार के चार सदस्यों ने जहर खा लिया। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 वर्षीय किशोरी की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर रेफर किया गया है। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है। मिली जानकारी के अनुसार, प्रेमराज गांव निवासी राहुल कुमार लगातार अपनी जमीन बेच रहा था। बीते शनिवार को उसने सात कट्ठा जमीन की रजिस्ट्री कर दी थी। इसकी जानकारी मिलने पर परिवार में विवाद शुरू हो गया। बताया जाता है कि राहुल की पत्नी सीमा देवी जमीन की रजिस्ट्री की नकल लेकर आई थी। इसी बात को लेकर घर में कहासुनी हुई। विवाद बढ़ने पर राहुल घर छोड़कर चला गया। इसके बाद परिवार के चार सदस्यों ने जहर खा लिया।

नहाय-खाय से शुरू हुआ चार दिवसीय छठ महापर्व का अनुष्ठान

पटना (एनएसबी)। सनातन धर्मावलंबी के महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान शुक्रवार को रवियोग में नहाय-खाय से शुरू हुआ। व्रतियों ने पवित्र गंगा नदी में स्नान कर अरवा चावल, चना दाल, लौकी की सब्जी, आंवले की चासनी का प्रसाद ग्रहण कर व्रत की शरुआत की। कार्तिक शुक्ल पंचमी शनिवार को पूवार्षाढ़ा नक्षत्र तथा रवियोग में खरना की पूजा में व्रती पूरे दिन का उपवास कर शाम में भगवान भास्कर की पूजा कर प्रसाद ग्रहण करेंगी। आज ही खरना का प्रसाद पाने के बाद व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला अनुष्ठान का संकल्प लेंगी।

छठ पूजा से पहले खरना की परंपरा : खरना का प्रसाद व्रती के लिए एक प्रकार का अंतिम सात्विक भोजन है, जो व्रती को कठोर 36 घंटे के उपवास के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करता है। यह व्रत व्रतियों के शुद्धिकरण करने की अंतिम प्रक्रिया है। जिसके बाद व्रती पूरी तरह से सूर्यदेव की भक्ति में लीन हो जाती हैं।

खरना के प्रसाद से दूर होते कष्ट : योतिषी राकेश झा ने कहा कि छठ महापर्व के चतुर्थ दिवसीय अनुष्ठान के अंतर्गत आज दूसरे दिन खरना के प्रसाद में ईख के कच्चे रस, गुड़ के सेवन से त्वचा रोग, आँख की पीड़ा, शरीर के दाग-धब्बे समाप्त हो जाते है क वही इसके प्रसाद से तेजस्विता, निरोगिता व बौद्धिक क्षमता में वृद्धि होती है।

घाटों पर उमड़ी व्रतियों की भीड़, खरना आज



पूरे दिन उपवास के बाद होगा खरना

ज्योतिषाचार्य राकेश झा ने बताया कि छठ महापर्व के दूसरे दिन में शनिवार को व्रती खरना पूजा में पुरे दिन निर्जला उपवास रहेगी। पूजा के लिए मिट्टी के चूल्हे पर आम के लकड़ी से शुद्ध रूप से प्रसाद के लिए खीर व रोटी बनायेंगी, फिर संध्या में इस प्रसाद को सूर्य देव और छठी मैया को भोग लगाकर, स्वयं इसे प्रसाद के रूप में ग्रहण करेंगी। इसके बाद व्रतियों का अगले 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू होगा।

असम के काजीरंगा में बस-ट्रक की भिड़ंत में 26 की गई जान

20 लोग जख्मी, गाड़ी काटकर शव निकाले, बस के 12 चालान कट चुके थे

कांजीरंगा (एजेंसी)। असम के काजीरंगा में शुक्रवार को एक तेज रफ्तार मिनी बस और कंटेनर ट्रक में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में 26 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।असम के मंत्री और बोकाखाट से विधायक अतुल बोरा ने इसकी जानकारी दी है। टक्कर के बाद मिनी बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कई यात्री बस के अंदर फंस गए।

रेस्क्यू टीम ने बस काटकर शवों को बाहर निकाला। बस में कुल कितने लोग सवार थे, इसकी जानकारी अभी नहीं आई है। लोकल मीडिया के मुताबिक, हादसे का शिकार हुई गाड़ी के 12 चालान कट चुके थे। इनमें से 38,500 रुपए का जुमार्ना भरा जा चुका था, जबकि 4,000 रुपए का एक चालान अब भी बकाया था। कमर्शियल गाड़ी की ओवरस्पीडिंग पर यह जुर्माना लगता है।

पुलिस बोली- बस तेज रफ्तार में थी, ड्राइवर ने नियम का पालन नहीं किया : गोलाघाट के एसएसपी स्वप्निल डेका ने पीटीआई को बताया कि मिनी बस बोकाखाट से नगांव जा रही थी। बस तेज रफ्तार में थी। शुरूआती जांच के मुताबिक, ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद बस सामने से आ रहे कंटेनर ट्रक से टकरा गई। हादसे के बाद घायलों को कोहोरा मॉडल अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को जोरहाट मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री ने हादसे पर शोक जताया है। केंद्र सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, 2020 से 2024 के बीच राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में 15,306 लोगों की मौत हुई। इनमें 2024 में सबसे ज्यादा 3,351 लोगों की जान गई। वहीं, 2023 में 3,296 और 2022 में 2,994 लोगों की मौत हुई थी।



मिनी बस के अधिकतर यात्री स्टूडेंट थे

बताया जा रहा है कि ट्रैवलर (मिनी बस) में ज्यादातर यात्री स्टूडेंट थे। एक्सीडेंट वाली ट्रैवलर का रजिस्ट्रेशन नंबर एएस 02 एसी 6690 है. ड्राइवर की पहचान अब्दुल मजीद के तौर पर हुई है. ट्रैवलर, जिसमें 27 यात्री बैठ सकते थे, बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।



पीएम व राष्ट्रपति ने जताया दुख, मृतकों के परिवारों को 2-2 लाख रुपए की मदद

हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राष्ट्रपति ने गहरा दुख जताते हुए कहा-असम के गोलाघाट जिले में हुए हादसे में लोगों की मौत से मुझे गहरा दुख पहुंचा है। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं मृतकों के परिवारों के साथ हैं। मैं घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

मणिपुर में उग्रवादियों की फायरिंग में 4 की मौत





इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर के उखरुल जिले में शुक्रवार को उग्रवादियों ने दो गाड़ियों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। हमले में दो महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। पुलिस के मुताबिक, हमला इम्फाल-उखरुल रोड पर न्यू हेवन इलाके में हुआ। दोनों गाड़ियों में सवार दो पुरुष और दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। गाड़ियों के आगे के शीशों पर गोलियों के निशान मिले हैं। इस साल फरवरी से पहाड़ी जिलों में कुकी और नगा समुदायों के बीच हुई झड़पों में कम से कम 50 लोग मारे गए हैं।

एक दिन पहले भी गोलीबारी हुई थी : 12 नवंबर को कांगपोकपी जिले के ताफोउ कुकी गांव और सेनापति जिले के कैलेंगजांग के पास भी गोलीबारी हुई थी। इस घटना में 42 साल की एक कुकी महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जबकि दो पुरुष घायल हुए थे।

मणिपुर में जारी जातीय संघर्ष : मणिपुर में मई 2023 में घाटी के मैतेई और पहाड़ी इलाकों के कुकी समुदायों के बीच जातीय संघर्ष शुरू हुआ था इस संघर्ष में अब तक कम से कम 306 लोगों की मौत हो चुकी है। 49 लोग अब भी लापता हैं। हजारों लोग बेघर हो चुके हैं। उखरुल जिले के लितान इलाके में दो तांगखुल नगा और दो कुकी युवकों के बीच झगड़े के बाद तनाव बढ़ा। एक कुकी परिवार के खाली घर में आग लगाई गई।

मृतक आपस में भाई-बहन और मां-बेटे

हमले में मारे गए लोगों की पहचान शांगशक गांव निवासी कपांगखुई आरएस और हाओलेइला आरएस तथा ताशार गांव निवासी ऑगस्ट नगलुंग और खानमिला के रूप में हुई है। शांगशक के दोनों मृतक आपस में भाई-बहन थे, जबकि ताशार के दोनों मृतक मां और बेटे थे। चारों अलग-अलग दो वाहनों- मारुति स्विफ्ट और बोलेरो में सवार होकर इंफाल जा रहे थे, तभी उन पर हमला हुआ।

पिछले दशक के प्रयासों से मजबूत हुई देश की ऊर्जा सुरक्षा : पीएम



बेंगलुरु (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने के लिए पिछले दशक में उठाए गए कदमों से देश को पश्चिम एशिया में जारी युद्ध से पैदा हुई चुनौतियों का आत्मविश्वास से सामना करने में मदद मिली है। उन्होंने पिछले वर्षों के दौरान ऊर्जा क्षेत्र में हुई प्रगति का ब्योरा भी दिया। बेंगलुरु और मैसूरु में आयोजित कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री ने कर्नाटक में रेलवे और ऊर्जा समेत विभिन्न क्षेत्रों की 15,600 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। बेंगलुरु में एक सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि ईरान व उसके आसपास और खाड़ी क्षेत्र में चल रहे युद्ध ने ऊर्जा सुरक्षा के महत्व को दिखाया है। यह भारत के लिए भी चुनौतीपूर्ण समय रहा। हालांकि, ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने के लिए पिछले दशक में उठाए गए कदमों से देश को इस संकट का आत्मविश्वास से सामना करने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि इन कदमों में पेट्रोल, डीजल व एलपीजी की घरेलू उत्पादन क्षमता बढ़ाना, कच्चा तेल भंडारण की सुविधाएं विकसित करना, नवीकरणीय ऊर्जा का विस्तार करना, रेलवे का लगभग 100 प्रतिशत विद्युतीकरण करना और सार्वजनिक परिवहन को मजबूत बनाना शामिल है। मोदी ने कहा कि शुक्रवार को कर्नाटक में जिन तीन परियोजनाओं का उद्घाटन या शुभारंभ किया गया, वे भी भारत की ऊर्जा सुरक्षा को नई मजबूती देंगी। इन परियोजनाओं में मेंगलुरु की एलपीजी भंडारण सुविधा शामिल है, जिससे देश की भंडारण क्षमता में 80,000 मीट्रिक टन की वृद्धि होगी।

■ कर्नाटक में 15,600 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं शुरू

■ बेंगलुरु मेट्रो, वंदे भारत ट्रेन, एलईडी तारामंडल का उद्घाटन

10 आईएएस अफसरों को मिला प्रमोशन

पटना (एनएसबी)। बिहार सरकार ने 2 दिनों के अंतराल पर 10 और आईएएस अधिकारियों को प्रमोशन दिया है। इनमें 9 जिलाधिकारी और एक माध्यंमकि शिक्षा निदेशक शामिल हैं। ये सभी 2018 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के बिहार कैडर के पदाधिकारी हैं। संयुक्तश सचिव स्त र के इन पदाधिकारियों के संबंध में सामान्ये प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी की है। इसमें 1 जनवरी 2027 से इन्हें अपर सचिव स्त र में प्रोन्नयति दी गई है। अपर सचिव में प्रोन्नदत किए गए आईएएस अफसरों में कटिहार के जिलाधिकारी आशुतोष द्वि वेदी, शिवहर डीएम प्रतिभा रानी, सारण डीएम वैभव श्रीवास्तसव शामिल हैं।

नहाय खाय के मौके पर मनिहारी के नारायणपुर में खड़े ट्रक से टकराई कार

गंगा स्नान करने जा रहे दंपति समेत 3 की मौत



मनिहारी/कटिहार (एनएसबी)। मनिहारी में छठ महापर्व की तैयारियों के बीच गंगा स्नान करने आ रहे एक परिवार की कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। इसमें दंपति समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसा कटिहार-मनिहारी मुख्य सड़क फोरलेन पर नारायणपुर के समीप शुक्रवार अहले सुबह करीब 5 बजे हुआ। यह टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर पहुंचे मनिहारी थानाध्यक्ष संतोष कुमार झा ने बताया कि कटिहार की ओर से आ रही एक कार नारायणपुर - कुतूबपुर के समीप सड़क किनारे खराब होने से खड़े एक बालू लदे ट्रक से पीछे से जोरदार टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में सवार लोगों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। मृतकों की पहचान रिटायर्ड पीएनबी कर्मी शम्भू सिंह (65) उनकी पत्नी उषा सिंह(55) तथा पड़ोस में रहने वाली मंजू रानी साह (55) पति इंदु साह नवनीतनगर बैगना नहर कटिहार निवासी के रूप में हुई है। जबकि हादसे में घायल सत्यम उर्फ रुद्र (14), हर्षिता कुमारी (5) और गोलू कुमार (20) है। सभी घायलों को मनिहारी अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉ. राकेश परासर ने उनका उपचार किया। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए तीनों को कटिहार रेफर कर दिया गया।वहीं तीनों मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए कटिहार सदर अस्पताल भेज दिया गया। गंगा स्नान के लिए निकले लोगों के साथ हुए इस दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है।

■ तीन गंभीर रूप से घायल, बेहतर इलाज के लिए कटिहार रेफर

नीतीश सेतु के नाम से जाना जाएगा कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन ब्रिज

पटना (एनएसबी)। पीएम नरेंद्र मोदी 21 नवंबर को बिहार दौरे पर आ रहे हैं। इस दिन कच्ची दरगाह-राघोपुर-बिदुपुर छह लेन पुल राष्ट्र को समर्पित करेंगे। बिहार सरकार ने पुल का नामकरण पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाम पर नीतीश सेतु किया गया है। वैशाली के राजापाकर में आयोजित कार्यक्रम में पीएम मोदी कई विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। सीएम सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। सीएम ने लिखा- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 21 नवंबर को बिहार आगमन हो रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री कच्ची दरगाह-राघोपुर-बिदुपुर छह लेन पुल, जिसका नामकरण राज्य सरकार द्वारा नीतीश सेतु किया गया है, जिसे राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री राजापाकर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जनोपयोगी एवं विकासात्मक योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी करेंगे। वहीं जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने खुशी जताई है। उन्होंने एक्स पर लिखा- बिखरे हुए बिहार को एक सूत्र में पिरोने वाले, सड़कों और पुल-पुलियों का जाल बिछाकर राज्य को विकास की नई दिशा और गति देने वाले, आधुनिक बिहार के निमार्ता और हमारे सर्वमान्य नेता नीतीश कुमार के नाम पर छह लेन गंगा पुल का नाम नीतीश सेतु रखा जाना पूरे बिहार के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। बता दें 19.30 किमी लंबा कच्ची दरगाह-बिदुपुर सिक्स लेन महासेतु बनकर तैयार हो गया है। 67 मजबूत पिलरों पर खड़े इस पुल का निर्माण एलएंडटी एजेंसी ने किया है। अब प्रधानमंत्री 21 नवंबर को इसका लोकार्पण करेंगे। बिहार सरकार द्वारा करीब 5,000 करोड़ की लागत से बनाया गया यह एक्स्ट्राडोज्ड केबल महासेतु अत्याधुनिक इंजीनियरिंग का नमूना है। इसमें मुख्य गंगा नदी पर बने पुल की लंबाई 9.76 किमी है। इस पुल पर गाड़ियां 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेंगी। पटना शहर से जुड़ने वाला यह तीसरा बड़ा गंगा महासेतु है।



■ 21 को पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन, पटना शहर से जुड़ने वाला तीसरा बड़ा गंगा महासेतु

एक नजर

छठ महापर्व को लेकर गनीचक सड़क को जलजमाव से मुक्त कराएंगे नपं अध्यक्ष मिंटू कुमार, आज से शुरू होगा सफाई कार्य

खुसरूपुर / पटना (दैनिक नवसंदेश)। लोक आस्था के महापर्व छठ की शुरुआत हो गई है, लेकिन नगर से गंगा घाट की ओर जाने वाली मुख्य गनीचक सड़क की स्थिति बेहद दयनीय बनी हुई है। यह मुख्य मार्ग वर्तमान में गंदे पानी और कीचड़ से भरा पड़ा है, जिससे छठ वतियों को भारी परेशानी का सामना



करना पड़ सकता है।
इस सड़क के पूरब में मौसीमपुर पंचायत और पश्चिम में बैकटपुर पंचायत स्थित है। दोनों पंचायतों की ओर से इस समस्या के प्रति उदासीनता बरते जाने के बाद, स्थानीय प्रशासन और निवासियों ने नगर पंचायत अध्यक्ष मिंटू कुमार से इस मामले में हस्तक्षेप करने की गुहार लगाई है। ज्ञात हो कि छठ पर्व के दौरान इसी रास्ते से हजारों की संख्या में वती और श्रद्धालु अर्घ्य देने के लिए गंगा घाट जाते हैं।
मामले की गंभीरता को देखते हुए शुक्रवार को नपं अध्यक्ष मिंटू कुमार ने गनीचक सड़क का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क की बदहाल स्थिति का जायजा लिया और इसे जलजमाव व गी से मुक्त कराने का संकल्प लिया। नपं अध्यक्ष ने बताया कि सड़क की सफाई का कार्य कल शनिवार से प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए उन्होंने स्थानीय नागरिकों से भी सहयोग की अपील की है। निरीक्षण के दौरान नपं उपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूषण कुमार पांडेय, वार्ड संख्या 6 के पार्षद प्रतिनिधि वीरेंद्र कुमार, पूर्व उप मुखिया श्री सिंह, पप्पू प्रसाद, डब्लू कुमार और अशोक गोप सहित कई अन्य स्थानीय लोग मौजूद थे।

दोहरे हत्या का आरोपित इनामी अपराधकर्मी विरेन्द्र कुमार उर्फ विरेन्द्र राय उर्फ बिल्ला गिरफ्तार

पटना (दैनिक नवसंदेश)। दोहरे हत्या का आरोपित ईनामी अपराधकर्मी विरेन्द्र कुमार उर्फ विरेन्द्र राय उर्फ बिल्ला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीटी एसपी मध्य चंद्र प्रकाश ने कहा कि दीघा थाना अंतर्गत माह जुलाई 2024 में हुई 2 लोगों विकास कुमार उर्फ सुर्यकांत कुमार , नीरज कुमार उर्फ फटलकी की हुई हत्या मामले में वांछित टॉप 10 कुख्यात 25000- रूपया का ईनामी अपराधकर्मी विरेन्द्र कुमार उर्फ विरेन्द्र राय उर्फ बिल्ला उम्र 33 वर्ष पिता-बलिराम राय, सा-रामजीचक यादव गली, थाना-दीघा, जिला-पटना को दिनांक-13-11-26 की रात्रि में गुप्त सूचना एवं तकनीकी के आधार पर डीआईयु के सहयोग से जेपी सेतू चेक पोस्ट के पास से गिरफ्तार किया गया है।
टॉप 10 अपराधी 01 विरेन्द्र कुमार उर्फ विरेन्द्र कुमार राय उर्फ बिल्ला दीधा थाना कांड सं0-420/ 24 दिनांक-04 /07/.24 धारा-103/109/61 बीएनएस एवं 25 (1-बी) ए/26/35 शस्त्र अधिनियम एवं नदी थाना कांड सं0-385/ 24 दिनांक 06/12/24 धारा-103 (1)/161/3 (5) बीएनएस एवं 27 आर्म्स एक्ट में हत्या के मामले में वांछित है। पटना जिला अंतर्गत अन्य थानों से इनके विरूद्ध दर्ज कांडो में वांछित रहने का सत्यापन किया जा रहा है।
गिरफ्तार अपराधी 01 विरेन्द्र कुमार उर्फ विरेन्द्र कुमार राय उर्फ बिल्ला को न्यायिक हिरासत में भेजने हेतु अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

छठ महापर्व पर 500 से अधिक एनसीसी कैडेट्स, स्काउट्स एवं गाइड्स तैनात

पटना (दैनिक नवसंदेश)। छठ महापर्व 2026 के अवसर पर कम्युनिटी ट्रैफिक पुलिस द्वारा 500 से अधिक एनसीसी कैडेट्स, स्काउट्स एवं गाइड्स तथा एनसीसी एलुमनाई को यातायात प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सहायता के लिए तैनात किया जा रहा है।
यह अत्यंत सराहनीय पहल है, जो युवाओं में अनुशासन, सेवा भाव और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करती है। इन युवाओं का योगदान दुर्गा पूजा के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने, भीड़ प्रबंधन करने और आम नागरिकों की सहायता करने में महत्वपूर्ण होगा।

कुएं में गिरने से बालक की मौत

दनियावां / पटना (दैनिक नवसंदेश)। दनियावां थाना क्षेत्र के तरौरा गांव में शुक्रवार को अपरा एक पांच वर्षीय बालक की मौत गांव के कुएं में गिरने से हो गई।घटना के संबंध में स्थानीय ग्रामीणों एवं स्वजनों ने बताया कि नीतीश साव का पांच वर्षीय पुत्र घर के बाहर बच्चों संग खेल रहा था।इसी क्रम में वह आंखों से ओझल होकर पास के कुएं पर चला गया।जहां पर कुएं में गिरने से उसके मौत हो गई।बच्चों के शोर मचाने के बाद आसपास के लोगों ने उसे कुएं से निकाल चिकित्सक के पास ले गए।परंतु तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

छठ घाटों का निरीक्षण

दनियावां/ पटना (दैनिक नवसंदेश)। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजीव कुमार सहित थानाध्यक्ष बेबी कुमारी एवं उत्तम कुमार सिंह ने किया।इस क्रम में दनियावां बाजार स्थित सूर्य मंदिर तालाब सहित एरई,हसनपुर,पीरबढ़ौना, तोप,दनियावां ब्रह्म स्थान आदि घाटों का निरीक्षण किया। वहीं ऊर्जा विभाग की ओर से सभी छठ घाटों पर सुरक्षात्मक कदम उठाया गया है।

छठ महापर्व पर पटना नगर निगम की व्यापक तैयारी, 100 से अधिक तालाबों एवं पार्कों में अर्घ्य की व्यवस्था

सभी तालाबों में मिलाया जा रहा गंगाजल, चौक-चौराहों पर भी निःशुल्क वितरण

पटना (दैनिक नवसंदेश)। छठ महापर्व पर श्रद्धालुओं की आस्था और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पटना नगर निगम द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। शहर के विभिन्न स्थायी एवं अस्थायी तालाबों में गंगाजल मिलाया जा रहा है। वहीं, श्रद्धालुओं को अपने घरों के आसपास ही गंगाजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रमुख चौक-चौराहों एवं गली-मोहल्लों में वाटर टैंकरों के माध्यम से निःशुल्क गंगाजल का वितरण भी किया जा रहा है।

इस विशेष अभियान के तहत पटना नगर निगम के सभी अंचलों में 15 से अधिक वाटर टैंकर तैनात किए गए हैं। इन टैंकरों के माध्यम से छठ महापर्व के लिए तैयार किए गए सभी स्थायी एवं अस्थायी तालाबों में गंगाजल मिलाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर टैंकरों को 15 से 20 मिनट तक निर्धारित स्थानों पर रोककर आम नागरिकों के बीच गंगाजल वितरित किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालु आसानी से गंगाजल प्राप्त कर सकें।



छठ महापर्व पर श्रद्धालुओं की आस्था।

घाटों से लेकर गली-मोहल्लों तक अर्घ्य की सुविधा : पटना नगर निगम द्वारा गंगा घाटों के साथ-साथ इस वर्ष शहर के सभी अंचलों में 100 से अधिक स्थायी एवं अस्थायी तालाबों, पार्कों, मंदिर परिसरों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी अर्घ्य देने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस पहल का उद्देश्य श्रद्धालुओं को उनके घरों के नजदीक ही छठ पूजा की सुविधा उपलब्ध कराना और प्रमुख घाटों पर भीड़ का दबाव कम करना है।

पटना सिटी अंचल : पटना सिटी अंचल में मंगल तालाब पर छठ महापर्व के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। अजीमाबाद एवं पटना सिटी अंचल गंगा तट के समीप स्थित होने के कारण यहां अधिकांश श्रद्धालु गंगा घाटों पर ही अर्घ्य अर्पित करते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए छोटे वाटर ई-कार्ट के माध्यम से तालाबों में गंगाजल मिलाया जा रहा है।

श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए सभी तैयारियां पूर्ण : पटना नगर निगम द्वारा सभी चिन्हित तालाबों एवं पार्कों में छठ पूजा को लेकर आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इन स्थलों पर बैरिकेडिंग, रंग-रोगन एवं प्रकाश व्यवस्था का कार्य पूरा कर लिया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा और निजता को ध्यान में रखते हुए सभी तालाबों पर चेंजिंग रूम की व्यवस्था की गई है। कच्चे तालाबों पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से सैंडबैग लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त सभी स्थलों पर नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जा रही है, ताकि छठ वतियों एवं श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिल सके।

पटना जू की झील समेत एक दर्जन से अधिक पार्कों में भी होगी छठ पूजा, व्रतियों के लिए होंगी विशेष व्यवस्थाएं

पटना (दैनिक नवसंदेश)। लोकआस्था के महापर्व छठ को लेकर राजधानी पटना के पार्कों में भी तैयारियां अब अंतिम चरण में है। इस बार पटना जू की झील समेत शहर के एक दर्जन से अधिक बड़े पार्कों में छठ पूजा का आयोजन होगा। इसके लिए संबंधित पार्कों में साफ-सफाई, रोशनी और अन्य जरूरी सुविधाओं को दुरुस्त किया जा रहा है, ताकि वतियों को अर्घ्य देने में किसी तरह की परेशानी न हो।

पटना जू की झील को छठ पूजा के लिए विशेष रूप से तैयार किया जा रहा है। झील के पानी की सफाई के साथ घाट के आसपास बैरिकेडिंग की व्यवस्था की जा रही है। वहीं, झील किनारे वतियों की सुविधा के लिए चेंजिंग रूम भी बनाए जाएंगे। पूजा के दौरान पर्याप्त रोशनी के लिए लाइट टावर लगाए जाएंगे, जिनमें फ्लड लाइट की व्यवस्था रहेगी।

शहर के जिन प्रमुख पार्कों में छठ पूजा होगी, उनमें इको पार्क, हार्डिंग पार्क, नवीन सिन्हा पार्क, लालबहादुर शास्त्री पार्क, एजी कलोनी पार्क, ऊर्जा पार्क, सीआईडी कलोनी पार्क और लोहिया नगर पार्क सहित अन्य पार्क शामिल है। इन पार्कों में छठ वतियों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी।

इको पार्क समेत पार्क प्रबंधन के अधीन आने वाले बड़े पार्कों में मुख्य रूप से रोशनी की व्यवस्था की जाएगी। इन पार्कों में पहले से फव्वारे और हौजुमा जलीय स्रोत उपलब्ध है, इसलिए अर्घ्य देने के लिए अलग से विशेष जल प्रबंधन की आवश्यकता नहीं होगी। शुक्रवार से पार्कों में लाइट लगाने का काम शुरू कर दिया जाएगा, ताकि संध्याकालीन और प्रातकालीन अर्घ्य के दौरान पर्याप्त रोशनी उपलब्ध रहे।

बिहार के विकास में नीतीश कुमार का योगदान ऐतिहासिक, 'नीतीश सेतु' नामकरण के लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के प्रति आभार : श्रवण कुमार

उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच मजबूत होगा संपर्क, आधारभूत संरचना के विकास को मिलेगी नई गति

गंगा की पवित्रता और प्राकृतिक प्रवाह को बनाए रखते हुए बिहार की सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विरासत को जोड़ने वाला ऐतिहासिक सेतु

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग तथा सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने कच्ची दरगाह-राघोपुर-बिदुपुर छह लेन गंगा महासेतु का नामकरण बिहार के विकास के विश्वकर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान राज्यसभा सांसद नीतीश कुमारजी के नाम पर 'नीतीश सेतु' किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के प्रति हार्दिक आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया है।



ग्रामीण विकास विभाग तथा सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के मंत्री श्रवण कुमार।

मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि 'नीतीश सेतु' का नामकरण नीतीश कुमार के दूरदर्शी नेतृत्व, विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और बिहार के नवनिर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान का सम्मान है। यह महासेतु एनडीए गठबंधन की विकासवादी सोच, मजबूत इच्छाशक्ति और सुशासन के साथ विकास के संकल्प का जीवंत प्रतीक है।
उन्होंने कहा कि लगभग 9.76 किलोमीटर लंबा मुख्य पुल एप्रोच रोड सहित करीब 19.76 किलोमीटर की परियोजना का हिस्सा है, जिसका निर्माण लगभग पांच हजार करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। यह महासेतु उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच संपर्क को नई मजबूती प्रदान करेगा। मां गंगा की पवित्रता एवं प्राकृतिक प्रवाह को बनाए रखते हुए तकनीकी रूप से पुल के स्तंभों के बीच पर्याप्त दूरी रखी गई है, ताकि स्टीमर सहित जल परिवहन के अन्य साधनों का आवागमन निर्बाध रूप से जारी रह सके।
श्री कुमार ने कहा कि एक समय था जब गंगा के इस पार और उस पार के क्षेत्रों के बीच आवागमन का मुख्य साधन नाव हुआ करता था।

महाप्रबंधक ने सोनपुर एवं हाजीपुर स्टेशनों का किया निरीक्षण



कार्तिक पूर्णिमा मेला एवं छठ पूजा के मद्देनजर यात्री सुविधाओं एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा।

सोनपुर / पटना (दैनिक नवसंदेश)। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग द्वारा दीघा ब्रिज हॉल्ट से जयनगर सेक्शन के निरीक्षण के क्रम में सोनपुर एवं हाजीपुर रेलवे स्टेशनों का गहन निरीक्षण किया गया।

इस दौरान महाप्रबंधक ने कार्तिक पूर्णिमा मेला एवं छठ पूजा के अवसर पर बड़ी संख्या में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं एवं यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के क्रम में उन्होंने स्टेशन परिसर, यात्रियों के आवागमन, भीड़ प्रबंधन, होल्डिंग एरिया, पेयजल की उपलब्धता, साफ-सफाई तथा अन्य यात्री सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। साथ ही, यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा पर्व के दौरान भीड़ का सुचारु एवं सुरक्षित प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

महाप्रबंधक ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं एवं यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें तथा दिए गए निर्देशों का समयबद्ध अनुपालन करें।

निरीक्षण के दौरान सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन सहित मंडल एवं मुख्यालय के सभी संबंधित शाखा अधिकारी उपस्थित रहे।

बोरिंग पंप में आयी खराबी, पानी संकट

पटना सिटी / पटना (दैनिक नवसंदेश)। सुल्तानगंज थाना के वार्ड संख्या 51 के चौधरी टोला मठ में स्थित बोरिंग पंप की खराबी की वजह से एक दर्जन से अधिक मुहल्लों में पानी की समस्या कायम है । चौधरी टोला बोरिंग पंप से जुड़े टेकारी रोड, चौधरी टोला, खजूरबन्ना, खान मिर्जा, बीएनआर रोड, त्रिपोलिया,पथरी घाट समेत एक दर्जन से अधिक मुहल्लों में पानी की समस्या कायम है। पीने के पानी के लिए लोग भटक रहे है. । जल संकट की वजह से परेशानी कायम है । बताया जाता है कि बोरिंग पंप में आयी गड़बड़ी की वजह से यह संकट बनी है । वार्ड 51 के पार्षद ज्योति रंजन दास उर्फ बैजू लाल दास ने बताया बोरिंग पंप में आयी खराबी की सूचना जलपर्षद को दी गयी है । उम्मीद है कि शनिवार तक बोरिंग पंप की गड़बड़ी को दूर कर चालू करा दिया जायेगा।

पुलिस टीम से मारपीट, दो पकड़ाये

पटना सिटी / पटना (दैनिक नवसंदेश)। बाइपास थाना के महुली रोड में जुआ के अडडे पर छापेमारी करने गयी पुलिस टीम से मारपीट कर हमला किया गया है । हमला में सअनि सरयु प्रसाद को जख्मी हमलावरों ने कर दिया है । पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए रहिश और विकास को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। ज़बकि नामजद व अज्ञात की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम छापेमारी कर रही है। बाइपास थाना की पुलिस ने बताया कि पुलिस ने मामले मनीष, श्रवण, चुनचुन, बादल,रौशन, पंकज, अंकित, कुंदन समेत अन्य को नामजद व 30 अज्ञात को आरोपी बनाया है।

छठ महापर्व और अर्थव्यवस्था का बाजारवाद



रविकांत शुक्ला।

दैनिक नवसंदेश / प्रश्न पहर

पहले मोहल्ले के एक-दो घरों में ही सूर्योपासना का चार दिवसीय छठ महापर्व होता था, जहां उस इलाके के श्रद्धालु आस्था और निष्ठा के साथ सेवा देते थे। ठेकुआ के लिए जांता में आटा और कचवनिया के लिए चावल पिसाता था। मिट्टी के चूल्हे भी घर में हीं बनते थे। यों कहें तो फल-फूल, सूप-दउरा आदि को छोड़कर छठ में उपयोग होने वाली ज्यादातर सामग्री वती और श्रद्धालु अपने घरेलु स्तर पर हीं उपलब्ध करते-कराते थे। जब धीरे-धीरे छठ का विस्तार हुआ तो सूर्योपासना के इस महापर्व पर भी बाजारवाद के विशेषज्ञों की पैनी नजर पड़ी और चार दिनों के इस महापर्व में करोड़ों रुपए की अर्थव्यवस्था का बाजार बन गया ।

घाट पर मिट्टी का चूल्हा, घर में बना ठेकुआ, बांस का सूप, मिट्टी का दिया, गन्ना, नारियल। कोई दुकान नहीं, कोई ब्रांड नहीं। जो प्रसाद था वह व्रतियों और श्रद्धालुओं के हाथ का बना था। कोई सामग्री ब्रांडेड बाजार का नहीं था। छठ में पुजारी नहीं होता था, पंडित नहीं होता था। व्रती ही पुजारी थी। इसलिए बाजार को इसमें घुसने की जगह ही नहीं मिलती थी।

अब बाजार कैसे घुस गया : ठेकुआ अब घर में नहीं, पैकेट में मिलता है। शुद्ध घी वाला स्पेशल छठ ठेकुआ 299 रुपये किलो। जिस ठेकुआ में दादी-माँ के हाथों की गर्मी होनी थी, उसमें अब फैक्ट्री की खुशबू है। सूप अब बांस का नहीं, डिजाइनर का है। आमेजन पर 1500 रुपये का प्रीमियम छठ सूप बिकता है। जिस सूप को गाँव में बूढ़ा बांस से बुनता था, वो अब सजावट की चीज हो गया है। छठ घाट अब भक्ति का नहीं, रील का हो गया है। अर्घ्य देते समय लोग सूर्य को नहीं, कैमरे को देखते हैं। छठ लुक, छठ मेकअप, छठ साड़ी हॉल- ये सब अब ट्रेंड है।

नेता और ब्रांड भी आ गए। घाट पर बैनर, छठ महापर्व की शुभकामनाएं - फलां नेता, फलां ज्वेलर्स की ओर से। जिस घाट पर कभी सिर्फ सूर्य को अर्घ्य दिया जाता था, वहां अब होर्डिंग को अर्घ्य दिया जाता है।

तो क्या बाजारवाद पूरी तरह बुरा है : यहाँ दो बातें समझनी होंगी -एक पक्ष कहता है कि बाजार ने छठ को बचा लिया। जो युवा पटना से दिल्ली-मुंबई चले गए, वो ऑनलाइन ठेकुआ मँगाकर भी छठ मना लेते हैं। जो घर में सूप नहीं बना सकता वो बाजार से लेकर भी परंपरा निभा लेता है। बाजार ने छठ को बिहार से निकालकर पूरे भारत में फैला दिया।

दूसरा पक्ष कहता है - बाजार ने छठ की आत्मा छीन ली। छठ तपस्या का पर्व था। 36 घंटे का निर्जला व्रत, नंगे पाँव घाट जाना, कष्ट सहना। अब वो इवेंट बन गया है। जहाँ कष्ट था, वहाँ अब सुविधा है। जहाँ श्रद्धा थी, वहाँ अब दिखावा है।

सच ये है कि बाजार ने छठ को छोटा नहीं किया, उसने छठ को महँगा कर दिया है। पहले छठ गरीब का भी उतना ही था, जितना अमीर का। मिट्टी का दिया सबके पास था। अब जिसके पास पैसा है, उसका घाट ज्यादा सुंदर दिखता है।

खबरें — खास-खास



बिहार धार्मिक न्यास परिषद के अध्यक्ष रणबीर नंन के घर नहाय खाय का प्रसाद ग्रहण करते सांसद व अन्य।

औरंगाबाद के देव कार्तिक छठ मेला के आयोजन के लिए 45 लाख रुपये की स्वीकृति

सूर्य राघव मंदिर, बड़ेम, नवीनगर के कार्तिक छठ मेला के लिए 10 लाख रुपये स्वीकृत

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने औरंगाबाद जिले के प्रसिद्ध देव कार्तिक छठ मेला तथा नवीनगर प्रखंड स्थित सूर्य राघव मंदिर, बड़ेम में आयोजित होने वाले कार्तिक छठ मेला की तैयारियों और व्यवस्थाओं के लिए कुल 55 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। इसमें देव कार्तिक छठ मेला के आयोजन के लिए 45 लाख रुपये तथा सूर्य राघव मंदिर, बड़ेम के मेले के लिए 10 लाख रुपये स्वीत किए गए हैं। इस संबंध में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर सचिव अमित कुमार पांडेय की ओर से स्वीकृति आदेश जारी कर दिया गया है।



राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल।

श्रद्धालुओं को मिलेगी बेहतर सुविधाएं : राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि बिहार की सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं में छठ महापर्व का विशेष स्थान है। देव की ऐतिहासिक और धार्मिक महत्ता के कारण यहां आयोजित होने वाले कार्तिक छठ मेले में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। राज्य सरकार का प्रयास है कि श्रद्धालुओं को मेले के दौरान बेहतर सुविधाएं, सुगम आवागमन और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाए। इसके लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा : मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य सरकार धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व के आयोजनों को बेहतर स्वरूप देने के लिए प्रतिबद्ध है। देव कार्तिक छठ मेला बिहार की धार्मिक पहचान और सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। मेले के सुव्यवस्थित आयोजन से श्रद्धालुओं को सुविधा मिलने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

स्वीकृत राशि का किसी अन्य कार्य में नहीं होगा इस्तेमाल : राशि की निकासी बिहार राज्य मेला प्राधिकार के लिए निर्धारित बजटीय प्रावधान के तहत की जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि स्वीकृत राशि का किसी अन्य कार्य में विचलन नहीं किया जा सकेगा तथा इसका उपयोग निर्धारित उद्देश्य के अनुरूप ही करना अनिवार्य होगा। राशि का व्यय संबंधित अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उप समाहर्ता एवं अंचलाधिकारी के माध्यम से कराया जाएगा। इसकी संपूर्ण जवाबदेही संबंधित समाहर्ता, अपर समाहर्ता तथा निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की होगी।

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने विधायक मैथिली ठाकुर और उनके पिता को लेकर सरकार को घेरा

पटना (दैनिक नवसंदेश)। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने विधायक मैथिली ठाकुर और उनके पिता को लेकर सरकार को घेरा है। तेजस्वी ने कहा है कि जब आपराधिक प्रवृति के मुख्यमंत्री का संरक्षण प्राप्त हो तब उनके विधायक और मंत्रियों का अपराध करने का मनोबल दुगुना हो जाता है और वो आम नागरिकों के साथ साथ सरकारी जमीन कब्जाने, सरकारी अधिकारियों का मर्डर कराने, भ्रष्टाचार एवं व्यभिचार के अलावा रंगदारी, लूट और डकैती का काम और अधिक तीव गति से शुरू कर दिया है। बिहार में सरकार नाम की कोई चीज नहीं। एनडीए के विधायक ही अब जनता को लूट रहे है। भ्रष्टाचार और अपराध सभी सीमाएं तोड़ चुका है। विगत दिनों में एनडीए विधायकों द्वारा किये जा रहे जुर्म और अनैतिक कार्यो पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का क्या कहना है । भाजपा विधायक मैथिली ठाकुर और उनके पिता रमेश ठाकुर ने दरभंगा जिले के तारडीह प्रखंड की कई सौ करोड़ की सरकारी जमीन, सार्वजनिक सड़क, सामूहिक श्राद्धस्थल और निजी भूखंडों पर अवैध कब्जा किया। प्रशासन ने भी इस कब्जे की सत्यता की पुष्टि की है। बताइए भला- गर्भ में कथित जंगलराज देखने वाली विधायक अब मंगलराज में भजन गाकर सरकारी एवं ग्रामीणों की जमीन कब्जा रही है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के खासमखास प्रतिनिधि और राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के करीबी दरभंगा के पूर्व भाजपा नगर मंडल महामंत्री व दुर्दात लुटेरे विशाल महासेठ ने अपनी हथियारबंद गैंग के साथ दरभंगा में पश्चिम बंगाल के एक सर्राफा कारोबारी के ड्राइवर को गोली मारकर चांदी और नकदी लूट ली। इस भाजपाई लूट की घटना पर सम्राट चौधरी एंड गैंग के मुँह में दही जम गया। यह गैंग अभी अपराधियों की जाति खोजने और मामले से ध्यान भटकाने में व्यस्त है। बिहार में आर एस एस से जुड़े चंदन तिवारी, अभिषेक तिवारी, लालटू कुमार और सरस कुमार से कारतूस पकड़े गए है। बताया जाता है कि इस तस्करी गैंग ने कई टन बम-गोला-बारूद की भी तस्करी की है। बेलसंड से चिराग पासवान की पार्टी के एनडीए विधायक ने मुजफ्फरपुर एवं सीतामढ़ी जिलों में कई सौ करोड़ों की जमीन कब्जाई। पुलिस का ही कहना है कि ये गुर्गो की गैंग है जो रंगदारी और गरीबों की जमीन कब्जाने का काम करती है। एलजीपी आर के ही एक एनडीए विधायक का नाम रोहतास जिले के डेहरी-डालमियानगर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी की हत्या में आया। सरकारी अधिकारी की पत्नी के अनुसार कमीशन नहीं देने पर एलजीपी आर विधायक ने उनके पति की हत्या करवाई। भागलपुर में एल जोपी आर के ही एक एनडीए एनडीए विधायक ने फायरिंग कर जमीन कब्जाई। बिहार सरकार के एक मंत्री पर दिल्ली के एक पांच सितारा होटल में युवती के साथ कथित अभद्र व्यवहार और मामले को दबाने के लिए कथित लेन-देन के मामले का खुलासा एनडीए सरकार के चाल-चरित्र और चेहरे को दर्शाता है।



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी।

खड़े ट्रक से टकराई कार, कार सवार घायल

फतुहा / पटना (दैनिक नवसंदेश)। शुक्रवार को पचरुखिया थाने के सैदनपुर के पास सिक्सलेन पर एक कार खड़े ट्रक से पीछे से टकरा गई। हादसे में कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए वहीं कार सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को मसाढ़ी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका इलाज जारी है। घायल की पहचान नालंदा हिलसा निवासी घनश्याम कुमार (35 वर्ष) के रूप में हुई है।
थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि घनश्याम राजस्थान में जब करता था एवं अकेले ही कार चलाते हुए अपने घर हिलसा लौट रहा था। बिहटा-सरमेरा एसएच- 78 पर सैदनपुर के पास उसकी कार अनियंत्रित होकर पहले से खड़े एक ट्रक के पीछे से जा टकराई। हादसे में घनश्याम बुरी तरह घायल हो गया। गनीमत रही कि समय पर कार का एयरबैग खुल गया जिससे उसकी जान बच गई। फिलहाल वह खतरे से बाहर है। सूचना पर परिजन पहुंच चुके हैं, आगे की कार्रवाई की जा रही है।

व्रतधारियों ने चावल, चना के दाल और लौकी से बनी सब्जी का प्रसाद किया ग्रहण

नहाए खाए के साथ छठ महापर्व शुरू

छठी मईया के गीतो से जिले में भक्तिमय हुआ माहौल

शनिवार को महिला-पुरुष छठ व्रतधारी करेंगे खरना

रविवार को अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्ध्य अर्पित करेंगे व्रती



आरा (दैनिक नवसंदेश)। लोक आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व शुक्रवार को नहाए खाए के साथ शुरू हो गया। छठ व्रतधारियो ने सबसे पहले आम के दातुन से मुंह धोकर स्नान किया। उसके बाद भगवान भास्कर को जल देकर प्रणाम किया। तत्पश्चात चावल, चना के दाल एवं लौकी की सब्जी का प्रसाद बनाकर ग्रहण किया।

इसके बाद आस-पड़ोस के लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया। कई लोगों ने व्रतधारियों के घर जाकर नहाए-खाए का प्रसाद ग्रहण किया। शनिवार को छठ व्रतधारी खरना करेंगे। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो जाएगा। खरना के दौरान शुद्ध आटे से बनी रोटी एवं चावल, गुड़ व दूध से निर्मित खीर बनाकर प्रसाद ग्रहण करने के पश्चात चंद्रमा को नमन करने की परंपरा है। रविवार को छठ व्रतधारी नदी, तालाब, पोखर, नहर, कुआं एवं घर की छतो पर अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्ध्य अर्पित करेंगे। वहीं सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्ध्य अर्पित करने के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन हो जाएगा।

खरीदारी के लिए बाजारों में उमड़ी रही भीड़, देर रात तक होती रही खरीदारी

आरा (दैनिक नवसंदेश)। आस्था के महापर्व छठ को लेकर शुक्रवार को शहर सहित जिले के बाजारों में खरीदारी को लेकर भारी भीड़ उमड़ी रही। लोगों ने पर्व के मौके पर फल एवं पूजन सामग्री की खरीदारी की। इसके अलावे कपड़ों की दुकानों पर भी खरीदारी के लिए भारी भीड़ उमड़ी रही। लोगों ने अर्ध्य देने के लिए साड़ी, धोती, गमछा समेत अन्य कपड़ों की खरीदारी की। इसके अलावे बाजार में बांस से निर्मित दउरा एवं कलसुप की भी जमकर बिक्री हुई। कुछ लोगों ने पीतल एवं चांदी से निर्मित कलसूप की खरीदारी की। कलसूप छोटा में 120 रुपए जोडा तथा बडा में 180 रुपये जोड़ा बिका। छोटा दउरा 150 रुपये जोड़ा, मझौला दउरा 150 से 250 जोड़ा तथा बड़ा दउरा 400 जोड़ा बिका। बांस से निर्मित कलसूप 120-150 रुपये जोड़ा बिका। वही अरता-बदी 5 रुपये पीस के हिसाब से बिका।

घाटों का निरीक्षण करने पहुंचीं महापौर सफाई एवं सुरक्षा का लिया जायजा

आरा (दैनिक नवसंदेश)। महापौर इंदु देवी ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं छठ महापर्व की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान महापौर ने चंदवा सूर्य मंदिर छठ घाट, पावरगंज छठ घाट एवं जवाहर टोला छठ घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर निगम के सफाई कर्मियों एवं संबंधित अधिकारियों को सभी छठ घाटों पर विशेष सफाई अभियान चलाने तथा घाटों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने का निर्देश दिया।

इस दौरान महापौर ने छठ घाटों पर सुरक्षा के इंतजामों की भी जानकारी ली और सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, उन्होंने कहा कि छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा नगर निगम की प्राथमिकता है। छठ महापर्व को देखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं तथा घाटों पर सुरक्षा एवं व्यवस्था को लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस अवसर पर महापौर इंदु देवी ने समस्त छठ व्रतियों एवं शहरवासियों को छठ महापर्व की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने सभी छठ व्रतियों से आग्रह किया कि वे श्रद्धा, आस्था एवं पूरे हर्षोल्लास के साथ लोक आस्था के महापर्व छठ को मनाएं, उन्होंने कहा कि छठ पर्व हमारी संस्कृति, परंपरा, पवित्रता और आस्था का महान पर्व है। निरीक्षण के दौरान वार्ड संख्या-14 के पार्षद महेंद्र गुप्ता, वार्ड संख्या-40 के पार्षद राजीव कुमार उर्फ गुड्डू, वार्ड संख्या-45 के पार्षद तिलक पासवान, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के बिहार प्रदेश सह-संयोजक सह मेयर प्रतिनिधि आलोक अंजन उर्फ छोटे, भाजयुमो के जिला महामंत्री आदित्य सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग एवं काफी संख्या में सम्मानित नागरिक उपस्थित रहें।

छठ महापर्व का आगाज, घरों से बाजारों तक छाई पर्व की रौनक



नहाय-खाय का अनुष्ठान करते छठव्रती।

सहार (दैनिक नवसंदेश)। लोक आस्था, पवित्रता और सूर्य उपासना का महापर्व छठ शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ पूरे श्रद्धा और भक्तिभाव से शुरू हो गया. चार दिनों तक चलने वाले इस महाअनुष्ठान के आगाज के साथ ही पूरे क्षेत्र में छठ की रौनक छा गयी है।

सुबह से ही घरों में साफ-सफाई, पूजा की तैयारियों और छठ गीतों की गूंज सुनाई देने लगी. व्रतियों ने स्नान कर भगवान सूर्य और छठी मैया का स्मरण किया. इसके बाद परंपरा के अनुसार अरवा चावल, चने की दाल और कद्दू की सात्विक सब्जी का प्रसाद ग्रहण कर व्रत का विधिवत शुभारंभ किया. नहाय-खाय के साथ ही घरों में छठ पूजा से जुड़े नियमों और परंपराओं का पालन शुरू हो गया है।

छठ अनुष्ठान के दूसरे दिन शनिवार को खरना होगा। इस दिन व्रती पूरे दिन उपवास रखेंगे. शाम को स्नान कर भगवान सूर्य और छठी मैया की पूजा-अर्चना करने के बाद गुड़ की खीर और रोटी का प्रसाद तैयार किया जायेगा। पूजा के बाद व्रती प्रसाद ग्रहण करेंगे और परिवार के सदस्यों तथा आसपास के लोगों के बीच भी प्रसाद वितरित किया जायेगा। खरना के साथ ही व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जायेगा। इसके बाद रविवार को महापर्व के तीसरे दिन व्रती नदी, तालाब और अन्य जलाशयों में पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित करेंगे। इस दौरान घाटों पर छठी मैया के गीतों और भगवान सूर्य के जयघोष से वातावरण भक्तिमय होगा।

संक्षिप्त खबरें

डॉ. विकास ने ऑपरेशन कर बचाई गोली से जख्मी युवक की जान

आरा (दैनिक नवसंदेश)। गजराजगंज ओपी के बामपाली गांव के समीप गुरुवार को अपराधियों की गोली से जख्मी युवक का इलाज शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल में कराया गया। जहां चिकित्सक डॉ. विकास सिंह ने जख्मी



का ऑपरेशन कर जान बचाई। चिकित्सक डॉ. विकास ने बताया कि गोली से जख्मी धोबहा थाना क्षेत्र के देवड़ी गांव निवासी रामावतार सिंह का 22 वर्षीय पुत्र युवराज सिंह है। उसे दो गोली लगी थी। एक गोली उसके पीठ में एवं दूसरी गोली कमर के निचले हिस्से पर लगी थी। जख्मी का ऑपरेशन कर गोली निकाल दिया गया एवं उसके डैमेज पार्ट को रिपेयर कर दिया गया। मरीज की हालत स्थिर है। हालांकि उसे ऑब्जर्वेशन में रखा गया है।

करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

आरा (दैनिक नवसंदेश)। जगदीशपुर थाना क्षेत्र के देवकी सिंह के टोला गांव में शुक्रवार की सुबह करंट की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हो गई। मृतक जगदीशपुर थाना क्षेत्र के देवकी सिंह के टोला वार्ड नंबर-15 निवासी स्व. राम नगीना सिंह के 42 वर्षीय पुत्र राजीव नयन है। वह ऑटो चालक थे। मृतक के बड़े भाई हरेंद्र सिंह ने बताया कि वह सुबह करीब आठ बजे शौच के लिए बधार की ओर जा रहे थे। रास्ते में पानी भरने के दौरान करंट की चपेट में आ गए और घायल होकर जमीन पर गिरकर बेहोश हो गए। इलाज के लिए जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया।

ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

आरा (दैनिक नवसंदेश)। कौड़िया हाल्ट के समीप पश्चिम साइड अप लाइन पर गुरुवार की शाम ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। मृतक गजराजगंज ओपी क्षेत्र के छोटी सासाराम गांव निवासी सुदर्शन मुसहर का 38 वर्षीय पुत्र बुटन मुसहर है। परिजन द्वारा बताया गया कि वह रोज की तरह गुरुवार की सुबह भी पैसेंजर ट्रेन द्वारा आरा मजदूरी करने गया था। शाम में जब वह मजदूरी कर वापस लौट रहा था। उसी दौरान कौड़िया हाल्ट के पश्चिम साइड ट्रेन से गिर पड़ा। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक के परिवार में पत्नी रामवती देवी व दो पुत्री दुखनी कुमारी, पुष्पी कुमारी एवं में पुत्र परमल कुमार है।

अज्ञात वाहन ने सड़क किनारे जा रहे अधेड़ को रौंदा, मौत, शाहपुर थाना के ईटवा गांव की घटना

आरा (दैनिक नवसंदेश)। आरा-बक्सर फोरलेन पर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के ईटवा गांव के समीप शुक्रवार की अहले सुबह अज्ञात वाहन ने सड़क किनारे जा रहे अधेड़ को रौंद दिया। हादसे में उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। ६ मृतक शाहपुर थाना क्षेत्र के रानीसागर गांव निवासी स्व. चनर पासवान के 54 वर्षीय पुत्र सुदामा प्रसाद उर्फ सुदामा पासवान है। दूरभाष पर मृतक के परिजन ने बताया कि वह शुक्रवार की अहले सुबह फोरलेन पर टहलने निकले थे। उसी दौरान इटवा गांव के समीप अज्ञात वाहन ने उन्हें रौंद दिया। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। तब स्थानीय लोगों द्वारा सूचना पाकर स्थानीय थाना एवं मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे।पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक के परिवार में पत्नी प्रभावती देवी, पांच पुत्र आजाद, राजू, गांधी, भीम, अर्जुन व तीन पुत्री दौलतो, सोनी एवं शीला है।

पूजा स्थलों पर स्वास्थ्य व्यवस्था की मांग

चरपोखरी (दैनिक नवसंदेश)। प्रखण्ड के सियाडीह पंचायत के मुखिया लालमुक्ति पासवान ने चरपोखरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को पत्र लिखकर महापर्व छठ के अवसर पर पंचायत के विभिन्न गॉवों में अवस्थित छठ घाटों पर चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि सियाडीह, चरपोखरी, बरनी, कथराई और बगुसरा के छठ घाटों पर बड़ी संख्या में अपने पूरे परिवार के साथ व्रतधारी अर्घ्य देने पहुंचते हैं। पर्व के दौरान किसी भी आपात स्थिति या दुर्घटना से निपटने के लिए घाटों पर चिकित्सक, एएनएम, एम्बुलेंस और आवश्यक दवाओं की व्यवस्था कराने की मांग किया गया है।

80 लीटर देसी शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार

कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। चांदी थाना पुलिस ने 80 लीटर देसी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान चांदी गांव निवासी मनु कुमार, पिता सोहावन चौहान के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष सुनित कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने चांदी गांव के समीप आरोपित को 80 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।

डॉ पीसी की 22वीं स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ संपन्न

शिक्षा, रोजगार एवं सामाजिक सेवा को नया आयाम



आरा (दैनिक नवसंदेश)। स्थानीय महादेवा रोड स्थित मालती तकनीकी एवं सामाजिक कल्याण संस्थान द्वारा संचालित डॉ पीसी निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का 22वाँ स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर श्रीमती इंदु देवी, जिला नियोजन पदाधिकारी प्रणव प्रतीक, पद्मश्री डॉ. भीम सिंह भवेश, आलोक अंजन, विभु जैन तथा संस्थान की एमडी श्रीमती मालती गुप्ता, सचिव सत्यप्रकाश एवं निदेशक डॉ. विकास कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत अतिथियों द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

महापौर श्रीमती इंदु देवी ने कहा कि डॉ पीसी ऐसी संस्था है, जो पूरे भोजपुर में निःशुल्क कंप्यूटर शिक्षा प्रदान कर समाज के आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद बच्चों को आगे बढ़ने का अवसर दे रही है। संस्था केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि युवाओं को रोजगार से जोड़ने का भी सराहनीय कार्य कर रही है। जिला नियोजन पदाधिकारी प्रणव प्रतीक ने कहा कि यह संस्था जिले की एक ऐसी प्रशिक्षण केंद्र है जो अपनी उच्चतम क्वालिटी के लिए जानी जाती है और यह कभी भी अपने प्रशिक्षण के गुणवत्ता से समझौता नहीं करते हैं।

उन्होंने आगामी 25 नवंबर को नियोजन भवन में आयोजित होने वाले रोजगार मेले की जानकारी दी। पद्मश्री सम्मानित डॉ. भीम सिंह भवेश ने कहा कि यह संस्थान करीब ढाई दशक से कंप्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किया है। यह संस्था शिक्षा के साथ-साथ रोजगार एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। संस्थान के सचिव सत्यप्रकाश ने कहा कि आप सभी विद्यार्थी ही हमारी सबसे बड़ी ताकत और पहचान हैं। हमारा उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर आत्मनिर्भर बनाना रहा है। संस्थान के निदेशक डॉ. विकास कुमार ने घोषणा की कि आगामी 25 से 28 नवंबर तक नागरिक प्रचारणी, आरा में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में सरकारी एवं निजी क्षेत्र में बेहतर नौकरी प्राप्त करने वाले संस्थान के पूर्व छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा।

संस्थान की एमडी श्रीमती मालती गुप्ता ने सभी छात्र-छात्राओं को जीवन में निरंतर आगे बढ़ने, मेहनत करने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एसटीएससी थानाध्यक्ष बिकाऊ राम, पर्यावरण प्रेमी, आनंद कुमार, महेंद्र, किशन किशोर यादव, आदित्य सिंह, अंकुर आनंद, मुकेश सिंह जैतेश, राहुल सरकार संस्थान के वैभव, दुर्गावती, अर्पिता, मृगांशी, रोहित, आशा,रोहित ठाकुर, अमन, प्रमोद एवं अरिहंत सहित अन्य शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नर्स ने किया महिला मरीज के साथ दुर्व्यवहार



अगिआंव (दैनिक नवसंदेश)। अगिआंव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नर्सों द्वारा महिला मरीज के साथ दुर्व्यवहार किए जाने का मामला प्रकाश में है। मनमानी बीएससी के द्वारा चयनित स्टाफ नर्स प्रताप परिसर में अफसर साहब दिख रहे हैं। सात महीने के गर्भवती महिला को बेड पर बैठने से रूम से बाहर निकाल दिया गया। जिसका लिखित आवेदन चिकित्सा पदाधिकारी अगिआंव को गर्भवती महिला के पति के द्वारा दिया गया। दिए गए आवेदन के अनुसार अस्पताल में एएनएम रेखा जांच करवाना था। गर्भवती महिला को पेन हो रहा था। इसलिए वह अस्पताल परिसर में गई थी।

एएनएम ने कहा स्टाफ रूम में बैठिए हम आकर देखते हैं इसके बाद करिश्मा कुमारी जाकर बैठ वहां मौजूद जीएनएम स्टाफ उसको बाहर निकलने लगी उसे पर उसने बताया कि मेरा प्रेगनेंसी है और मैं अपने मन से यहां नहीं आई हूं मुझे रेखा मैडम नेहा भेजा है। वह आशा फैसिलिटेटर प्रीति देवी एवं जिला अध्यक्ष भोजपुर राणा प्रताप सिंह की बहन भी है। उन्होंने अपना परिचय भी बताया मैं गर्भवती महिला भी हूं उसके बावजूद रीमा कुमारी एक और जिनका नाम अस्पताल परिसर में नहीं किसी ने बताया उनके द्वारा वहां से निकाल दिया गया। उसके करिश्मा कुमारी के द्वारा कहा गया कि जब आप सीनियर है तो आप ही देख लीजिए तो उन्होंने देखा भी नहीं कि मैं अभी नहीं देखूंगी मुझे नहीं देखना है अस्पताल में पूजा नहीं मिला ऊपर जाने पर आधार आईडी मांगा गया तो हमारा आईडी कहां से दें जवाब आईडी हमको लिखकर नीचे से नहीं मिला तो भी नहीं मिला एक छोटा सा पेपर पर सिर्फ नाम और दवा लिख दिया गया कहां गया कि प्रिंटर एक महीना से खराब है।

स्कार्पियो ने बाइक सवार फाइनेंस कर्मी को रौंदा, आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर किया रोड जाम

आरा (दैनिक नवसंदेश)। आरा-सासाराम में स्टेट हाईवे पर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के दुलारपुर लाइन होटल के समीप गुरुवार की देर स्कॉर्पियो में बाइक सवार फाइनेंस कर्मी को रौंद दिया। हादसे में उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं घटना के बाद चालक स्कॉर्पियो लेकर मौके से फरार हो गया। घटना को लेकर आसपास की इलाके में अफरा-तफरी मची रही। घटना के बाद मृतक के परिजन एवं स्थानीय ग्रामीण का आक्रोश भड़क उठा। जिसके बाद मुआवजे की मांग को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने दुलारपुर स्थित लाइन होटल के समीप शव को सड़क पर रख जाम कर दिया। उनके द्वारा करीब दो घंटे तक सड़क को जाम रखा गया। इसके कारण सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई एवं आवागमन पूरी तरह ठप्प रहा। सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची तथा काफी मशक्कत करने के बाद लोगों को समझा-बुझाकर जाम को हटाया। इसके पश्चात पुलिस में शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। जानकारी के अनुसार मृतक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के कसाप गांव निवासी संजय कुमार सिंह का 29 वर्षीय पुत्र कुणाल सिंह है। वह पेशे से फाइनेंस कर्मी था। आरा के फाइनेंस कंपनी में सेल्समैन का काम करता था। इधर, दूरभाष पर मृतक के परिजन राजू सिंह ने बताया कि वह गुरुवार की देर शाम तक तगादा कर बाइक द्वारा पीरो की ओर से आरा ऑफिस लौट रहा था। उसी दौरान दुलारपुर स्थित लाइन होटल के समीप स्कॉर्पियो में उसे रौंद दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर स्थानीय थाना एवं परिजन घटनास्थल पर पहुंचे।

नालंदा निवासी महिला की गला दबाकर हत्या पति पर हत्या करने का लगाया जा रहा आरोप

आरा (दैनिक नवसंदेश)। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के श्रीनगर भकुरा गांव स्थित चिमनी भट्ठा पर शुक्रवार की तड़के नालंदा निवासी एक महिला की गला दबाकर हत्या कर दी गई। मृतका के गले पर निशान पाया गया। मृतका मूल रूप से नालंदा जिला निवासी दिनेश चौहान की 35 वर्षीया पत्नी सुहागिया देवी है। वह कुछ दिनों से भकुरा गांव स्थित चिमनी भट्ठा पर अपने पति के साथ रहकर काम करती थी। उसके साथ काम कर रहे नालंदा के भरत चौहान ने बताया कि वह अपने पति दिनेश चौहान के साथ 31 अक्टूबर को काम करने के लिए आई थी। शुक्रवार की सुबह साढ़े आठ बजे तक वह नहीं उठी थी और उसके कमरे का दरवाजा आगे से बंद दिया, तो उन्होंने इसकी जानकारी भट्ठा मालिक एवं स्थानीय थाना को दी। पुलिस वहां पहुंची और और उसके कमरे का दरवाजा खोला तो, देखा कि वह मृत अवस्था में जमीन पर पड़ी थी और उसका पति मौके से फरार था। थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि एफएसएल की टीम घटनास्थल पर जांच किया गया है। प्रथम दृष्टिया गला दबाकर उसकी हत्या करने प्रतीत हो रहा है।

संपत्ति विवाद में छोटे भाई को मारा चाकू जख्मी

आरा (दैनिक नवसंदेश)। जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बभनियांव गांव में शुक्रवार की सुबह संपत्ति विवाद में भाई ने छोटे भाई को चाकू मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां से उसे पटना रेफर कर दिया गया। जख्मी जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बभनियांव गांव निवासी ललित यादव का 22 वर्षीय पुत्र राजेश कुमार है। इधर, जख्मी के परिजन ने बताया कि अभी भाइयों के बीच जमीन का बंटवारा नहीं हुआ है, लेकिन उसके बड़े भाई चंद्रमा यादव को रहने के लिए एक रूम दिया गया है। शुक्रवार की सुबह वह कह रहा था कि पूरा घर मुझे दे दो। इसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हुई। इसके बाद चंद्रमा यादव द्वारा छोटे भाई राजेश यादव को चाकू मार दी गई। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। तब परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल रह गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष आशीष कुमार साह ने बताया कि दो दिन पूर्व भी दोनों भाइयों के बीच झगड़ा हुआ था।। शुक्रवार की सुबह भी इस बात को लेकर झगड़ा हो गया। तभी उसके बड़े भाई चंद्रमा यादव द्वारा उसे चाकू मार दी गई।

छठ के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट घाट में भास्कर महोत्सव का हुआ आगाज

जिला पदाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ



आरा (दैनिक नवसंदेश)। छठ महापर्व के पावन अवसर पर आज दिनांक 13 नवम्बर 2026 को कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार के तत्वावधान में कलेक्ट्रेट घाट, आरा में भव्य भास्कर महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी, भोजपुर मनेश कुमार मीणा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न संगीतकारों एवं कलाकारों द्वारा रंगारंग सांगीतिक प्रस्तुतियां दी गईं। कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से भगवान भास्कर की महिमा एवं छठ महापर्व की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक महत्ता को प्रस्तुत किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्तिमय एवं उल्लासपूर्ण वातावरण बना रहा। भास्कर महोत्सव के आयोजन का उद्देश्य छठ महापर्व की समृद्ध लोक परंपरा, सांस्कृतिक विरासत एवं धार्मिक आस्था को प्रोत्साहित करना तथा लोक संस्कृति को जनमानस तक पहुंचाना है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, भोजपुर, सहायक समाहर्ता, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सहित अन्य वरीय पदाधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

चार दिवसीय छठ पूजा का अनुष्ठान करेंगे सांसद डा गोपाल जी ठाकुर



दरभंगा (एनएसबी)। चार दिवसीय सूयोर्पासना के महापर्व छठ पूजा में स्थानीय सांसद डा गोपाल जी ठाकुर बिरौल प्रखंड के पड़री गांव स्थित अपने पैतृक आवास पर अनुष्ठान करेंगे तथा व्रत रखेंगे। सांसद डॉ ठाकुर के निजी सचिव मनीष ठाकुर ने इस संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि सांसद डा ठाकुर शुक्रवार 13 नवम्बर को देर संध्या अपने गांव पहुंचेंगे तथा नहाय खाए के साथ अनुष्ठान की शुरूआत करेंगे। सांसद डॉ ठाकुर के सचिव के अनुसार 14 नवंबर शनिवार को खरना व्रत रखकर महाप्रसाद ग्रहण करेंगे एवं स्थानीय श्रद्धालुओं के महाप्रसाद के बीच वितरण भी करेंगे। सांसद के सचिव ने बताया कि छठ पूजा के तीसरे दिन रविवार को गांव के सतीस्थान स्थित तालाव में खड़ा होकर अस्तलगामी सूर्य तथा चौथे दिन सोमवार को प्रातःकालीन सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर अनुष्ठान का समापन करेंगे। सांसद के सचिव के अनुसार सांसद डा ठाकुर पिछले 16 सालों से सूयोर्पासना का चार दिवसीय अनुष्ठान करते आए हैं।

पथ निर्माण मंत्री सह प्रभारी मंत्री, दरभंगा ने छठ महापर्व की तैयारियों का लिया जायजा

दरभंगा (एनएसबी)। छठ महापर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा पर्व के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर मंत्री, पथ निर्माण विभाग, बिहार सरकार सह प्रभारी मंत्री, दरभंगा ई. कुमार शैलेन्द्र द्वारा जिले के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में मंत्री ने शहर के प्रमुख छठ घाटों में शामिल के.एम. टैंक पोखर, हराही पोखर, गंगासागर पोखर एवं दिग्घी स्थित म्यूजियम घाट का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने छठ महापर्व को लेकर घाटों पर की जा रही तैयारियों एवं उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के अवसर पर जिला पदाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रड्डी जल रड्डी, नगर आयुक्त गरिमा लोहिया, सहायक समाहर्ता कल्पना रावत सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।



निरीक्षण करते मंत्री।

विभिन्न छठ घाटों का किया निरीक्षण

शिक्षकों के स्थानांतरण सूची का अंतिम रूप प्रदान करने हेतु बैठक का आयोजन

दरभंगा (एनएसबी)। बिहार राज्य शिक्षक स्थानान्तरण नियमावली, 2026 एवं उक्त नियमावली के आलोक में निर्गत अनुवर्ती निदेश में वर्णित प्रावधानों के आलोक में जिला के अंदर स्थानान्तरण हेतु शिक्षकों से प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों के आधार पर जिला पदाधिकारी, दरभंगा की अध्यक्षता में दिनांक - 09/09/2026 को जिला स्थापना समिति की सम्पन्न बैठक में 1341 शिक्षकों को औपबंधिक रूप से विद्यालय आवंटित किया गया था। औपबंधिक सूची के प्रकाशन के उपरांत ऑनलाइन कुल- 216 आपत्ति प्राप्त हुई,जिसे समिति द्वारा समीक्षोपरांत सही पाये गये आपत्तियों का निराकरण के उपरांत स्थानांतरण सूची का अंतिम रूप प्रदान करने हेतु जिला पदाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति की बैठक सम्पन्न हुई। शिक्षकों से जिला के अंदर स्थानान्तरण हेतु प्राप्त आवेदन एवं आपत्तियों, निर्धारित पात्रता, स्थानांतरण अंक, उपलब्ध रिक्तियों एवं शिक्षकों द्वारा दिये गये विकल्पों के आधार पर ई-शिक्षाकोष पोर्टल के माध्यम से विद्यालय आवंटन की कार्रवाई करते हुए स्थानांतरण सूची को अंतिम रूप प्रदान किया गया है। जिला के अंदर स्थानान्तरण हेतु शिक्षकों से प्राप्त कुल 3244 आवेदनों के आधार पर 1336 शिक्षकों को अंतिम रूप से विद्यालय आवंटित किया गया एवं शेष 1908 शिक्षकों को विद्यालय आवंटित नहीं हो सका।

लड़की का प्राइवेट फोटो वायरल करने के मामले में एक गिरफ्तार

दरभंगा (एनएसबी)। साइबर थाना की पुलिस ने लड़की का प्राइवेट फोटो वायरल करने के मामले में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान बिरौल थाना क्षेत्र के सुपौल गांव के रहने वाले मदन सहनी के रूप में हुई है। पिछले कई महीनो से एक लड़की का प्राइवेट फोटो वायरल कर रहा था और शादी करने के लिए दवाब बना रहा था। बार-बार मना करने के बावजूद युवक मदन सहनी इंटरनेट मीडिया पर फोटो वायरल कर रहा था वही व्हाट्सएप पर फोटो भेज कर शादी करने का दवाब बना रहा था। साइबर थानाध्यक्ष सह डीएसपी विपिन बिहारी ने बताया कि मामले के गंभीरता को देखते हुए थाना कांड संख्या 70/26 इंस्पेक्टर अनिल कुमार को अनुसंधानक बनाया गया था। मोबाइल लोकेशन के आधार पर मंथन सहनी को कटिहार जिला के कोढ़ा गांव से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज होने के बाद से वह फरार हो गया था। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

48 घंटे के अंदर बच्ची की बरामदगी नहीं हुई तो होगा आंदोलन

बिरौल (एनएसबी)। विगत 7 नवंबर को बिरौल के सुपौल बाजार से गायब हुई तीन नाबालिग बच्चियों का अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। मिथिला स्टूडेंट यूनियन के प्रदेश सचिव नवीन सहनी जी अपने साथियों के साथ पीड़ित परिवार से मुलाकात की और उन्होंने बताया कि घटना को घटित हुए 7 दिन हो गए हैं लेकिन प्रशासन के द्वारा अभी तक किसी भी तरह की सुराग का न मिल पाना कानून व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करने के साथ साथ बिरौल पुलिस प्रशासन की घोर लापरवाही को उजागर करती है साथ ही उन्होंने स्थानीय विधायक और सांसद को भी जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि स्थानीय विधायक सुजीत सिंह और सांसद गोपालजी ठाकुर के द्वारा अभी तक पीड़ित परिवार से न मिलना और किसी भी तरह की सकारात्मक पहल न करना क्षेत्र के लोगों के प्रति उनकी हीन भावना को दशार्ती है। साथ ही उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि 48 घंटे के अंदर अगर बिरौल पुलिस द्वारा किसी भी तरह की सकारात्मक पहल नहीं हुई तो मिथिला स्टूडेंट यूनियन उग्र आंदोलन हेतु बाध्य होगी।।मौके पर सत्यम सिंह, रौनक सिंह, एम पी यादव, विवेक सिंह आदि मौजूद थे।



पीड़ित परिवार से मिलते एमएससीयू के सदस्य

नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ चार दिवसीय छठ महापर्व

अलीनगर। चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ शुक्रवार, 13 नवंबर को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। पर्व को लेकर क्षेत्र के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। छठ पूजा की सामग्री खरीदने के लिए बाजारों में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। अलीनगर एवं पकड़ी चौक हाट में बांस से बने छिट्टा, कोनियां सहित अन्य पूजन सामग्रियों की खरीदारी के लिए विशेष रूप से महिलाओं की भीड़ देखी जा रही है। वहीं, छठ पर्व को लेकर गांवों में तालाब, नदी एवं नहरों के घाटों की साफ-सफाई में युवा जुटे हुए हैं। प्रशासन भी घाटों पर सुरक्षा एवं सुविधाओं की व्यवस्था को लेकर सक्रिय है। बीडीओ ललित कुमार मिश्रा एवं थानाध्यक्ष रंजीत शर्मा विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर समस्याओं का जायजा ले रहे हैं।

आमजनों की सुरक्षा अपराध नियंत्रण और तस्करी माफियागिरी पर 'जीरो टॉलरेंस' की नीति सख्ती से लागू रहेगी : नैयर हसनैन खान

बीएसएपी के एडीजी नैय्यर हसनैन खान पहुंचे मुजफ्फरपुर, पुलिस के आला अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर दिए कई महत्वपूर्ण निर्देश

मुजफ्फरपुर/कांटी(एनएसबी)। ।(बिहार पुलिस के बीएसएपी एडीजी व जिले के नोडल प्रभारी नैय्यर हसनैन खान शुक्रवार को मुजफ्फरपुर पहुंचे। उन्होंने एसएसपी कार्यालय में प्रभारी डीआईजी, एसएसपी और जिले के तमाम वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ घंटों लंबी समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद देर शाम उन्होंने एसडीपीओ पश्चमी वन व सरैया एसडीपीओ ऑफिस का औचक निरीक्षण भी किया एवं कई आवश्यक आदेश भी दिया। मीडिया को संबोधित करते हुए एडीजी नैय्यर हसनैन खान ने कहा कि बैठक में अपराध नियंत्रण, मामलों के त्वरित निष्पादन, अनुसंधान और सक्रिय अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान की समीक्षा की गई है साथ ही आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस को अभी से तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि विधि-व्यवस्था बनी रहे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सभी पर्व संपन्न हों। एडीजी ने महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ होने वाले अपराधों पर कड़ी चिंता व्यक्त करते हुए मुजफ्फरपुर पुलिस को तत्काल कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की स्कूल, कॉलेज, कोचिंग संस्थानों और भीड़भाड़ वाले संवेदनशील इलाकों (हॉटस्पॉट) को चिह्नित किया जाए। इन क्षेत्रों में विजिबल (दृश्य) और इनविजिबल (समान्य वेशभूषा में) दोनों तरह की पुलिसिंग तैनात की जाए। गश्ती और चेकिंग के लिए सर्विलांस व आधुनिक टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल हो। रात, सुबह और दोपहर के समय प्रभावी पेट्रोलिंग सुनिश्चित की जाए तथा जिले की सीमाओं और प्रवेश मार्गों पर कड़ी नाकाबंदी रहे। राज्य सरकार और पुलिस मुख्यालय की प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराध पर 'जीरो टॉलरेंस' की नीति लागू रहेगी। भू-माफिया, संगठित अपराध में शामिल तत्वों और उन्हें संरक्षण देने वाले सफेदपोशों को बेनकाब कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा साइबर धोखाधड़ी, अफवाह फैलाने और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

एडीजी नैय्यर हसनैन खान ने एसडीपीओ पश्चिम वन व सरैया एसडीपीओ ऑफिस का किया निरीक्षण, दिया कई आवश्यक निर्देश

पुलिसिंग के स्तर को बेहतर बनाने के लिए थाना, अनुमंडल और जिला स्तर पर केसेस के निष्पादन और ट्रायल का टारगेट फिक्स किया जाएगा। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रों में सुधार हुआ है, लेकिन जहां शिथिलता पाई जाएगी, वहां ढीले-ढाले अधिकारियों पर कार्रवाई होगी। एडीजी नैय्यर हसनैन खान ने एसएसपी को निर्देश दिए कि पुलिस की छवि जनता के बीच बेदाग होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी पुलिस पदाधिकारी के खिलाफ शिकायत मिलने पर जांच होगी और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अच्छा काम करने वाले अधिकारियों को पुरस्कृत किया जाएगा, जबकि अनुशासनहीनता और गलत आचरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर प्रभारी डीआईजी, मुजफ्फरपुर एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा, सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर, एसडीओपी पश्चिमी वन सुचित्रा कुमारी, सरैया एसडीपीओ अभिजीत कौर समेत कई पुलिस के अधिकारियों उपस्थित थे।

बिहार के नवगठित उच्च शिक्षा विभाग के सचिव पद पर पदस्थापना नहीं होना गंभीर प्रशासनिक चिंता का विषय

दरभंगा (एनएसबी)। बिहार सरकार के नवगठित उच्च शिक्षा विभाग के सचिव राजीव रौशन, भा.प्र.से. का सचिव, शिक्षा विभाग के पद पर स्थानांतरण किए जाने के बाद उच्च शिक्षा विभाग के सचिव पद पर किसी अन्य पदाधिकारी की पदस्थापना अथवा अतिरिक्त प्रभार सौंपे जाने का उल्लेख कार्यालय आदेश संख्या 2303, दिनांक 12.11.2026 में नहीं किया गया है। इस परिस्थिति में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव का पद रिक्त प्रतीत होना राज्य की उच्च शिक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से एक गंभीर प्रशासनिक एवं नीतिगत प्रश्न खड़ा करता है।

उल्लेखनीय है कि बिहार में उच्च शिक्षा के स्वतंत्र एवं प्रभावी संचालन, विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से संबंधित प्रशासनिक कार्यों के बेहतर समन्वय तथा उच्च शिक्षा के विकास को गति प्रदान करने के उद्देश्य से अलग उच्च शिक्षा विभाग का गठन किया गया है। ऐसे महत्वपूर्ण विभाग में सचिव स्तर पर पद रिक्त रहना न केवल विभागीय प्रशासनिक व्यवस्था के लिए चिंताजनक है, बल्कि इससे राज्य के सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं उच्च शिक्षा से संबंधित संस्थानों के कार्यों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है।सचिव विभाग का प्रमुख प्रशासनिक पदाधिकारी होता है, जिसके माध्यम से विभागीय नीतिगत निर्णयों, प्रशासनिक अनुमोदनों, वित्तीय मामलों, विश्वविद्यालयों से संबंधित महत्वपूर्ण प्रस्तावों तथा विभिन्न लंबित मामलों का निष्पादन सुनिश्चित किया जाता है। ऐसी स्थिति में सचिव की अनुपस्थिति से विभागीय निर्णय प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है तथा विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण कार्यों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब एवं प्रशासनिक बाधाएँ उत्पन्न हो सकती हैं। इस संदर्भ में राज्य सरकार एवं सक्षम प्राधिकार की प्रशासनिक प्राथमिकताओं तथा जवाबदेही पर स्वाभाविक रूप से प्रश्न उठता है कि आखिर इतने महत्वपूर्ण एवं नवगठित विभाग के सचिव पद पर समय रहते किसी अन्य सक्षम पदाधिकारी की पदस्थापना अथवा अतिरिक्त प्रभार की व्यवस्था क्यों नहीं की गई? क्या उच्च शिक्षा विभाग के स्वतंत्र एवं प्रभावी संचालन को अपेक्षित प्राथमिकता दी जा रही है? साथ ही, यह भी विचारणीय है कि कहीं ऐसी प्रशासनिक व्यवस्था नवगठित उच्च शिक्षा विभाग के स्वतंत्र अस्तित्व, कार्यक्षमता एवं प्रशासनिक स्वायत्तता को धीरे-धीरे कमजोर करने का कारण तो नहीं बन रही है? बिहार में उच्च शिक्षा का दायरा राज्य के सभी विश्वविद्यालयों, अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों, तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षण संस्थानों तथा लाखों विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य से जुड़ा हुआ है। ऐसे में उच्च शिक्षा विभाग को नेतृत्वविहीन अथवा प्रभावी प्रशासनिक व्यवस्था के अभाव में छोड़ना राज्य की उच्च शिक्षा व्यवस्था के हित में उचित नहीं माना जा सकता।

संजय कुमार झा की पहल से जरूरतमंद परिवार को मिली बड़ी राहत की उम्मीद : ललिता झा

दरभंगा (एनएसबी)। जनता दल (यूनाइटेड) की वरिष्ठ नेत्री एवं पूर्व उपाध्यक्ष, जिला परिषद दरभंगा ललिता झा ने जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा के जनसेवा के प्रति समर्पण और संवेदनशील पहल की सराहना की है।

उन्होंने कहा कि संजय कुमार झा जी ने एक बार फिर साबित किया है कि एक सच्चा जनप्रतिनिधि वही होता है, जो आम लोगों की पीड़ा को समझे और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करे।

ललिता झा ने बताया कि बिहार के एक जरूरतमंद परिवार के बच्चे के उपचार से जुड़े गंभीर मामले को संजय कुमार झा जी ने गंभीरता से उठाया। इस संबंध में उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से पहल की, जिसके परिणामस्वरूप 31 अक्टूबर 2026 को केंद्रीय मंत्री द्वारा पत्र के माध्यम से उपचार में आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि दुर्लभ बीमारी से पीड़ित बच्चों के उपचार के लिए केंद्र सरकार की योजनाओं के अंतर्गत आर्थिक सहायता और बेहतर चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़ी राहत है।ललिता झा ने कहा कि संजय कुमार झा जी की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे पद की गरिमा के साथ-साथ मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक जिम्मेदारियों को भी प्राथमिकता देते हैं। जरूरतमंदों की आवाज बनना और उनकी मदद के लिए लगातार प्रयास करना उनके जनसेवी व्यक्तित्व को दशार्ता है। राजनीति का वास्तविक उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। संजय कुमार झा इसी भावना के साथ जनसेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय हैं। ललिता झा ने इस मानवीय पहल के लिए संजय कुमार झा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका जनसेवा के प्रति समर्पण और संवेदनशील नेतृत्व हम सभी के लिए प्रेरणादायक है।



संजय झा, ललिता झा एवं अन्य।

जनसेवा और संवेदनशील नेतृत्व का परिचय दे रहे हैं संजय कुमार झा

संसार की तपस्या एक तरफ और छठ की उपासना एक तरफ

बेनीपुर (एनएसबी)। छठी महारानी की महिमा अद्भुत है। शंकराचार्य महाभाग कहते हैं कि संसार की तपस्या एक तरफ और छठ की उपासना एक तरफ है। यह व्रत अत्यंत कठोरतापूर्वक संपादित किया जाता है। चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व प्रकृति पूजा एवं प्रत्यक्ष देवता सूर्य उपासना का पर्व है। छठी मैया सूर्य भगवान की मानस बहिन हैं।छठ पूजा की अनेकों कथाओं में एक महत्वपूर्ण कथा इस प्रकार है। सतयुग में मनु महाराज के दो संतान हुए। ज्येष्ठ प्रियव्रत एवं दूसरे उत्तानपाद। प्रजा पालन हेतु छोटे भाई उत्तानपाद गद्दी पर बैठे। परंतु ब्रह्माजी के कहने पर प्रियव्रत गद्दीनशीन हुए। प्रियव्रत के विवाहोपरांत रानी के गर्भ से एक मृत बालक का जन्म हुआ। मृत संतान को देखकर परिवार, रनिवास, राजभवन एवं प्रजा में हाहाकार मच गया। मृत बच्चे को गोद में लेकर नदी के तट पर माटी में गाड़ने के लिए राजपरिवार पहुंचा। कारण, इक्कीस माह के बच्चे का अग्नि-संस्कार नहीं होता है। इक्कीस वर्ष के बच्चे को माटी में गाड़ा जाता है। बच्चे को माटी में गाड़ने के समय एवं राजा-रानी के करुण क्रंदन-विलाप को देखकर भगवती जगदम्बा जगतजननी षष्ठी महारानी प्रकट हुई। षष्ठी शब्द से ही छठ बना है। भगवती ने कहा कि यदि आप विधानपूर्वक मेरी पूजा-उपासना करने का वचन दें, तो बच्चे को जीवित कर दूंगी। भगवती के वचन सुनकर प्रियव्रत ने कहा कि मेरा अहोभाग्य है जो आपकी आराधना करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। पूजा-उपासना का विधान बताइए जिससे श्रद्धापूर्वक व्रत पालन कर सकूं।षष्ठी देवी ने कहा, कार्तिक माह की षष्ठी तिथि को जो कोई जल में खड़े होकर विविध व्यंजन-पकवान द्वारा मेरी उपासना करेगा, सपरिवार उत्सव मनाएगा, सायंकाल-प्रातःकाल सूर्यदेव को अर्घ्य प्रदान करेगा, उनकी संतान की आयु को दीर्घ कर दूंगी। परिवार में सुख-शांति-समृद्धि में बढ़ोतरी होगी। राजा प्रियव्रत ने षष्ठी महारानी के आदेश का पालन किया। फलतः मृत बालक जीवित हो गया।वस्तुतः छठ पूजा संतान के निमित्त होती है। परिवार की मंगलकामना हेतु छठी महारानी की पूजा की जाती है। छठ पूजा सामान्य आराधना नहीं है। व्रती कठोर व्रत पालन करते हैं। यद्यपि षष्ठी महारानी की पूजा बच्चे के जन्म के उपरांत छठे दिन, ग्यारहवें दिन अथवा इक्कीसवें दिन की जाती है। सोयरी घर में भी षष्ठी महारानी की पूजा होती है, जिसे छठिहार कहा जाता है।

24 नवंबर को आयोजित होने वाले सुशासन दिवस : नीतीश संवाद की सफलता को लेकर दरभंगा में तैयारी समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

दरभंगा (एनएसबी)। आगामी 24 नवंबर 2026 को डीएमसीएच के ऑडोटोरियम में आयोजित होने वाले ह्यसुशासन दिवस नीतीश संवादह्ल कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आज दरभंगा में तैयारी समिति की महत्वपूर्ण बैठक पंडासराय जदयू जिला कार्यालय स्थित आयोजित की गई। बैठक मंत्री लेसी सिंह एवं विधायक सह जदयू जिलाध्यक्ष राजेश कुमार मंडल उर्फ ईश्वर मंडल की देखरेख में संपन्न हुई। जिलाध्यक्ष सह विधायक ईश्वर मंडल ने संबोधन में कहा कि कार्यक्रम की सफलता से पूर्व तक जिले के हर प्रखंड टोला कस्बों तक युद्ध स्तर पर तैयारी की जा रही हैं।

मंत्री सह इस कार्यक्रम की प्रदेश संयोजक लेशी सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार बिहार में बदलाव के नायक हैं। उन्होंने वर्ष 2005 से पहले की अराजकता, अंधेरे और जंगलराज को खत्म कर राज्य में सुशासन की नींव रखी। उन्होंने कहा कि पहले बिजली की उपलब्धता बड़ी समस्या थी, जबकि अब स्थिति बदल चुकी है. सड़क, पुल, अस्पताल और स्कूल सहित विभिन्न क्षेत्रों में भी आमूलचूल परिवर्तन हुआ है। मंत्री मदन सहनी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में नीतीश कुमार के कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि इस दिशा में उनके द्वारा किए गए कामों का उदाहरण स्वतंत्र भारत में दूसरा नहीं है। विधायक विनय चौधरी ने कहा कि नीतीश संवाद की सफलता के लिए हर स्तरों पर तैयारी की जा रही हैं जिसे ऐतिहासिक बनाना हम सबों की प्राथमिकता हैं। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सुशासन, विकास, सामाजिक न्याय एवं जनकल्याण के विचारों और उनके कार्यों को जन-जन तक पहुंचाया जाए। साथ ही पार्टी के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से आपसी समन्वय और पूरी प्रतिबद्धता के साथ आयोजन की सफलता में जुटने का आह्वान किया गया।

मंत्री लेसी सिंह एवं विधायक सह जिलाध्यक्ष ईश्वर मंडल की देखरेख में बनी कार्यक्रम की सफलता की रणनीति

बैठक में उपस्थित नेताओं एवं कार्यकताओं ने एकजुट होकर संकल्प लिया कि 24 नवंबर का यह आयोजन जनभागीदारी, संगठनात्मक एकता और सुशासन के संकल्प का प्रभावशाली संदेश देने वाला ऐतिहासिक कार्यक्रम बनेगा। कार्यक्रम के बेहतर संचालन, संगठनात्मक समन्वय, कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी तथा आमजनों की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक रणनीति तैयार की गई।

इस कार्यक्रम में दरभंगा कार्यक्रम की प्रभारी संगीता ठाकुर, शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र दरभंगा के प्रत्याशी घनश्याम राय, डॉ अजीत चौधरी, शिव नंदन सिंह,कन्हैया शाह, अरूण झा, ललिता झा, मृदुला राय राम प्रवेश पासवान, डॉ अशोक कुमार सिंह, मुरारी मोहन मिश्रा,खुशबू सिंह, प्रदीप कुमार महतो, पप्पू महासेठ,अंजुला शर्मा, छेदी राय, सुदर्शन झा, पप्पू चौधरी, नागेंद्र पासवान, बोयेलाल मंडल, विनोदानंद झा, भगीरथ पासवान, मनोज कुमार सिंह, राजेश राय, राज कुमार राय, संजय झा, राजेश चौधरी, संतोष सिंह, परितोष यादव, जीतेन्द्र कुमार भानु, घनश्याम राय, आदि सैकड़ो साथी जदयू के उपस्थित रहे।



संबोधित करती मंत्री लेसी सिंह साथ में ईश्वर मंडल एवं अन्य उत्तेजि।

चांदी लूटकांड में पिस्टल गोली के साथ युवक गिरफ्तार

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। सिमरी पुलिस द्वारा सात नवंबर की रात हुई पश्चिम बंगाल के सराफा व्यवसायी से हुई 62 किलो चांदी लूटकांड मामले मे कार्यवाई जारी है। पुलिस ने घटना मे शामिल आठवें बदमाश की गिरफ्तारी कर ली है। शोभन एकमी बाईपास सड़क पर हुए इस घटना मामले में सिमरी थाना पुलिस ने माधोपुर गांव में छापेमारी कर पच्चीस वर्षीय गौतम मिश्रा को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर घर से 13 किलो 615 ग्राम चांदी के तीन बिस्कुट, साढ़े तीन लाख रुपये नकद, एक नौ एमएम पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस एवं मोबाइल फोन बरामद किया है। बताया गया है कि गुप्त सूचना पर सिमरी पुलिस ने गौतम के घर छापेमारी की। जैसे ही थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस बल उसके घर पहुंची पुलिस को देखते वह भागने लगा। उसे पुलिस ने पीछा कर धर दबोच लिया। पूछताछ के दौरान उसने लूटी गई चांदी और नकदी घर में छिपाकर रखने की बात बताई। उसकी निशानदेही पर उसके घर से साढ़े तीन लाख रुपये, बथान से पिस्टल और कारतूस तथा मिट्टी में गाड़कर रखे गए चांदी के तीन बिस्कुट बरामद किए गए। सिमरी थाना क्षेत्र के कमरौली निवासी सुमन सौरभ उर्फ सुमन को उसने दोस्त बताया। गौतम ने बताया है कि सुमन सौरभ के कहने पर उसने लूटी गई चांदी अपने घर में छिपाई थी। बरामद पिस्टल को भी उसने सुमन का बताया। पुलिस ने इस मामले में बनौली के भी एक युवक को हिरासत में लिया। लेकिन पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया। सिमरी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि गौतम शराब तस्करी से जुड़े मामले में पहले भी जेल जा चुका है। पुलिस सुमन सौरभ, छोटू यादव और गौतम मिश्रा समेत संबंधित आरोपितों के आपराधिक इतिहास को खंगाल रही है। गिरफ्तारी के बाद 12 नवंबर की शाम सांस फूलने के कारण गौतम की तबीयत बिगड़ गई। उसे इलाज के लिए सिंहवाड़ा सीएचसी ले जाया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच दरभंगा रेफर कर दिया गया। स्वस्थ्य होने के बाद उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। मालूम हो कि सात नवंबर की रात बदमाशों ने शोभन एकमी बाईपास सड़क पर एम्स निर्माण स्थल के समीप पश्चिम बंगाल की डस्टर कार को रोककर लूटपाट एवं गोलीबारी की थी।

13.615 किलो चांदी बरामद

पुलिस ने घटना मे शामिल आठवे बदमाश को किया गिरफ्तार

62 लाख 14 हजार 302 रुपये के फर्जी ऋण खाता जोड़ने का मामला सामने आया

दरभंगा। एसबीआई की मुख्य शाखा में खाताधारक के पैन कार्ड का कथित दुरुपयोग कर 62 लाख 14 हजार 302 रुपये के फर्जी ऋण खाता जोड़ने का मामला सामने आया है। बहादुरपुर थाना क्षेत्र के ओझौल गांव के रहने वाले राजेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को साइबर थाना में आवेदन देकर कार्रवाई करने के लिए मामला दर्ज कराया है। बताया कि उनके पैन कार्ड का दुरुपयोग कर बैंक खाता से 20 फर्जी लोन खाते जोड़ दिए गए हैं। इन खातों में कुल 62,14,302 रुपये का ऋण और 36,43,511 रुपये बकाया दशार्या गया है। जबकि उन्होंने अपने खाता से कभी कोई ऋण नहीं लिया है। इस संबंध में एसबीआई के डिप्टी मैनेजर प्रवीण कुमार झा, असिस्टेंट मैनेजर पंकज कुमार झा और चीफ मैनेजर प्रणय कुमार झा से शिकायत की गई थी। आरोप है कि अधिकारियों ने सिविल में शिकायत करने की सलाह देकर मामले को टालने का प्रयास किया।

संक्षिप्त खबरें

भक्ति रस का रसास्वादन भागवत महापुराण कथा

लदनियां। प्रखंड के बेलाही गांव में आयोजित साप्ताहिक भागवत महापुराण कथा प्रवचन के दूसरे दिन शुक्रवार को यज्ञाचार्य पंडित पवन शास्त्री ने भक्ति को पके फल का रस बताया। पके फल की मिठास की तुलना भागवत महापुराण कथा श्रवण से करते हुए कहा कि जिस प्रकार मिठास का रसास्वादन कराना पौधे के अन्य अंगों के वश में नहीं, उसी प्रकार भक्ति रस का रसास्वादन भागवत महापुराण कथा श्रवण को छोड़ अन्य शास्त्रों के वश में नहीं है। भागवत तो स्वयं भगवान है। मौके पर हरिश्चन्द्र यादव, कुमार नीलारविंद, दिनेश, नवीन, विपिन, मनोज यादव, अभिषेक, पूर्णेन्दु समेत सैकड़ों थे।

जाँच सी बी आई से कराने की मांग केसाथ पुरे जिला प्रशासन के तबादला की मांग

मधुबनी (एनएसबी)। बाबूबरही प्रखंड के बलिराज गढ़ गोली कांड के अभियुक्त अपराधी चन्द्रमोहन सिंह को पकड़ने मे मधुबनी जिला पुलिस पकड़ने मे नकाम नाकारा साबित हुआ. जिला पुलिस प्रशासन के नकारा पन के चलते उक्त अपराधी की हत्या होगई. ये बाते राजद के प्रदेश महासचिव हनुमान प्रसाद राउत ने प्रेस बिज्ञप्ति जारी कर कहा है। राउत ने कहा कि घटना के एक सप्ताह से अधिक समय बीतने के बाद भी उक्त अपराधी को पकड़ने मे जिला प्रशासन बिफल रहा. सिर्फ आमलोगो के गुस्सा, आक्रोश को शांत करने के लिए जिला प्रशासन 12टीम एस आई टी गठन करने का नाटक कर के मिडिया मे छवि चमकाने मे मशगुल रहा. और उक्त अपराधी की हत्या होजाती है. उन्होंने कहा की चन्द्रमोहन सिंह की हत्या मे गहरी साजिश की संभावना से इंकार नहीं की जा सकती है. सवाल है कि क्या वो लैपटॉप साथ ले कर चलता था राउत ने इस की जाँच सी बी आई से कराने की मांग केसाथ पुरे जिला प्रशासन के तबादला की मांग किया है. इस प्रशासन के समय मे पुरे जिला मे अपराध का सुनामी लहर आगया है जिसे रोकने मे ये निकम्मी है।

बेनीपट्टी एसडीएम, एसडीपीओ की सूझबूझ से शांत हुआ बहुत बड़ा बवाल, छठ पर्व की तैयारी में व्यस्त थे लोग, अचानक हुआ माहौल बिगड़ने की स्थिति

मधुबनी (एनएसबी)। जिले के बेनीपट्टी थाना अंतर्गत कछड़ा गांव में गौकशी के आरोप पर हुआ कुछ घंटे के लिए बवाल, लेकिन बेनीपट्टी के डीएसपी अमित कुमार, एसडीओ शारंग पाणि पांडेय, के द्वारा कुछ ही क्षणों में घटनास्थल पर पहुंचकर मामले को नियंत्रित करने में सफल रहे! घटना के संबंध में बताया जाता है कि गांव में अवैध दबंग लोगों के द्वारा बूचड़खाना चलाया जा रहा था! गांव के ही एक व्यक्ति का बीती रात गौ(गाय) की चोरी कर इस अवैध बूचड़खाना में काटा गया सुबह होते ही यह मामला आग की तरह फैल गई! देखते ही देखते लोगों का आक्रोश बढ़ गया और सड़क जाम कर विरोध जताने लगे! इसकी खबर जैसे ही बेनीपट्टी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को जानकारी मिली वे कुछ ही क्षणों में घटना स्थल पर पहुंचकर मामले को गंभीरता से लेते हुए नियंत्रित करने में जुट गए! हालात को गंभीर देखकर स्थानीय सभी प्रशासनिक अधिकारी एवं कई थाना पुलिस को घटनास्थल पर बुला लिया गया!

तीसरी पुण्यतिथि पर उमड़ा जनसैलाब, वक्ताओं ने याद किया योगदान

फुलपरास। फुलपरास-घोघरडीहा मुख्य पथ स्थित बिल्ला जीरो पॉइंट के समीप शुक्रवार को हरियाणा के पूर्व राज्यपाल, भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय धनिक लाल मंडल की तीसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता लौकहा विधानसभा के पूर्व विधायक भारत भूषण मंडल ने की। कार्यक्रम में बिहार के विभिन्न जिलों से पहुंचे राजनीतिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने स्वर्गीय धनिक लाल मंडल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि धनिक लाल मंडल ने सार्वजनिक जीवन में अपनी अलग पहचान बनाई। उन्होंने राजनीति को जनसेवा का माध्यम मानते हुए समाज के कमजोर और वंचित वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाया। वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय मंडल का राजनीतिक जीवन संघर्ष, सादगी, ईमानदारी और जनसरोकारों से जुड़ा रहा।

छठ महापर्व में आर्थिक तंगी के मध्य नजर विधालय परिवार की ओर से मदद

लदनियां (एनएसबी)। छठ महापर्व के शुभ अवसर पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय महथा के विज्ञान शिक्षक सह प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रेम नाथ गोसाई के नेतृत्व में विधालय परिवार के ओर से शिक्षा समिति के अध्यक्ष कन्हैया झा, सचिव रंजना देवी के उपस्थित में मध्यान्ह भोजन संचालक शिबू भंडारी ,राज कुमार चौधरी, प्रमिला देवी,बेचन पासवान एवं सुभद्रा देवी को पाग दुपट्टा एवं फूल माला से सुस्वागतम करते हुए।अंग वस्त्र दान दिया। उक्त कार्यक्रम में शिबू महरा, भोगेंद्र सिंह एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रेम नाथ गोसाई ने अपने संबोधन में कहा कि रसोईया का मानदेय बहुत कम होने के कारण छठ महापर्व में आर्थिक तंगी के मध्य नजर विधालय परिवार के ओर से हर साल के भांति इस साल भी वस्त्र दान स्वरूप प्रदान किया गया है।

हत्या के मामले में दो महिलाओं की गिरफ्तारी

लदनियां (एनएसबी)। थाना क्षेत्र से इस वक्त एक बड़ी खबर सामने आई है। लदनियां थाना क्षेत्र में दर्ज एक मामले में पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। सूचक के प्राप्त लिखित जानकारी के अनुसार, लदनियां थाना कांड संख्या 484/26, दिनांक 13 नवंबर 2026 को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1), 85 और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। मृतक महिला के भाई द्वारा दर्ज आवेदन के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया है। इस मामले में प्राथमिकी अभियुक्त के रूप में पांच लोग नाम जद अभियुक्त है जिसमें दो महिलाओं के नाम दर्ज हैं।जिसे घटना स्थल से गिरफ्तार किया गया था। और पुलिस टीम के द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए मधुबनी भेजा गया था। प्राथमिकी के अनुसार भुल्ली देवी, जिन्हें रिकॉर्ड में सास बताया गया है। इनके पति का नाम संजीव मंडल लिखा हुआ प्रतीत होता है। दुसरा अभियुक्त संजिता देवी, जिन्हें जेठानी बताया गया है। इनके पति का नाम अशोक मंडल दर्ज है।

हरिजन एक्ट मामले में एक आरोपित गिरफ्तार

कल्याणपुर (एनएसबी)। कल्याणपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर की कार्रवाई, कांड संख्या 178/23 में थी तलाश। समस्तीपुर कार्यालय, ठग्इ। कल्याणपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हरिजन एक्ट मामले के एक आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान सिमरिया भिंडी गांव निवासी पंकज कुमार चौधरी के पुत्र विवेक चौधरी के रूप में हुई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष रणवीर कुमार रावत ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया। उसके विरुद्ध थाना कांड संख्या 178/23 के तहत हरिजन एक्ट से संबंधित मामला दर्ज था। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे न्यायिक हिरासत में समस्तीपुर भेज दिया गया।

अज्ञात वाहन की ठोकर से छह वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से जख्मी, डीएमसीएच रेफर

कल्याणपुर (एनएसबी)। कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के मालीनगर में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से छह वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घायल की पहचान बख्तियारपुर गांव निवासी अजीत कुमार के छह वर्षीय पुत्र अंश कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों ने आनन-फानन में घायल बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। बच्चे की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (डीएमसीएच) रेफर कर दिया गया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बीके ठाकुर ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल अंश कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच भेजा गया है। घटना के बाद परिजन चिंतित हैं।

बेनीपट्टी के कछड़ा गांव में गौकशी के आरोप पर बवाल, सड़क जाम कर जताया आक्रोश

बेनीपट्टी (एनएसबी)। बेनीपट्टी थाना क्षेत्र के कछड़ा गांव में शुक्रवार की सुबह गौकशी के आरोप से जुड़ा एक मामला सामने आने के बाद इलाके में अफरातफरी का माहौल बन गया । घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना मिलते ही पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर स्थिति नियंत्रित की। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को हिरासत में लिया है। फिलहाल गांव में स्थिति सामान्य है। मिली जानकारी के अनुसार, कछडा उकमा टोल के एक मवेशी पालक के दरवाजे से मवेशी चोरी हो गया था। मवेशी की तलाश के दौरान स्थानीय लोगों को कछड़ा गांव की एक बांसवारी में कथित अवैध बूचड़खाने तथा मवेशी से संबंधित गतिविधियों की जानकारी मिली। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। गौकशी के आरोप को लेकर लोगों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने सड़क जाम कर विरोध जताया। मामले की गंभीरता को देखते हुए बेनीपट्टी के डीएसपी अमित कुमार, एसडीओ शारंग पाणि पांडेय, सीओ अभिषेक आनंद, बीडीओ महेश्वर पंडित, बेनीपट्टी थाना के अपर थानाध्यक्ष संजय सिंह सहित साहरघाट एवं अरेर थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।

मवेशी चोरी के बाद अवैध बूचड़खाने की मिली जानकारी, पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया; अधिकारियों के हस्तक्षेप से शांत हुआ मामला,कछड़ा गांव में पुलिस अधिकारी और पुलिस बल कर रहे हैं कैंप

प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी शिकायतें सुनीं और उचित कार्रवाई का भरोसा दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को हिरासत में लेकर थाने भेज दिया। वहीं, पीड़ित मवेशी पालक से लिखित आवेदन लेने की प्रक्रिया भी शुरू की गई। प्रशासन की कार्रवाई से संतुष्ट स्थानीय लोगों ने अधिकारियों के समर्थन में नारेबाजी भी की। अधिकारियों और पुलिस बल की पहल पर काफी मशक्कत के बाद सड़क जाम समाप्त कराया गया। वर्तमान समय में जिला प्रशासन के निर्देश पर गांव में पुलिस अधिकारी एवं काफी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है!

फिलहाल स्थिति सामान्य : प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद गांव में स्थिति शांतिपूर्ण बनी हुई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि मामले में उपलब्ध साक्ष्यों एवं शिकायत के आधार पर विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

डीएम ने श्रद्धालुओं से की विशेष अपील, एहतियाती उपायों का करें पालन

मधुबनी (एनएसबी)। जिला पदाधिकारी ने छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं से अपील की कि घाटों पर जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों एवं समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें। विशेष रूप से आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी एहतियाती उपायों के प्रति सजग एवं सतर्क रहें। उन्होंने कहा कि नदी, तालाब एवं अन्य जलाशयों में स्नान अथवा अर्घ्य अर्पित करते समय गहरे पानी में जाने से बचें। निर्धारित सुरक्षित सीमा के भीतर ही पूजा-अर्चना करें तथा बैरिकेडिंग का उल्लंघन नहीं करें।

उन्होंने बच्चों एवं बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की अपील करते हुए कहा कि छोटे बच्चों को घाटों पर अकेला नहीं छोड़ें। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर बच्चों को अपने साथ रखें तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी अथवा प्रशासनिक नियंत्रण व्यवस्था को सूचित करें। घाटों पर अनावश्यक भीड़ एवं अफरा-तफरी से बचें तथा प्रशासन द्वारा निर्धारित आवागमन मार्गों का ही उपयोग करें। डीएम ने नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी अपुष्ट सूचना को सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से प्रसारित नहीं करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा असामान्य परिस्थिति की सूचना तत्काल प्रशासन को दें। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व सामूहिक आस्था, सामाजिक एकता एवं सद्भाव का पर्व है। इसे आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सहयोग के साथ मनाएं। जिला प्रशासन व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सेवा, सुरक्षा एवं सुविधा के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आम नागरिकों के सहयोग एवं सहभागिता से छठ महापर्व को स्वच्छ, सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाएगा। अंत में जिला पदाधिकारी ने पुनः समस्त जिलावासियों को छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुख, समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी के साथ वरीय पुलिस अधीक्षक मधुबनी, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता मधुबनी, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मधुबनी सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

छठ महापर्व को सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को जिला प्रशासन प्रतिबद्ध : डीएम

मधुबनी (एनएसबी)। लोक आस्था, सूर्य उपासना, पवित्रता एवं सामाजिक समरसता के महापर्व छठ को जिले में सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसको लेकर जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा स्वयं तैयारियों की सतत निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार को शहर के विभिन्न प्रमुख छठ घाटों का निरीक्षण कर व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।



छठ घाट का निरीक्षण करते डीएम।

इस क्रम में जिला पदाधिकारी ने काली मंदिर घाट, नगर निगम घाट, गंगा सागर घाट, मुरली मनोहर पोखर एवं आर.के. कॉलेज घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर आयुक्त श्री उमेश भारती ने घाटों की तैयारी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नगर निगम अंतर्गत कुल 91 घाटों पर छठ व्रत के लिए तैयारी जोर-शोर से चालू है तथा अंतिम चरण में है।

उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि छठ घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पहुंच पथ की व्यवस्था, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं से संबंधित सभी कार्य मिशन मोड में अविलंब पूर्ण करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। घाटों पर किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा ने समस्त मधुबनी जिलावासियों को छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छठ हमारी आस्था, श्रद्धा, अनुशासन, पवित्रता और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का अद्भुत प्रतीक है। यह महापर्व स्वच्छता, संयम, सामाजिक समरसता एवं आपसी भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा पर्व के शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित आयोजन के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। प्रमुख एवं संवेदनशील छठ घाटों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही यातायात प्रबंधन एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए भी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

डीएम ने विभिन्न छठ घाटों का किया निरीक्षण, अधिकारियों को मिशन मोड में सभी तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश

छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं से सुरक्षा मानकों का पालन करने तथा अफवाहों से बचने की अपील

बेनीपट्टी के कछरा गांव में अवैध बूचड़खाने का खुलासा, मुख्य सरगना हिरासत में

मधुबनी। वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि बेनीपट्टी थाना क्षेत्र के कछरा गांव स्थित एक बांसवारी में कथित रूप से अवैध बूचड़खाना संचालित किए जाने का मामला सामने आया है। गुप्त सूचना मिलने के बाद मधुबनी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 10 मिनट के भीतर घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने मौके से एक मृत गाय बरामद की है तथा कथित अवैध बूचड़खाने के मुख्य संचालक को हिरासत में लिया है।

मधुबनी वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार के अनुसार, 13 नवंबर 2026 को कछरा गांव में अवैध रूप से बूचड़खाना संचालित किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही बेनीपट्टी थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक को जानकारी दी गई। इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार, बेनीपट्टी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। आसपास के थानों से भी पुलिस बल बुलाकर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

पुलिस के प्रारंभिक निरीक्षण में ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए। घटनास्थल से एक मृत गाय बरामद की गई, जिसकी पहचान

पुलिस ने 10 मिनट के भीतर मौके पर पहुंचकर संभाली स्थिति, एक मृत गाय बरामद; 3-4 अन्य लोगों की संलिप्तता की आशंका

उसके वास्तविक स्वामी ने कर ली है। पुलिस ने मुख्य सरगना को हिरासत में लेकर थाने लाया है। प्रारंभिक जांच में इस मामले में तीन से चार अन्य लोगों की संलिप्तता की बात भी सामने आई है।

पुलिस घटनास्थल से मिले साक्ष्यों और उपलब्ध तस्वीरों के आधार पर फरार आरोपितों की पहचान करने में जुटी है। पुलिस का कहना है कि सभी संलिप्त आरोपितों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी की जाएगी। वहीं, गाय के वास्तविक स्वामी के आवेदन के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस की अपील और सख्त चेतावनी : घटना के बाद कछरा गांव एवं आसपास के क्षेत्रों में स्थिति पूरी तरह शांतिपूर्ण और सामान्य बताई गई है। मधुबनी पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में कहीं भी अवैध बूचड़खाने का संचालन या कानून-व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने रोसड़ा अनुमंडल के छठ घाटों का किया निरीक्षण, सुरक्षा व स्वच्छता के दिए कड़े निर्देश

समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित माहौल में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। इसी क्रम में जिलाधिकारी समस्तीपुर, श्री रोशन कुशवाहा द्वारा रोसड़ा अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न प्रमुख छठ घाटों का औचक एवं विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान घाटों पर सुरक्षा, स्वच्छता और श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़ी तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया गया।



सुरक्षा और बैरिकेडिंग पर विशेष जोर : निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी संवेदनशील एवं गहरे पानी वाले छठ घाटों पर मजबूत बैरिकेडिंग और सुरक्षा के लाल निशान अनिवार्य रूप से लगाए जाएं, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित तरीके से अर्घ्य दे सकें। इसके साथ ही घाटों पर एनडीआरएफ/एसडीआरएफ की तर्ज पर कुशल गोताखोरों, पर्याप्त नाविकों और लाइफ जैकेट की मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

इजिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि छठ घाटों तक आने वाले सभी पहुंच मार्गों की युद्धस्तर पर साफ-सफाई कराई जाए, ताकि व्रतियों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। घाटों के आसपास पर्याप्त रोशनी (लाइटिंग) की व्यवस्था, चेंजिंग रूम, शुद्ध पेयजल और चिकित्सा शिविर (फर्स्ट एड के साथ) स्थापित करने के भी कड़े निर्देश दिए गए। इस अवसर पर रोसड़ा के अनुमंडल पदाधिकारी (रञ्ड), अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी, स्थानीय जन प्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में गणमान्य व आम जनमानस उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे महापर्व छठ को आपसी भाईचारे, सौहार्द और पूर्ण सुरक्षा के साथ मनाएं।

माध्यमिक विद्यालय परसौनी उत्तरी राष्ट्रीय स्वच्छ हरित पुरस्कार के लिए चयनित

बिस्फी (एनएसबी)। स्वच्छता जल संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता के क्षेत्र में बिहार के आठ विद्यालयों ने राष्ट्रीय पहचान बनाई है. केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय एनसीईआरटी और यूनिसेफ के संयुक्त तत्व प्रावधान में आयोजित स्वच्छ एवं हरित विद्यालय मूल्यांकन एसएचवीआर 2025 -26 में र देश के एक 191 चयनित विद्यालयों में बिहार का आठ विद्यालयों ने जगह बनाई है. जिसमें प्रखंड क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय परसौनी उत्तरी 93 प्रतिशत स्कोर के साथ राज्य स्तर पर पाचवॉ स्थान हासिल किया है. चयनित विद्यालयों को 17 नवंबर को दिल्ली में देश के प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रीय शिक्षा मंत्री की उपस्थिति में होने वाले राष्ट्रीय सम्मान समारोह में ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा. तथा ग्रीन स्कूल का दर्जा भी मिलेगी. बिहार के चयनित स्कूलों में जिले के एक विद्यालय शामिल है. जिसमें प्लस टू उच्च विद्यालय परसौनी उत्तरी को शामिल किया गया है. जो पांचवें स्थान पर मूल्यांकन में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर स्थान बनाया है. स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, स्वच्छ शौचालय, साबुन से हाथ धोने, संचालन और रखरखाव, व्यवहार परिवर्तन, क्षमता निर्माण ,मिशन लाइफ गतिविधियां मानको पर विद्यालय खड़ा उतरा है. राष्ट्रीय पुरस्कार में चयनित होने पर विद्यालय प्रधानाध्यापक राजेश कुमार झा को बुद्धिजीवियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, शिक्षाविदों ने कई लोगों ने बधाई और शुभकामना दी है.

छठ महापर्व का पहला दिन नहाय-खाय के साथ संपन्न, आज होगा खरना

समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)। ।लोक आस्था का महापर्व छठ शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। चार दिनों तक चलने वाले इस कठिन व्रत को लेकर जिले भर में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। पर्व के पहले दिन व्रतियों ने सुबह स्नान कर अरवा चावल, चने की दाल और कद्दू की सब्जी का प्रसाद तैयार किया। इसके बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। छठ पर्व के दूसरे दिन शनिवार को खरना मनाया जाएगा। इस दिन व्रती पूरे दिन निर्जला उपवास रखेंगे और शाम को स्नान कर भगवान सूर्य की पूजा-अर्चना के बाद गुड़ की खीर, रोटी और फल का प्रसाद ग्रहण करेंगे। खरना का प्रसाद ग्रहण करने के बाद व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जाएगा। इधर, छठ पर्व को लेकर बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है। सूप, दउरा, नारियल, केला, गन्ना, फल-फूल और पूजा सामग्री की खरीदारी के लिए बाजारों में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। वहीं, विभिन्न छठ घाटों की साफ-सफाई और सजावट का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। पर्व के तीसरे दिन रविवार को व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित करेंगे, जबकि सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय महापर्व का समापन होगा। छठ गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है।

तालाब में डूबने से किशोर की मौत

समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र स्थित बी.आर.बी. कॉलेज परिसर के तालाब में डूबने से एक किशोर की मौत हो गई। बताया जाता है कि किशोर कॉलेज परिसर की ओर गया था, इसी दौरान वह तालाब में गिर गया। काफी देर तक नजर नहीं आने पर लोगों ने तलाश शुरू की तो उसका शव तालाब में तैरता मिला ' आनन-फानन में उसे सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बिहार विधानसभा के पूर्व सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन सदर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी और घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने प्रशासन की लापरवाही पर सवाल उठाते हुए कहा कि खुले तालाब के चारों ओर न तो बाउंड्री है और न ही कोई चेतावनी बोर्ड, जिस कारण यह हादसा हुआ।

नहाय खाय के साथ चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व शुरू



नहाय खाय के अनुष्ठान के तहत नदी घाट पर स्नान करती छठब्रती महिलाएं।।



स्नान के पश्चात घाट पर पूजा करती छठब्रती महिलाएं।

जिले के विभिन्न नदी घाटों एवं तालाबों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ और बाजारों में छाई रौनक

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। लोक आस्था और सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व छठपूजा शुक्रवार को पारंपरिक उल्लास, श्रद्धा और पवित्रता के साथ नहाय-खाय के अनुष्ठान से आरंभ हो गया। नहाय खाय अनुष्ठान को लेकर जिले के विभिन्न नदी घाटों, तालाबों एवं जलाशयों पर अहले सुबह से ही छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। छठ व्रतियों ने नदी में स्नान कर भगवान सूर्य की आराधना के साथ महापर्व का संकल्प लिया।

वहीं, कई परिवारों में घर पर ही गंगाजल मिश्रित जल से स्नान-ध्यान कर अनुष्ठान की शुरूआत की गई। इसके पश्चात छठव्रतियों ने नहाय खाय के अनुष्ठान के तहत पूरी शुद्धता और सात्विकता के साथ अरवा चावल, चने की दाल और कद्दू की सब्जी का प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही घरों में छठी मैया के पारंपरिक गीत गूंजने लगे। अब हर छठव्रतियों के घर छठपुजा के दूसरे दिन के अनुष्ठान खरना की तैयारी शुरू हो गई है। शनिवार को खरना का अनुष्ठान होगा, जिसमें छठव्रती शनिवार को दिनभर निर्जला उपवास रखकर गुड़ का खीर, रोटी और फल आदि केले के पत्ते पर सजाकर सबसे पहले छठ मईया का ध्यान कर छठ माता की आराधना करेंगे यथा उन्हें पत्ते पर सजाकर रखे गए व्यंजन, फल आदि का भोग लगाकर छठ माता से आशीर्वाद, समाज परिवार में सुख शांति और समृद्धि की कामना करेंगे। साथ हीं उनकी साधना के साथ साथ अगले 36 घंटे तक निर्जला उपवास रखकर अस्ताचल भगवान सूर्य और उदियमान भगवान सूर्य को अर्घ्य समर्पित करने का संकल्प लेंगे। शुक्रवार से छठ महापर्व की शुरूआत के साथ ही नगर से लेकर गांव तक उत्सवी माहौल बननेलगा है। बाजारों में सुबह से देर शाम तक छठपुजा से संबंधित सामग्रीयों की खरीदारों के लिए भीड़ उमड़ रही है। फल, नारियल, सूप, दउरा, पीतल के बर्तन, पूजन सामग्री और पारंपरिक मिट्टी के चूल्हों की दुकानों पर विशेष चहल-पहल देखी जा रही है। छठ पूजा में विशेष महत्व रखने वाले गागल नींबू, हल्दी, मूली, सुथनी, अदरक, गन्ना, केला सहित अन्य मौसमी फलों की जमकर खरीदारी हो रही है। बाजारों और गली-मोहल्लों में बज रहे पारंपरिक छठ गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। नदी और तालाबों के घाटों पर संभावित भीड़ तथा जगह की कमी को देखते हुए इस बार भी कई मोहल्लों में स्थानीय लोगों ने अपने स्तर से कृत्रिम छठ घाट तैयार किए हैं। कहीं कुदाल तो कहीं जेसीबी की मदद से मिट्टी काटकर जलकुंड बनाए जा रहे हैं। कई परिवार अपने घरों के आंगन में पानी भरकर तो कुछ छतों पर अस्थायी जलकुंड तैयार कर रहे हैं। वहीं कई घरों में पहले से ही स्थायी रूप से बने जलकुंड की साफ-सफाई, रंगाई-पुताई और पूजन सामग्री जुटाने में परिवार के सभी सदस्य व्यस्त हैं। चारों ओर छठी मैया के स्वागत और भगवान भास्कर की उपासना की तैयारियां पूरे उत्साह के साथ चल रही हैं।

संक्षिप्त खबरें

गायघाट सामाजिक मंच ने छठ व्रतियों के बीच वितरित की पूजा सामग्री

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। गायघाट सामाजिक मंच (रजि.) की ओर से स्वर्गीय विमला देवी की स्मृति में छठ व्रतियों के बीच पूजा सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भूसुरा स्थित मंच के प्रधान कार्यालय में किया गया। इस दौरान छठ व्रतियों को वस्त्र, नारियल, सूप और अगरबत्ती सहित छठ पूजा में उपयोग होने वाली आवश्यक सामग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर जरूरतमंद व्रतियों की सहायता करना और सामाजिक सहयोग की भावना को मजबूत करना था। पूजा सामग्री मिलने से छठ व्रतियों में खुशी देखी गई। मंच के सदस्यों ने कहा कि सामाजिक सरोकारों से जुड़े ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों के साथ खड़ा होना संगठन की प्राथमिकता है। इस अवसर पर गायघाट सामाजिक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह ने कार्यक्रम में सहयोग करने वाले सभी सदस्यों एवं कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुशील कुंवर, मितुल वीरेंद्र सिंह, मुकुंद नंदन कुंवर, रंजन कुमार, संजीव कुमार उर्फ संजू, अभिषेक राजा सिंह, जयदेव प्रसाद सिंह, रामनरेश प्रसाद सिंह और विजय कुंवर सहित अन्य कार्यकताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



छठ पूजन सामग्री वितरण के मौके पर छठ ब्रातियों के साथ मंच के पदाधिकारी गण।

देवरिया में जुआ के अड्डे पर पुलिस की छापेमारी छह गिरफ्तार; 17,448 रुपये नकद बरामद

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। जिले के देवरिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध जुआ और सट्टे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पुरानी बाजार स्थित आरोग्य हॉस्पिटल के सामने एक झोपड़ीनुमा घर में छापेमारी कर जुआ खेल रहे आरोपितों को पकड़ा। मौके से 17,448 रुपये नकद, चार मोबाइल फोन और ताश की एक गड्डी बरामद की गई। यह जानकारी देते हुए सरैया एसडीपीओ अभिजीत कौर ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पुरानी बाजार में झोपड़ी के अंदर बड़े पैमाने पर ताश के जरिए जुआ और सट्टे का खेल संचालित किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने छापेमारी की। पुलिस को देखते ही वहां मौजूद लोगों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर सभी छह आरोपितों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान कैलाश साह, राजेश कुमार, चंदन साह, मुन्ना पासवान, गणेश पासवान और ओम प्रकाश कुंवर के रूप में हुई है। सभी देवरिया थाना क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं। मामले की जानकारी देते हुए सरैया एसडीपीओ अभिजित कौर ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर जिले में अवैध लॉटरी, जुआ और ऑनलाइन गेमिंग के संचालन में शामिल लोगों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत देवरिया थाना क्षेत्र में यह कार्रवाई की गई है। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। जिले में अवैध जुआ और सट्टे के कारोबार के खिलाफ पुलिस का अभियान आगे भी जारी रहेगा।



मामले की जानकारी देती सरैया एसडीपीओ अभिजीत कौर।

कुढ़नी में निमार्णाधीन मत्स्य इकाई का केंद्रीय मंत्री ने किया निरीक्षण, युवाओं को मिलेगा रोजगार

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। स्थानीय सांसद सह केंद्रीय मंत्री मणिभूषण चौधरी निषाद ने मुजफ्फरपुर लोकसभा क्षेत्र के कुढ़नी में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत निमार्णाधीन मत्स्य इकाई का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति और परियोजना से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कुढ़नी में विकसित हो रही यह मत्स्य इकाई आधुनिक मत्स्य पालन, उत्पादन और मत्स्य क्षेत्र से जुड़े उद्यमों को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसके माध्यम से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि कुढ़नी में विकसित हो रहा यह केंद्र मत्स्य क्षेत्र में एक आदर्श एवं अनुकरणीय मॉडल बने, जिससे क्षेत्र के मछुआरों, मत्स्य पालकों और इससे जुड़े उद्यमियों को लाभ मिल सके। केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने, मत्स्य उत्पादन बढ़ाने तथा मछुआरा समुदाय के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान का प्रभावी माध्यम बन रही है।



महापर्व में जरूरतमंद व्रतियों का सहारा बने विधायक

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। आर्थिक अभाव में किसी की आस्था और छठ पूजा की खुशियां अधूरी न रहें, इसी सोच के साथ लगातार तीसरे दिन भी काँटी विधायक अजीत कुमार ने शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन भी 300 छठ व्रतियों के बीच छठ पूजन सामग्री, वस्त्र एवं खाधान्न वितरण किया। वही छठ पूजन सामग्री की बढ़ी कीमतों से चिंतित छठ व्रतियों ने सहायता पाकर खुशी के साथ क्षेत्रीय विधायक को दिल से आशीर्वाद दिया। शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन कांटी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचीं करीब 300 छठ व्रती महिलाओं के बीच गेहूं, चावल और साड़ी का वितरण किया गया। सामग्री पाकर छठ व्रतियों के चेहरों पर खुशी और संतोष साफ झलक रहा था। सहायता पाकर कई छठ व्रतियों ने विधायक को दिल से आशीर्वाद दिया।

आस्था के महापर्व को मिला नया ठिकाना 60 लाख से संवरे कांटी के चार छठ घाट



नए छठ घाट का उद्घाटन करते क्षेत्रीय विधायक।



साईन पोखर छठघाट का उद्घाटन करते विधायक अजीत कुमार।

छठी मैया की आराधना और भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने में व्रतियों को मिलेगी सहूलियत, विधायक अजीत कुमार ने किया उद्घाटन

कांटी (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ की पवित्रता और श्रद्धा के बीच श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में कांटी विधानसभा क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहल की गई है। एनटीपीसी के सौजन्य से करीब 60 लाख रुपये की लागत से निर्मित चार छठ घाटों का शुक्रवार को कांटी विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार ने उद्घाटन किया। घाटों के लोकार्पण के साथ ही क्षेत्र के सैकड़ों परिवारों की छठ पूजा को लेकर वर्षों से जुड़ी उम्मीदों को नया आधार मिला है। पानापुर करियात थाना क्षेत्र के छठ घाट पोखर, रानी पोखर, साइन पोखर और सिरसिया मठ छठ घाट का उद्घाटन होने से अब व्रतियों को भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने और छठी मैया की आराधना में काफी सहूलियत होगी। नए घाटों की सुविधा मिलने से स्थानीय श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल है। छठ घाटों के उद्घाटन के मौके पर क्षेत्रीय विधायक अजीत कुमार ने कहा कि छठ केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारी आस्था, संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकजुटता का जीवंत प्रतीक है।

इस महापर्व में स्वच्छता, पवित्रता और समर्पण के साथ पूरा समाज एक सूत्र में बंध जाता है। छठी मैया की कृपा से क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली बनी रहे, यही कामना है। उन्होंने क्षेत्र में चार नए छठ घाट निर्माण के लिए एनटीपीसी प्रबंधन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि सामाजिक दायित्व के तहत किए जा रहे ऐसे कार्यों का सीधा लाभ आम लोगों को मिलता है। जनसुविधाओं के विस्तार के साथ धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों का विकास भी प्राथमिकता है। मौके पर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार, पैक्स अध्यक्ष राजेश कुमार, मुखिया ज्ञान कौशिक होरिल, मनोज कुमार सिंह, मो.जाबिर हुसैन, सुबोध पांडेय, नीरज ठाकुर, चुन्नू ठाकुर, गोलू कुमार, सुमन सिंह, प्रभाकर शर्मा, मनोज साह, रामा भगत, अरविंद सिंह, निगम कुमार, चन्देश्वर सिंह, प्रिंस ठाकुर, राम सोगारथ सिंह, विजय पांडे, जेई चंद्रशेखर गुप्ता सहित कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और सैकड़ों स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित थे।

छठ पर निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए बिजली विभाग अलर्ट

सभी अधिकारियों-कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर बिजली विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पर्व के दौरान शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मुजफ्फरपुर विद्युत आपूर्ति अंचल को अलर्ट मोड में रखा गया है। एहतियात के तौर पर विभाग ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और तकनीकी कर्मियों की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी हैं। सभी को अपने कार्यस्थल पर मुस्तैद रहने का निर्देश दिया गया है। विद्युत अधीक्षण अभियंता पंकज राजेश ने इस संबंध में आवश्यक आदेश जारी किया है।

उनके नेतृत्व में विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके तहत शहर के प्रमुख छठ घाटों सहित विभिन्न क्षेत्रों में विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों और मानव बल की विशेष टीमें तैनात रहेंगी। ये टीमें आवश्यक उपकरणों और सुरक्षा किट के साथ बिजली व्यवस्था की निगरानी करेंगी। विभाग ने निर्देश दिया है कि कहीं भी बिजली आपूर्ति बाधित होने, तार टूटने या तकनीकी खराबी की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई टीम तत्काल मौके पर पहुंचेगी और समस्या का समाधान करेगी। विशेष रूप से संध्याकालीन और प्रातःकालीन अर्घ्य के दौरान अतिरिक्त सतर्कता बरतने को कहा गया है, ताकि छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। बिजली संबंधी शिकायतों और आपात स्थिति से निपटने के लिए विभाग की ओर से विशेष कंट्रोल रूम बनाया गया है। यहां अधिकारियों एवं कर्मचारियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाई गई है। यह कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय रहेगा। विभाग ने पूरे विद्युत आपूर्ति क्षेत्र में सुचारू बिजली व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां भी सौंपी हैं। छठ महापर्व के दौरान बिजली से संबंधित किसी भी समस्या या आपात स्थिति में उपभोक्ता कंट्रोल रूम के आधिकारिक मोबाइल नंबर 9264456400 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा नोडल पदाधिकारी मनोज कुमार जायसवाल के मोबाइल नंबर 7763815485 पर भी सीधे शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

विभाग का प्रयास है कि महापर्व के दौरान छठ घाटों से लेकर घरों तक बिजली आपूर्ति सुचारू बनी रहे और व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े।

ट्रैफिक पुलिस ने नो पार्किंग में खड़े 54 वाहनों को किया जब्त, 90 हजार से अधिक वसूला जुर्माना



नो पार्किंग जोन मे वाहन जब्ती की कार्रवाई करती पुलिस।

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। छठ महापर्व को लेकर शहर के बाजारों में उमड़ रही भीड़ और जाम की समस्या से निपटने के लिए मुजफ्फरपुर ट्रैफिक पुलिस ने गुरुवार को विशेष अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों की अनदेखी कर नो पार्किंग जोन में बेतरतीब ढंग से वाहन खड़ा करने वाले 54 वाहनों को जब्त किया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। ट्रैफिक पुलिस ने क्रेन की मदद से सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों को उठवाकर सिकंदरपुर स्टेडियम पहुंचाया। यहां देर शाम तक जब्त वाहनों का चालान काटने की प्रक्रिया चलती रही। अपने वाहनों को छुड़ाने के लिए स्टेडियम परिसर में वाहन मालिकों की भीड़ जुटी रही। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, अभियान के दौरान 90 हजार रुपये से अधिक का जुमार्ना वसूला गया। सबसे अधिक कार्रवाई मोतीझील ओवरब्रिज एवं उसके आसपास के व्यस्त इलाकों में की गई। यहां सड़क पर बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों के कारण यातायात प्रभावित हो रहा था। जब्त किए गए 54 वाहनों में 30 दोपहिया, 18 तीनपहिया (ऑटो एवं ई-रिक्शा), चार चारपहिया और दो अन्य वाहन शामिल हैं। ट्रैफिक थानेदार संजीव सिंह ने बताया कि एसएसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर यह विशेष अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि शहर में वन-वे, नो एंट्री और नो पार्किंग नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गायघाट : प्रॉपर्टी डीलर कमलेश राय की मौत का मामला उलझा, साथी लालू साह फरार

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। जिले के गायघाट थाना क्षेत्र के मैठी गांव में प्रॉपर्टी डीलर कमलेश राय (55) की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का मामला अब तक सुलझ नहीं सका है। बुधवार रात से लापता कमलेश का शव गुरुवार सुबह घर से करीब 500 मीटर दूर एनएच-27 किनारे झाड़ी में मिला था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है, लेकिन अब तक मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है। परिजनों के अनुसार कमलेश राय बुधवार रात करीब साढ़े नौ बजे मैठी गांव निवासी लालू साह के साथ बाइक से मैठी-पिलखी मार्ग स्थित हनुमान मंदिर कट के पास मिनी टोल प्लाजा गए थे। बताया गया कि दोनों एक ट्रक को टोल दिए बिना निकलवाने के लिए गए थे। इस दौरान टोल कर्मचारियों से उनकी कहासुनी भी हुई थी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मिनी टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में कमलेश टोल प्लाजा के कार्यालय में दिखाई दिए, लेकिन इसके बाद वह कहां गए, इसकी जानकारी नहीं मिल सकी। घटनास्थल और टोल कार्यालय के बीच स्थित एक लाइन होटल का सीसीटीवी कैमरा खराब होने के कारण वहां से फुटेज नहीं मिल पाया। थानाध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता ने बताया कि घटनास्थल से करीब 500 मीटर पश्चिम एनएच-27 किनारे कमलेश का शव बरामद हुआ था। घटनास्थल के पास क्षतिग्रस्त हालत में मिले मोबाइल फोन की भी जांच की जा रही है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस के अनुसार, कमलेश के साथ गए लालू साह अपने घर से फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस उनसे पूछताछ कर घटना से जुड़े तथ्यों का पता लगाने की कोशिश करेगी। फिलहाल परिजनों की ओर से थाने में लिखित शिकायत नहीं दी गई है।



प्रॉपर्टी डीलर कमलेश राय की मौत मामले में लोगों से पूछताछ करती पुलिस।

छठ पर रील बनाइए और जीतिए नकद पुरस्कार

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ के दौरान इस बार मुजफ्फरपुर के लोगों को अपनी रचनात्मक प्रतिभा दिखाने के साथ नकद पुरस्कार जीतने का भी मौका मिलेगा। मुजफ्फरपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड और नगर निगम की ओर से छठ महापर्व को लेकर रील प्रतियोगिता शुरू की गई है। इसमें शहर के छठ घाटों, पर्व की परंपराओं और आसपास की खूबसूरती को कैमरे में कैद कर फेसबुक पर रील पोस्ट करनी होगी। प्रतियोगिता में कुल आठ प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके लिए कुल 15 हजार रुपये की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 5 हजार रुपये, दूसरे स्थान पर रहने वाले को 3 हजार रुपये और तीसरे स्थान पर आने वाले को 2 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा पांच सर्वश्रेष्ठ रील बनाने वाले प्रतिभागियों को एक-एक हजार रुपये और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। स्मार्ट सिटी मुजफ्फरपुर के पीआरओ कौशल श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों को छठ घाटों एवं आसपास के क्षेत्रों की आकर्षक रील बनाकर फेसबुक पर पोस्ट करनी होगी। रील पोस्ट करते समय स्मार्ट सिटी मुजफ्फरपुर के आधिकारिक फेसबुक अकाउंट को टैग करना अनिवार्य होगा।

छठ पूजा का प्रसाद सात समंदर पार पहुंचाएगा डाक विभाग



छठ पूजा का प्रसाद देश के विभिन्न शहरों और विदेश तक पहुंचाने के लिए डाक विभाग के खुले काउंटर।

खुला विशेष काउंटर विदेश में 10 दिन में होगी डिलीवरी

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। छठ महापर्व पर अब देश-विदेश में रहने वाले प्रवासी बिहारियों तक घर का बना प्रसाद पहुंचाना आसान होगा। भारतीय डाक विभाग ने इसके लिए विशेष सेवा शुरू करने की तैयारी की है। मुजफ्फरपुर में रेलवे स्टेशन पर तथा प्रधान डाकघर में इस सेवा के लिए विशेष काउंटर बनाए गए हैं। भारतीय डाक विभाग की रेल मेल सेवा ने इस महापर्व को लेकर रेलवे स्टेशन और प्रधान डाकघर में विशेष काउंटर बनाए हैं। यहां से लोग देश-विदेश में रहने वाले अपने रिश्तेदारों को प्रसाद भेजने के लिए बुकिंग करा सकते हैं।

मुजफ्फरपुर रेल डाक सेवा (आरएमएस) के अधीक्षक आशुतोष आदित्य ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और अब छठ पूजा के दिन से प्रसाद भेजने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि महापर्व छठ को और खास बनाने के लिए अब सात समंदर पार बैठे श्रद्धालुओं तक भी पूजा का प्रसाद पहुंचाया जा सकेगा। यानी वे घर पर बने पारंपरिक ठेकुआ और शुद्ध प्रसाद का स्वाद ले सकेंगे। भारतीय डाक विभाग ने छठ के पावन अवसर पर प्रवासी भारतीयों तक महापर्व का प्रसाद तेजी से पहुंचाने के लिए अंतरराष्ट्रीय सेवा शुरू की है। श्रद्धालुओं की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए विभाग ने डाकघरों में विशेष काउंटर खोलने की तैयारी पूरी कर ली है। इन काउंटरों पर केवल छठपूजा के प्रसाद के पार्सल ही स्वीकार किए जाएंगे। इस दौरान प्रसाद की शुद्धता के साथ-साथ उसकी बेहतर पैकिंग का भी ध्यान रखा जाएगा। छठ प्रसाद की शुचिता, पवित्रता और ताजगी बनाए रखने के लिए बुकिंग से लेकर डिलीवरी तक पूरी प्रक्रिया की निगरानी की जाएगी। इसके लिए विभाग ने अपने कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया है। कर्मचारी प्रसाद को सुरक्षित तरीके से रखेंगे और फिर उसे भेजने के लिए तैयार करेंगे। विभागीय अधिकारी के अनुसार डाक विभाग छठ का प्रसाद देश के किसी भी कोने में 36 से 48 घंटे के भीतर पहुंचाएगा, जबकि विदेश में डिलीवरी की अवधि घटाकर अधिकतम 10 दिन करने की तैयारी है। इसके लिए लॉजिस्टिक्स और कस्टम क्लीयरेंस का रूट बदला गया है। अब इन पार्सलों को कोलकाता भेजने के बजाय सीधे नई दिल्ली भेजा जाएगा। आरएमएस के अधीक्षक आशुतोष आदित्य ने बताया कि विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसके लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। इस सेवा का लाभ दुनिया भर में बसे प्रवासियों को मिलेगा। छठ की मिठास और घर का आशीर्वाद हर प्रवासी तक समय पर पहुंचाना डाक विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है और विभाग इसे पूरा करने के लिए तैयार है।

छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए किए गए विशेष इंतजाम

नवसंदेश ब्यूरो

सीतामढ़ी। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर जिले में उत्सव और आस्था का माहौल है। इस अवसर पर छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से व्यापक तैयारियां की गई हैं। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के नेतृत्व में विभिन्न प्रशासनिक एवं संबंधित विभागों के अधिकारी घाटों पर आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे रहे। साफ-सफाई, आकर्षक सजावट, पर्याप्त रोशनी, पेयजल, पहुंच पथ और सुरक्षा सहित तमाम बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है।

पावर हाउस खड़का छठ घाट, मेहसौल चौक स्थित लखनदेई पुल, पुनौरा सहित जिले के विभिन्न प्रमुख छठ घाटों पर प्रशासन की ओर से विशेष इंतजाम किए गए हैं। घाटों की साफ-सफाई के साथ-साथ सीढ़ियों एवं आसपास के स्थलों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। इस बार घाटों पर छठ महापर्व से जुड़े प्राकृतिक एवं पारंपरिक दृश्यों की पेंटिंग विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। घाटों की सीढ़ियों पर उकेरी गई मनमोहक कलाकृतियां पर्व की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक छटा को और निखार रही हैं। जिला प्रशासन की यह पहल घाटों को न केवल स्वच्छ एवं सुंदर स्वरूप प्रदान कर रही है, बल्कि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगी।



नगर के लखनदेई पुल के निकट छठ घाट की सीढ़ियों पर उकेरी गई मनमोहक कलाकृतियां।

पावर हाउस खड़का घाट, लखनदेई पुल, मेहसौल चौक एवं पुनौरा सहित जिले के विभिन्न घाटों पर साफ-सफाई, रोशनी और सजावट की विशेष व्यवस्था

जिलाधिकारी श्री तनय सुल्तानिया स्वयं विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर तैयारियों की लगातार समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्वच्छता, सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया है। भीड़भाड़ वाले स्थलों पर विशेष निगरानी रखने, रोशनी एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तत्पर रहने को कहा गया है।

घाटों पर की गई व्यवस्थाओं और सौंदर्यीकरण की पहल को लेकर स्थानीय लोगों एवं श्रद्धालुओं में भी उत्साह देखा जा रहा है। खासकर पारंपरिक एवं प्राकृतिक दृश्यों पर आधारित पेंटिंग और घाटों की आकर्षक सजावट लोगों का ध्यान खींच रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस बार घाटों को व्यवस्थित एवं सुंदर स्वरूप देने के लिए प्रशासन की ओर से विशेष प्रयास किए गए हैं।

छठ महापर्व के दौरान व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। प्रशासनिक स्तर पर लगातार निगरानी और तैयारियों के बीच जिले में छठ पर्व को स्वच्छ, सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने की दिशा में समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं।

बेलसंड व परसौनी प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

सीतामढ़ी (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुगम वातावरण में छठ पर्व मनाने की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया एवं पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने शुक्रवार को बेलसंड के बसौल घाट एवं परसौनी प्रखंड के धनकौल स्थित विभिन्न छठ घाटों का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने घाटों की साफ-सफाई, पहुंच पथ, सुरक्षा व्यवस्था, रोशनी, बैरिकेडिंग तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि छठ पर्व के मद्देनजर सभी घाटों पर आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं।


छठ घाटों का निरीक्षण करते डीएम-एसपी व अन्य।

जिलाधिकारी ने घाटों पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने, खतरनाक एवं अधिक गहरे जल वाले स्थानों को चिह्नित कर बैरिकेडिंग कराने तथा

सुरक्षा एवं स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

आवश्यकतानुसार सुरक्षा संकेतक लगाने का निर्देश दिया। साथ ही घाटों तक आने-जाने वाले रास्तों को सुगम बनाने एवं पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। पुलिस अधीक्षक ने विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक तैयारियां पूरी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि छठ पर्व के दौरान भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती जाए।

संक्षिप्त खबरें

मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के निर्विरोध सदस्य चुने गए महेंद्र तुलस्यान

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। उत्तर बिहार वाणिज्य एवं उद्योग परिषद, मुजफ्फरपुर को मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति, समस्तीपुर मंडल में प्रतिनिधित्व मिला है। परिषद ने सर्वसम्मति से महेंद्र तुलस्यान को अपना प्रतिनिधि निर्विरोध चयनित किया है। उनके चयन पर परिषद के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। परिषद को उम्मीद है कि श्री तुलस्यान अपने अनुभव एवं व्यावसायिक दृष्टिकोण से उत्तर बिहार में रेल सुविधाओं के विस्तार, यात्री सुविधाओं में सुधार, माल परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा व्यापार एवं उद्योग जगत की समस्याओं को समिति के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाएंगे।



अग्निकांड पीड़ित दुकानदार से मिले सांसद, 51 हजार रुपये की दी आर्थिक सहायता

सीतामढ़ी (एनएसबी)। नानपुर में कप-प्लेट की दुकान में आग लगने से करीब 10 लाख रुपये की संपत्ति जलकर राख होने के बाद शुक्रवार को सीतामढ़ी सांसद देवेश चन्द्र ठाकुर पीड़ित दुकानदार राकेश कुमार साह से मिलने पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी लेकर पीड़ित परिवार को सांत्वना दी तथा अपनी ओर से 51 हजार रुपये की नकद आर्थिक सहायता प्रदान की। गौरतलब है कि गत 12 नवंबर को लक्ष्मी साह के पुत्र राकेश कुमार साह की दुकान में आग लग गई थी। सांसद ने इस मुश्किल घड़ी में परिवार को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। मौके पर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि अनुपम कुमार बमबम, अभय कुमार, मुन्ना प्रसाद, राहुल जायसवाल, उमाशंकर, राकेश कुमार श्रीवास्तव एवं निर्भय कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

दोस्तियां की उपजाऊ भूमि के बदले दूसरी बंजर भूमि का हो अधिग्रहण : संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा

सोनबरसा/सीतामढ़ी (एनएसबी)। भूमि-अधिग्रहण से प्रभावित सोनबरसा प्रखंड के दोस्तियां, जयनगर तथा तेलंगही के किसानों की बैठक जयनगर मंदिर पर संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा के सोनबरसा संयोजक अरूणेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में दोस्तियां-जयनगर की भूमि के अधिग्रहण का पुरजोर विरोध किया गया तथा अधिग्रहण से मुक्ति के लिए संघर्ष के साथ पटना उंच्च न्यायालय से भी भूमि बंचाने के लिए न्याय की गुहार का संकल्प लिया गया।

बैठक में मोर्चा के उतर बिहार संयोजक प्रो. आनन्द किशोर ने कहा कि सीतामढी समाहर्ता इस तीन फसली उपजाऊ भूमि को अधिग्रहण से मुक्त करने के लिए अन्यत्र कम उपजाऊ या बंजर भूमि का चयन कर सरकार को रिपोर्ट करें।

संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार भू-अधिग्रहण, सेटेलाईट प्रोजेक्ट, एमएसपी सीटू प्लस 50 प्रतिशत पर कानून सहितअन्य मांगों पर 26 नवम्बर को पटना में किसान मार्च का प्रस्ताव लिया है उसमें दोस्तियां, जयनगर तथा तेलंगही के किसानों की बडी भागीदारी होनी चाहिए। जिसका ग्रामीणों ने समर्थन किया। किसान सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि पटना उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता बसंत चौधरी के मारफत उंच्च न्यायालय में मामले की प्रक्रिया प्रारंभ है। ज्ञातव्य हो कि उपरोक्त तीनों गांवों के तीन फसली 254 एकड़ भूमिअधिग्रहण किया जा रहा है जिससे बहुत किसान परिवार भूमीहीन हो जायेंगे तथा उनका रोजी-रोटी छिन जायगा।मोर्चा की टीम ने गांवों में फसलों का भी मुआयना किया और पाया कि भारी सूखाड तथा वर्षा आंधी की आपदा के बावजूद यहां की खरीफ फसल तथा उत्पादन जिले में सर्वोत्तम है।बैठक में मोर्चा के महासचिव अवधेश यादव, किसान नेता रामसुरेश तिवारी, मदन मोहन ठाकुर, रामप्रताप सिंह, सत्येन्द्र कुमार, नागेन्द्र राय, राम गणेश राय, महेश्वर महतो, भुवनेश्वर महतो, मोनू कुमार सहित अन्य किसानों ने भीअपना विचार रखा।

मारवाड़ी सम्मेलन ने 800 छठव्रतियों के बीच साड़ी एवं पूजन सामग्री का किया वितरण

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, नगर शाखा की ओर से आयोजित दो दिवसीय छठ महापर्व सेवा कार्यक्रम का शुक्रवार को सफल समापन हुआ। कार्यक्रम के दूसरे दिन भी छठव्रतियों के बीच साड़ी, नारियल, अगरबत्ती एवं पूजन सामग्री का वितरण किया गया। इस वर्ष 500 व्रतियों की सेवा का लक्ष्य निर्धारित था, लेकिन समाजबंधुओं के सहयोग से दो दिनों में लगभग 800 छठव्रतियों तक सहायता पहुंचाई गई। नगर शाखा अध्यक्ष श्याम सुंदर भरतिया ने कहा कि यह अभियान संगठन की सामाजिक प्रतिबद्धता और एकजुटता का प्रतीक है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य जारी रखने की बात कही। कार्यक्रम में श्याम सुंदर भरतिया, संदीप अग्रवाल, सुरेश खेतान, सुभाष बिंजराजका, श्रवण सर्राफ, राजेश जाजोदिया, प्रकाश केजरीवाल, दीपक भरतिया, सौरव केडिया, रितेश अग्रवाल, विवेक तुलस्यान, श्याम सुंदर भीमसेरिया, विश्वनाथ भरतिया, सज्जन शर्मा, उपमेयर मोनालिसा, डॉ. नवीन कुमार, पूर्व विधायक विजेंद्र चौधरी, डॉ. ए.के. दास, डॉ. शशि चौधरी, डॉ. विकास अग्रवाल, डॉ. सोनी अग्रवाल, शंभूनाथ बंका, राजकिशोर बंका, प्रेम प्रकाश मोदी, संजय तोदी, गणेश पोद्दार, राजकुमार अग्रवाल, अमृत अग्रवाल, गीता बिंजराजका, नेहा खेतान, दीपा अग्रवाल, तरुण बिंजराजका, आराध्या केजरीवाल, वेदिका भरतिया एवं कृति केजरीवाल सहित अनेक समाजसेवी एवं अतिथि उपस्थित रहे।



छठ पूजा पर विधि व्यवस्था के मद्देनजर जिलाधिकारी ने की बैठक

सीतामढ़ी (एनएसबी)। छठ पूजा- 2026 शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण संपन्न कराने के मद्देनजर सभी आवश्यक प्रशासनिक व्यवस्थाएं मुकम्मल कर ली गई हैं। इस बाबत जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में परिचर्चा भवन में छठ पूजा को लेकर विधि व्यवस्था संधारण के मद्देनजर सभी सेक्टर दंडाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय सभी वरीय पदाधिकारी के साथ बैठक की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित रंजन भी उपस्थित थे। बैठक में डीएम और एसपी के द्वारा सभी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

सभी अंचल अधिकारी,नगर निकायों के कार्यपालक अधिकारी के साथ नगर आयुक्त नगर निगम सीतामढ़ी, जिला अग्निशमन पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के साथ अन्य सभी महत्वपूर्ण विभागों को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन द्वारा जानकारी दी गई कि 13 नवंबर को नहाए खाए से छठ महापर्व अनुष्ठान शुरू होगा। 14 नवंबर को खरना,15 नवंबर को प्रथम संध्याकालीन अर्ध्य एवं 16 नवंबर को द्वितीय प्रातः कालीन अर्ध्य के साथ छठ पूजा संपन्न होगा। इसके पूर्व सभी तैयारी संपन्न कर ली जाएगी। बैठक में संवेदनशील स्थानों एवं और असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। सोशल मीडिया पर चौकसी बरती जाए साथ ही सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म पर उत्तेजक आपत्तिजनक टिप्पणी को रोकने हेतु आवश्यक प्रशासनिक सतर्कता और निगरानी रखी जाए एवं सुरक्षा मूलक करवाई किया जाए। जिन घाटों पर पानी अधिक है वहां लाल झंडा लगाने का निर्देश दिया गया। साथ ही अधिक भीड़ वाले घाटों पर बैरकेडिंग का कार्य करें।

सभी बीडीओ को निर्देशित किया गया कि छठ घाटों के आयोजकों को आपदा प्रबंधन से प्रशिक्षित वॉलिंटियर्स को छठ घाट पर रखवाना सुनिश्चित किया जाए। भीड़झभाड़ वाले स्थान पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया गया। दलदलीय/ खतरनाक घाटों को चिन्हित कर अग्रेतर कार्रवाई की जाए। सभी घाटों पर चेंजिंग रूम ,वीडियो ग्राफी,वॉच टावर का अधिष्ठापन, स्थानीय गोताखोरों की तैनाती एवं आपदा मित्रों का सहयोग लेने की बात कही गई। सभी घाटों पर वाहन पार्किंग की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित हो। मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति की जाए। पर्याप्त संख्या में एंबुलेंस लगाएं जाए।रेलवे ट्रैक के घाटों पर विशेष निगरानी रखी जाए।सभी घाटों पर रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था हो। सदर अस्पताल सहित सभी रेफरल अस्पतालों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, स्वास्थ्य उप केंद्रों में चिकित्सक एवं कर्मी रोस्टर के अनुसार 24 घंटे उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे। बिना अनुज्ञप्ति का कोई पटाखा दुकान संचालित न हो।अधीक्षक मद्ध निषेध को निर्देश दिया गया कि मद्ध निषेध का पूर्णतः अनुपालन कराया जाए।किसी भी परिस्थिति में खुले तारों का उपयोग न हो तथा समय-समय पर तारों की जांच की जाए। कवर्ड तार का प्रयोग किया जाए।पर्याप्त संख्या में गोताखोर ,नाव,नाविक लाइफ जैकेट की व्यवस्था की जाए। सुचारू यातायात व्यवस्था को लेकर एसडीओ एवं एसडीपीओ को जिम्मेदारी दी गई है। संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी मुख्य घाटों पर विधि व्यवस्था के मद्देनजर नियंत्रण कक्ष की स्थापना करेंगे।भीड़ में शरारती तथा असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए सादी वर्दी में पुरुष एवं महिला पुलिसकर्मियों की प्रति नियुक्ति की जाएगी ।जिन घाटों पर भीड़ अधिक होने की संभावना है उन घाटों को चिन्हित कर भीड़ के नियंत्रण के उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे तथा अनुमंडल स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े हुए थे। समाहरणालय स्थित आपदा प्रबंधन प्रशाखा के जिला नियंत्रण कक्षझदूरभाष संख्या-06226-250316 है।

सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने किया विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण


छठ घाटों का निरीक्षण करते सांसद देवेश चंद्र ठाकुर व अन्य।

सीतामढ़ी (एनएसबी)। सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने शुक्रवार को जिले के नानपुर, पुपरी, रुन्नीसैदपुर प्रखंड के मानिक चौक सहित विभिन्न गांवों का दौरा कर छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न घाटों पर पहुंच कर साफ-सफाई सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जहां कहीं भी व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता महसूस हुई, वहां संबंधित लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सांसद ने छठ घाटों पर व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखने की बात कही। इस मौके पर सांसद ने लोगों से छठ महापर्व को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि छठ आस्था,पवित्रता और लोक आस्था का महापर्व है। इसे आपसी प्रेम, भाइचारे और मिल्लत के साथ मनाएं। पर्व के दौरान सुरक्षा और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें, ताकि सभी श्रद्धालु निर्बाध रूप से भगवान भास्कर की आराधना कर सकें। इस मौके पर पुपरी में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी केशव गोयल, जगदीश कोपड़ना, देव बाली, अहमद खान, अंचल अधिकारी, नानपुर प्रखंड के प्रमुख प्रतिनिधि अनुपम कुमार बमबम, अरुण झवज, आशुतोष कुशवाहा, संदीप मिश्रा, रुन्नीसैदपुर में संजय कुमार, राकेश कुमार पप्पू, मुखिया आलोक कुमार, मुन्ना ठाकुर आदि उपस्थित थे।

आरके सिन्हा की स्मृति में पटना में आयोजित शोकसभा में पहुंचे सांसद देवेश चन्द्र ठाकुर

सीतामढ़ी (एनएसबी)। सांसद देवेश चन्द्र ठाकुर पूर्व राज्यसभा सांसद एवं एसआइएस समूह के संस्थापक चेयरमैन डॉ. आरके सिन्हा के पटना स्थित आवास पर गुरुवार को आयोजित शोकसभा में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने स्वर्गीय सिन्हा के चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकसभा में सांसद ने कहा कि डॉ. आरके सिन्हा से उनके व्यक्तिगत संबंध थे। उनका जीवन संघर्ष, मेहनत और सफलता की प्रेरणादायक मिसाल रहा है। उन्होंने अपने परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर सफलता के शिखर को हासिल किया। एसआइएस समूह की स्थापना कर उन्होंने लाखों लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने का काम किया। उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। सांसद ने कहा कि डॉ. सिन्हा के निधन से देश, विशेषकर बिहार को अपूरणीय क्षति हुई है।

छठ पर्व पर यूके के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष कुमार ठाकुर देंगे रोगियों को निःशुल्क चिकित्सा सेवा

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर प्रसिद्ध वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बीबी ठाकुर के पुत्र यूके में कार्यरत कंसल्टेंट कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. आशीष कुमार ठाकुर अपने परिवार के साथ भारत आए हैं। इस दौरान वे छठ पर्व स्वयं करने के साथ ही हृदयम फाउंडेशन के बैनर तले हृदय रोगियों को निःशुल्क चिकित्सा सेवा भी प्रदान करेंगे। डॉ. आशीष कुमार ठाकुर के साथ उनकी पत्नी, जो मधुमेह एवं मोटापा विशेषज्ञ हैं, तथा उनकी पौत्री डॉ. अंशिनी ठाकुर भी आई हैं। डॉ. अंशिनी सर्जन बनने की दिशा में अध्ययनरत हैं।

डॉ. बीबी ठाकुर ने अपने शुभचिंतकों एवं परिचितों को बताया कि हृदयम फाउंडेशन के माध्यम से डॉ. आशीष कुमार ठाकुर हृदय रोगियों की निःशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श सेवा करेंगे। इसके अतिरिक्त इच्छुक लोग पूर्व निर्धारित समय पर उनसे मधुमेह, मोटापा, हृदय रोग एवं स्वास्थ्य से जुड़े अन्य विषयों पर भी बातचीत कर विशेषज्ञ परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह पहल आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य जागरूकता और विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्श उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

डॉ. आशीष के साथ मधुमेह एवं मोटापा विशेषज्ञ पत्नी और भावी न्यूरोसर्जन पुत्री भी पहुंचीं


मुजफ्फरपुर पहुंचे कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. आशीष कुमार ठाकुर एवं उनकी पत्नी।

छठ पर्व पर बड़ी खुशखबरी, यूनियन बैंक आफ इंडिया ने भी किसानों का केसीसी ऋण किया राईट औफ

सीतामढ़ी (एनएसबी)। छठ पर्व के मौके पर बडी खुशखबरी है कि बैंक आफ इंडिया की तर्ज पर यूनियन बैंक आफ इंडिया ने भी किसानों का केसीसी ऋण राईट औफ कर दिया है।छठ पर्व बाद यूनियन बैंक के जी एम का सीतामढी आगमन है जिसमें प्रभावित किसानों के साथ सभी बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा होगी।यूनियन बैंक के प्रबंधक तथा चीनी मिल के प्रतिनिधियों ने इस निर्णय की पुष्टि की है तथा बताया है कि छठ बाद तत्संबंधी पत्र भी आ जायगा। इस निर्णय से रीगा चीनी मिल से जुडे 3 हजार किसानों को 29 करोड रू के राईट औफ का लाभ मिलेगा अन्य कठिनाई भी दूर होगी।

जानकी जन्मोत्सव आयोजन समिति ने छठव्रतियों में बांटी साड़ी

सीतामढ़ी (एनएसबी)। लोक आस्था, श्रद्धा, पवित्रता एवं सूर्य उपासना के महापर्व छठ के पावन अवसर पर श्री जानकी जन्मोत्सव आयोजन समिति की ओर से श्री महारानी मंदिर, वार्ड संख्या 8 में छठ व्रतधारी माताओं एवं बहनों के बीच साड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सैकड़ों छठ व्रतियों के बीच साड़ी का वितरण कर उन्हें सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान एक अत्यंत भावुक, प्रेरणादायक और भारतीय संस्कृति के अनुरूप दृश्य देखने को मिला। समिति के सभी उपस्थित सदस्यों ने छठ व्रतधारी माताओं-बहनों को साड़ी भेंट करने के साथ उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। यह दृश्य उपस्थित लोगों के लिए विशेष आकर्षण और भावनात्मक अनुभूति का केंद्र रहा।


छठ व्रतियों के बीच श्री जानकी जन्मोत्सव आयोजन समिति के सदस्य व अन्य।

इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी विशाल कुमार ने कहा कि छठ महापर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि हमारी लोक संस्कृति, सामाजिक समरसता, त्याग, तपस्या और मातृशक्ति के प्रति सम्मान का प्रतीक है। छठ व्रती माताएं एवं बहनें कठिन नियमों, संयम और पूरी श्रद्धा के साथ भगवान सूर्य एवं छठी मैया की आराधना करती हैं। उनके प्रति सम्मान प्रकट करना और उनका आशीर्वाद प्राप्त करना हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि साड़ी वितरण का उद्देश्य केवल वस्त्र भेंट करना नहीं, बल्कि समाज की उन माताओं-बहनों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करना है, जिनकी आस्था और तपस्या से छठ महापर्व की पवित्रता और भव्यता बनी रहती है।समिति के सदस्यों ने कहा कि सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों की सार्थकता तभी है, जब उनके माध्यम से समाज में सेवा, सहयोग, संस्कार और आपसी सद्भाव की भावना मजबूत हो। समिति भविष्य में भी इसी प्रकार सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक गतिविधियों के माध्यम से जनसेवा के कार्यों में अपनी सहभागिता निभाती रहेगी।

कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष पंकज कुमार, नीरज कुमार गोयनका, कार्यक्रम प्रभारी विशाल कुमार, डॉ. प्रतिमा आनंद, सूरज कुमार, अंकित कुमार, रामप्रीत कुमार, अमर आनंद, संजय कुमार, आशीष कुमार सहित भोला राउत, सूरज कुमार, सोनी मिश्रा, राउत सहित अनेक गणमान्य लोग एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

सम्पादकीय

संकल्प संध्या : उम्मीद का नया दीप

शिक्षा केवल विद्यालय की चारदीवारी, पाठ्यपुस्तकों और परीक्षा में प्राप्त अंकों तक सीमित नहीं है। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य प्रत्येक बच्चे की क्षमता को पहचानना, उसकी कठिनाइयों को समझना और उसे जीवन में आगे बढ़ने का समान अवसर प्रदान करना है। किसी भी समाज की प्रगति तभी सार्थक मानी जा सकती है, जब आर्थिक और सामाजिक परिस्थितियों के कारण कोई विद्यार्थी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित न रह जाए। इसी सोच के साथ बिहार में शिक्षा विभाग की ओर से शुरू की जा रही 'संकल्प संध्या' एक महत्वपूर्ण और संभावनाओं से भरी पहल के रूप में सामने आई है।

सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले कमजोर विद्यार्थियों की शैक्षणिक स्थिति मजबूत करने के उद्देश्य से 17 नवंबर से राज्य के सभी 38 जिला मुख्यालयों में संकल्प संध्या के तहत निःशुल्क कक्षाओं का संचालन प्रस्तावित है। शाम पांच बजे से साढ़े सात बजे तक चलने वाली इन कक्षाओं में नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को पढ़ाई का अतिरिक्त अवसर मिलेगा। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी की पहल पर शुरू हो रही यह व्यवस्था अगले वर्ष 31 मार्च तक संचालित की जाएगी। खास बात यह है कि इसका विशेष लाभ उन विद्यार्थियों को देने का प्रयास होगा, जो पढ़ाई में कमजोर हैं अथवा आर्थिक परिस्थितियों के कारण निजी कोचिंग और अतिरिक्तशैक्षणिक सहायता प्राप्त नहीं कर पाते।

आज शिक्षा के क्षेत्र में सबसे बड़ी चुनौती केवल विद्यालयों में नामांकन बढ़ाना नहीं, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी को उसकी क्षमता के अनुरूप सीखने का अवसर उपलब्ध कराना है। विद्यालय में एक शिक्षक के सामने अलग-अलग अधिगम स्तर के अनेक विद्यार्थी होते हैं। कुछ बच्चे विषयों को जल्दी समझ लेते हैं, जबकि कुछ को उसी पाठ को समझने के लिए अधिक समय, अभ्यास और व्यक्तिगत मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। ऐसे में अतिरिक्तकक्षाएं कमजोर विद्यार्थियों के लिए काफी उपयोगी साबित हो सकती हैं।

संकल्प संध्या का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है कि इसमें केवल पाठ्यक्रम पूरा कराने की औपचारिकता नहीं, बल्कि गृहकार्य, विषयों की समझ और परीक्षा की तैयारी पर भी विशेष ध्यान देने की योजना है। अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, कंप्यूटर साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विषयों को प्राथमिकता देना वर्तमान समय की शैक्षणिक जरूरतों के अनुरूप है। आज का विद्यार्थी केवल पारंपरिक ज्ञान तक सीमित रहकर भविष्य की चुनौतियों का सामना नहीं कर सकता। उसे भाषा, तार्किक क्षमता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और डिजिटल तकनीक की समझ भी विकसित करनी होगी।

विशेष रूप से अंग्रेजी और गणित ऐसे विषय हैं, जिनमें अनेक विद्यार्थियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अंग्रेजी में संवाद और समझ की कमी तथा गणित में बुनियादी अवधारणाओं की अस्पष्टता आगे की पढ़ाई को प्रभावित करती है। यदि इन विषयों पर प्रारंभ से ही पर्याप्त अभ्यास और व्यक्तिगत ध्यान दिया जाए, तो विद्यार्थियों में आत्मविश्वास विकसित हो सकता है। विज्ञान की पढ़ाई को प्रयोग, गतिविधि और दैनिक जीवन के उदाहरणों से जोड़ना भी आवश्यक है। वहीं कंप्यूटर साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की जानकारी विद्यार्थियों को बदलती तकनीकी दुनिया के लिए तैयार करने में मदद कर सकती है।

इस पहल में डिजिटल संसाधनों और स्मार्ट बोर्ड का उपयोग करने की योजना भी सराहनीय है। तकनीक का सही उपयोग कठिन विषयों को सरल, रोचक और गतिविधि आधारित बना सकता है। लेकिन यह समझना भी आवश्यक है कि स्मार्ट बोर्ड या डिजिटल सामग्री अपने आप में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की गारंटी नहीं है। तकनीक तभी प्रभावी होगी, जब शिक्षक उसका उपयोग विद्यार्थियों की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप करेंगे। शिक्षण का केंद्र उपकरण नहीं, बल्कि विद्यार्थी और उसका अधिगम होना चाहिए।

इस व्यवस्था में सरकारी शिक्षकों के साथ-साथ 70 वर्ष से कम उम्र के इच्छुक सेवानिवृत्त आईएएस, बीएएस, बीईएस तथा अन्य सरकारी अधिकारी भी स्वैच्छिक रूप से शिक्षण कार्य में भाग ले सकेंगे। विद्यांजलि ऐप के माध्यम से पंजीकरण की सुविधा और जिला शिक्षा पदाधिकारी से अस्थायी अनुमति की व्यवस्था जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने का एक सकारात्मक प्रयास है। समाज के अनुभवी और शिक्षित लोगों का समय तथा ज्ञान यदि विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में लगाया जाए, तो यह शिक्षा व्यवस्था के लिए एक बड़ी सामाजिक पूंजी बन सकता है। हालांकि, इस पहल की वास्तविक सफलता केवल कक्षाएं शुरू कर देने से सुनिश्चित नहीं होगी। इसके लिए सबसे पहले विद्यार्थियों की शैक्षणिक स्थिति का सही आकलन करना होगा। कौन बच्चा अंग्रेजी में कमजोर है, किसे गणित की बुनियादी समझ में परेशानी है, किस विद्यार्थी को विज्ञान के सिद्धांत समझने में कठिनाई होती है और किसे परीक्षा की तैयारी के लिए अतिरिक्त मार्गदर्शन चाहिए इन सभी पहलुओं की पहचान आवश्यक है।

छठ : लोक आस्था, प्रकृति और संस्कृति का संगम



बी. कृष्णा

(ज्योतिष, योग एवं आध्यात्मिक चिंतक)

भारतीय संस्कृति की विशेषता उसकी विविध परंपराओं में निहित एकात्म चेतना है। यहां पर्व और त्योहार केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामूहिक जीवन-मूल्यों, सांस्कृतिक निरंतरता और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता की अभिव्यक्ति हैं। भाषा, भूषा, भोजन, भजन और भ्रमण भारतीय लोकजीवन के पांच ऐसे सांस्कृतिक सूत्र हैं, जिनमें हमारी परंपराओं और सामूहिक पहचान की झलक मिलती है। इनका सहज समन्वय छठ महापर्व में विशेष रूप से दिखाई देता है। लोकगीतों की मधुरता, पारंपरिक वेशभूषा, सात्विक प्रसाद, सूर्य उपासना और घाटों तक सामूहिक सहभागिता इस पर्व को भारतीय लोक संस्कृति का विशिष्ट उत्सव बनाती है।

दीपावली के छठे दिन, कार्तिक शुक्ल षष्ठी को मनाया जाने वाला छठ महापर्व सूर्योपासना की प्राचीन लोक परंपरा है। चार दिनों तक चलने वाला यह पर्व मुख्यतः बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश में विशेष श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। समय के साथ इसकी लोकप्रियता देश के महानगरों से लेकर विदेशों तक पहुंची है। सूर्य समस्त जीव-जगत के जीवन, ऊर्जा और प्रकाश के आधार हैं। उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने वाला यह पर्व मनुष्य और प्रकृति के बीच आत्मीय संबंध को साकार करता है। यहां सूर्य केवल आराध्य नहीं, बल्कि जीवन के आधार और प्रकृति की जीवनदायी शक्ति के प्रतीक हैं।



छठ की उपासना का सबसे विशिष्ट पक्ष अस्ताचलगामी और उदित होते सूर्य, दोनों को अर्घ्य अर्पित करना है। सामान्यतः मनुष्य सफलता और उत्कर्ष का सम्मान करता है, किंतु छठ की परंपरा अस्त होते सूर्य के प्रति भी समान श्रद्धा प्रकट करती है। यह जीवन के प्रत्येक चरण के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का भाव है। अस्त होते सूर्य में भी आगामी उदय की संभावना निहित रहती है। इस प्रकार अवसान और नवोदय, दोनों को समान महत्व देने वाली यह परंपरा जीवन में परिवर्तन को सहजता से स्वीकार करने की प्रेरणा देती है।

छठ की चार दिवसीय साधना का आरंभ नहाय-खाय से होता है। इसके बाद खरना, संध्या कालीन अर्घ्य और उषा कालीन अर्घ्य की परंपरा आती है। प्रत्येक चरण में शारीरिक शुचिता, मानसिक एकाग्रता और आत्मसंयम का विशेष महव है। खरना के दिन व्रती दिनभर उपवास रखते हैं और संध्या के समय मिट्टी के चूल्हे पर गुड़ की खीर तथा रोटी का प्रसाद तैयार कर पूजा करते हैं। इसके बाद लगभग 36 घंटे का निर्जला व्रत आरंभ होता है, जिसका समापन उषा कालीन अर्घ्य के साथ होता है। यह कठिन साधना संकल्प, धैर्य और संयम का परिचायक है। खरना के प्रसाद में मिट्टी के चूल्हे की सादगी, श्रम की सुगंध और गुड़ की मिठास का अनूठा मेल दिखाई देता है। इसकी सात्विकता जीवन में सादगी और संतोष के महत्व को भी रेखांकित करती है।

छठ की एक बड़ी विशेषता इसकी सामाजिक समरसता है। घाटों पर सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते समय सामाजिक और आर्थिक भेदभाव गौण हो जाते हैं। सभी एक ही श्रद्धाभाव से सूर्योपासना में सहभागी होते हैं। लोकगीतों में सामूहिक आस्था स्वर पाती है और सामूहिक प्रार्थना में पूरा समाज एक लय में बंध जाता है। व्रती के प्रति सम्मान, प्रसाद का वितरण और पूजा की सामूहिक व्यवस्था सामाजिक आत्मीयता को सुदृढ़ करती है। यहां व्यक्ति की प्रतिष्ठा से अधिक महत्व उसकी श्रद्धा और सहभागिता का होता है। यही विशेषता छठ को लोकजीवन में समरसता का जीवंत उत्सव बनाती है।

इस सामूहिकता का आत्मीय रूप परिवार में भी दिखाई देता है। छठ की तैयारियां किसी एक व्यक्ति का कार्य नहीं होतीं। परिवार का प्रत्येक सदस्य अपनी क्षमता के अनुसार योगदान देता है। कोई पूजन सामग्री जुटाता है, कोई प्रसाद बनाने में सहयोग करता है, तो कोई घाट की व्यवस्था संभालता है। पड़ोस और समुदाय के लोग भी इस आयोजन से जुड़ते हैं। इस सहभागिता से सेवा, सहयोग और उत्तरदायित्व के संस्कार विकसित होते हैं। बच्चे और नई पीढ़ी अपने बड़ों के साथ रहकर परंपराओं को केवल देखते-सुनते नहीं, बल्कि उनमें सहभागी बनकर अनुभव करते हैं। इस प्रकार छठ पीढ़ियों के बीच सांस्कृतिक संवाद और पारिवारिक संस्कारों के हस्तांतरण का सशक्त माध्यम बनता है।

प्रकृति के प्रति कृतज्ञता छठ की पूजा-पद्धति में आरंभ से अंत तक व्याप्त है। नदी, तालाब और जलाशयों के तट पर सूर्य उपासना जल के महत्व और जीवन में इसकी अनिवार्यता का स्मरण कराती है। अर्घ्य के लिए जल, प्रसाद के लिए अन्न और फल तथा पूजन सामग्री में धरती से प्राप्त वस्तुओं का उपयोग मनुष्य की प्रकृति पर निर्भरता का बोध कराता है। बांस के सूप और टोकरी, मिट्टी के दीपक, गन्ना, फल और अन्य प्राकृतिक वस्तुएं इस पर्व को प्रकृति के और निकट ले जाती हैं। यहां आस्था केवल सूर्य के प्रति नहीं, बल्कि उस धरती, जल और अन्न के प्रति भी है, जो जीवन का पोषण करते हैं। इस परंपरा की सार्थकता तभी पूर्ण होगी, जब श्रद्धा के साथ जलाशयों की स्वच्छता, प्लास्टिक के निषेध और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संकल्प भी जुड़ा हो।

छठ की पूजा सामग्री में स्वदेशी जीवनशैली और स्थानीय अर्थव्यवस्था का सुंदर समन्वय दिखाई देता है। बांस से सूप और टोकरी बनाने वाले शिल्पकार, मिट्टी के दीपक तैयार करने वाले कुम्हार, कृषि उत्पाद उपलब्ध कराने वाले किसान और पारंपरिक प्रसाद तैयार करने वाले परिवार सभी का श्रम इस पर्व से जुड़ता है। स्थानीय उत्पादों और हस्तनिर्मित वस्तुओं को प्राथमिकता देने से पारंपरिक शिल्प तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन मिलता है। इस प्रकार छठ धार्मिक आस्था के साथ श्रम के सम्मान, स्थानीय उत्पादन और आत्मनिर्भर जीवनशैली को भी अभिव्यक्ति देता है।

छठ का सामूहिक आयोजन नागरिक कर्तव्य बोध का भी परिचायक है। घाटों की सफाई, मार्गों की व्यवस्था, प्रकाश और सुरक्षा के प्रबंधन में प्रशासन के साथ स्थानीय नागरिकों की सहभागिता महवपूर्ण होती है। सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता और व्यवस्था बनाए रखना केवल प्रशासन का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। श्रद्धा जब व्यवहार में उतरती है, तब वह सेवा, सहयोग और कर्तव्य का रूप ग्रहण करती है। इस दृष्टि से छठ महापर्व सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवनशैली और नागरिक कर्तव्यबोध जैसे पंच परिवर्तन के आयामों को भी सहज अभिव्यक्ति देता है। ये मूल्य इस पर्व पर बाहर से आरोपित नहीं हैं, बल्कि इसकी परंपराओं और सामूहिक व्यवहार में पहले से ही विद्यमान हैं।

छठ का वास्तविक सौंदर्य इसी समग्रता में निहित है। एक ओर कठिन व्रत के माध्यम से आत्म संयम की साधना है, तो दूसरी ओर परिवार और समाज की सामूहिक सहभागिता। एक ओर सूर्य के प्रति श्रद्धा है, तो दूसरी ओर जल, भूमि और अन्न के प्रति कृतज्ञता। लोकगीतों में पीढ़ियों से प्रवाहित आस्था के साथ स्थानीय शिल्प, श्रम और स्वदेशी जीवनशैली के प्रति सम्मान भी जुड़ा है। इस प्रकार छठ महापर्व धार्मिक आस्था की सीमाओं से आगे बढ़कर लोकजीवन, प्रकृति और संस्कृति के बीच जीवंत संबंध का उत्सव बन जाता है।

संध्याकाल में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने से लेकर उषाकाल में उदित होते सूर्य के स्वागत तक छठ की साधना जीवन में श्रद्धा, धैर्य और आशा का संचार करती है। यह पर्व स्मरण कराता है कि प्रति के प्रति कृतज्ञता केवल पूजा तक सीमित न रहे, बल्कि उसके संरक्षण और संवर्धन में भी अभिव्यक्त हो।

लोकगीतों, पारिवारिक सहभागिता, सामूहिक उपासना और प्रकृति के प्रति सम्मान में जीवित यह परंपरा भारतीय संस्कृति की उस निरंतरता का प्रतीक है, जो पीढ़ियों को जोड़ती है और जीवन को व्यापक अर्थ प्रदान करती है।

(लेखक वरिष्ठ स्तम्भकार हैं।)
(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

आजाद-ओवैसी की ललकार, तीसरा मोर्चा यूपी में बदलेगी सरकार ?



डा. संजीव कुमार

सामाजिक एवं राजनीतिक विशेषज्ञ

दैनिक नवसंदेश / राजनीतिक समीक्षा

चंद्रशेखर आजाद से कभी एक डिबेट में एंकर ने पूछा था कि जब कभी मुसलमानो पर हमला होता है तो आप उनके साथ सबसे पहले खड़े नजर आते हैं, आखिर दलितों और मुसलमानों का ऐसा क्या रिश्ता है । तब उन्होंने बड़ा सीधा और सरल जवाब दिया था । दलितों और मुसलमान के बीच जो रिश्ता है वह दर्द का रिश्ता है । इस 12 नवंबर को अंततः इस दर्द के रिश्ते के दोनों राजनेताओं ने मिलकर तीसरा मोर्चे का ऐलान कर राजनीतिक गलियारों को गर्म कर दिया है ।

राजनीतिक रूप से भले ही इस गठबंधन को तीसरा मोर्चा का नाम दिया जाए पर चंद्रशेखर की भाषा में यह पहला (प्रथम क्रम) राजनीतिक मोर्चा है।

आज की सक्रिय राजनीति में आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष और नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद जिस प्रकार से परिश्रम कर रहे हैं और उत्तर प्रदेश सहित देश की राजनीति में हलचल पैदा कर रखी है उनके जैसे तेवर का नेता कहीं आसपास इस वक्त भारत में दिखाई नहीं दे रहा हैं।

इस मोर्चे के गठन से पहले वें सपा प्रमुख अखिलेश यादव को कई बार गठबंधन करने के लिए कह चुके थे, बहुजन समाज पार्टी के लिए तो उन्होंने आज तक अपना दरवाजा बंद नहीं किया है और आगे भी वे इस विकल्प को खुला रखने वाले हैं। उनका लक्ष्य स्पष्ट है प्रदेश और देश में भ्रष्टाचार, बलात्कार, अपराध में संलिप्त भाजपा मुक्त शासन।

वही ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुसलमिन (एआईएमआईएम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी का भी राजनीतिक उद्देश्य भाजपा मुक्त भारत है। अतः जाहिर है दोनों पार्टियों के विचार आपस में बहुत ज्यादा मेल रखते हैं और दोनों पार्टी का जनाधार जब मुस्लिम और दलित हैं तो इनका अलग लड़ना अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने के अलावा कुछ नहीं था। इसलिए इनकी राजनीतिक गठबंधन की दृष्टि से यह तीसरा मोर्चा बनना बहुत जरूरी था।



लम्बे अरसे से देश में एक ऐसे ही राजनीतिक मोर्चे कि जरुरत महसूस होती रही है जो वास्तव में देश के दबे कुचले , शोषित वंचित ,समाज का प्रतिनिधित्व कर सके। आजाद और ओवैसी द्वारा बनाया गया सामाजिक परिवर्तन मोर्चा (एस पी एम) ऐसे ही मोर्चे की तलाश में निर्मित दिख रही है ।

आज एआईएमआईएम निश्चित तौर पर मुस्लिम समाज का प्रतिनिधित्व करने वाला एकलौता राजनीतिक पार्टी है । वही बसपा के कमजोर हो जाने की वजह से एएसपी आज सबसे ताकतवर दलित पार्टी बनकर उभरती दिखाई दे रही है। प्रदेश में 19. 06 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता है और 20. 07 प्रतिशत दलित। इसे आरक्षित 84 सीटों के गणित से समझे तो यह मोर्चा योगी आदित्यनाथ के साथ साथ अखिलेश यादव का भी गणित बिगाड़ता दिख रहा है ।

आजम खान की लगातार उपेक्षा एवं मुस्लिमों पर बढ़ते हमले पर अखिलेश की खामोशी से जहाँ मुस्लिम अपना नया ठिकाना ढूंढ रहे थे वही बसपा कि ढुलमुल राजनीति से दलित पहले ही चंद्रशेखर के साथ खड़े हो चुके है ऐसे में यह तीसरा मोर्चा इनका नया वजूद बन सकता है। और दलितों तथा मुस्लिमों ने यदि ईमानदारी से इस तीसरे मोर्चे का साथ निभा दिया तब तो प्रदेश में दूसरा सबसे बड़ा गठबंधन भी बन सकता। ऐसे में 2029 के लोकसभा चुनाव में इस तीसरे मोर्चे को नजर अंदाज करना आसान नही होगा।

गौरतलब हैं कि पिछले एक दशक से दलितों पर हमले बढ़ने के साथ-साथ मुसलमानों पर भी हमले बढ़े हैं। भारतीय जनता पार्टी के नेता खुलेआम अपने मंचों से मुसलमानों के खानपान, पहनावे तथा व्यवसाय पर आए दिन तीखी टिप्पणी करते रहते हैं। जिसके परिणाम स्वरूप कई बार मुसलमानों के ऊपर हमले हुए हैं। मोहम्मद अखलाक, मजलू अंसारी, जुनैद खान, अलीमुद्दीन, रकबर, तबरेज तथा साबिर अंसारी जैसे अनगिनत लोगों का हिंसक धार्मिक प्रताड़ना के आधार पर कहीं मॉब लिंचिंग की गई तो कहीं झूठे केस में फसाया गया। उत्तर प्रदेश की सरकार बिना किसी कानूनी भय और नियम के मुसलमान परिवारों का घर बुलडोज करती आ रही है जिस पर कई बार माननीय हाईकोर्ट द्वारा भी टिप्पणी की जा चुकी है । पर सरकार अपने रवैये से बाज नहीं आ रही। दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश के हाथरस, बदायूं, उन्नाव, हंडिया में दलित बच्चियों के साथ सामूहिक बलात्कार की घटनाओं ने प्रदेश के लचर प्रशासन को बे पर्दा कर के रख दिया है । यहाँ हर दिन ऐसी घटनाए देखने को मिल रही है यही वजह है कि उत्तर प्रदेश दलितों पर होने वाले अत्याचार के मामले में प्रथम श्रेणी पर हैं।

अब तक इस देश ने कांग्रेस और बीजेपी तथा उसके विचारों के आसपास के लोगों को ही सत्ता के पक्ष -विपक्ष में बैठते देखा है इसे और स्पष्ट शब्दों में समझा जाए तो यह कहा जा सकता है कि देश के लोकतंत्र में दोनों तरफ से हमेशा से शासन और सत्ता में रहने वाले समाज के लोगों का ही दबदबा रहा है। इस दोनों खेमे में देश का दलित, पिछड़ा, वंचित,अल्पसंख्यक बस मतदान देने तक का ही अधिकार रखता है सत्ता की चाभी उसके हाथ में कभी सपने में भी नहीं आ पाती। कुछ प्रदेशों के मुख्यमंत्री यदि दलित, अल्पसंख्यक तथा आदिवासी बनाए भी जाते हैं तो वह सिर्फ अपनी पार्टी के वफादार कारीगर ही बनकर काम करते रहे हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती, स्व. मुलायम सिंह, लालू यादव तथा शिबू सोरेन इसके अपवाद है। यही वजह है कि ये स्वछन्द होकर कार्य कर सके। जिसके परिणाम स्वरुप इनको लम्बी कानूनी अड़चनों का सामना करना पड़ा ।यही कारण है कि ये सभी राज्य कि राजनीति से आगे नही बढ़ सके ।

2027 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव बहुत कुछ तय करने वाला हैं। यह चुनाव 2029 में होने वाले लोकसभा चुनाव का सेमी फाइनल भी कहा जा सकता है। भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में धन बल और कल के साथ उतरेगी। यह चुनाव उनके नैतिक और अनैतिक परख को मजबूत करने के लिए भी लड़ा जाएगा। 2029 के बाद भारत दुनिया में अपनी क्या पहचान बना सकता है इसकी लकीर बहुत हद तक 2027 में तय होगी। भारत का पूरा बौद्धिक समाज, शैक्षणिक जगत, वैश्वीक रणनीति सब कुछ 2027 के विधानसभा चुनाव पर टिका हुआ है। पर एक बात तो तय है कि आने वाले कल में यह तीसरा मोर्चा एक दिन जरुर किसी दलित मुस्लिम को लाल किले से तिरंगे को सलामी देने वाला प्रधानमंत्री दे सकता है। *(ये लेखक के निजी विचार हैं।)*

रीना सोपम की किताब, कला परिदृश्य, कालजयी कलाकार और बिहार को जयपुर सम्मान, 2027 देने की घोषणा

पटना (दैनिक नवसंदेश) । रीना सोपम लिखित किताब, कला परिदृश्य, कालजयी कलाकार और बिहार को जयपुर सम्मान, 2027 देने की घोषणा की गई है।

जयपुर साहित्य संगीति ने जयपुर सम्मान,2027 के विभिन्न विधाओं के विजेता लेखक- लेखिकाओं और उनकी किताबों की सूची जारी करते हुए बताया कि चयन समिति ने नाटक, शास्त्रीय संगीत और शास्त्रीय वादन केटेगरी में कला परिश्य, कालजयी कलाकार और बिहार को इस सम्मान के लिए चयनित किया है।

जयपुर साहित्य संगीति के संयोजक, अरविंद कुमारसंभव ने कहा कि कला परिदृश्य, कालजयी कलाकार और बिहार किताब को यह पुरस्कार विशिष्ट लेखन शैली के साथ-साथ देश की महान हस्तियों के योगदान का दस्तावेजीकरण के लिए दिया गया है। उन्होंने बताया कि जयपुर सम्मान में अनेक केटेगरी हैं जिसके लिए लिए देश भर के लेखकों के नाम और उनकी किताबें आईं थी। छठ पर्व के पहले सभी विधाओं के विजेताओं को चयन समीति के निर्णय की सूचना दे दी गई है। जयपुर सम्मान अलंकरण समारोह जयपुर में दिसंबर 25 को होगा।



वरिष्ठ पत्रकार तथा कला लेखिका रीना सोपम द्वारा लिखित तथा वरिष्ठ कलाकार श्यामल दास द्वारा डिजाइन की गई यह किताब बिहार की सांस्तिक यात्रा है जिसमें देश के दिग्गज कलाकारों की जीवनी के साथ-साथ बिहार से जुडी उनकी स्मृतियाँ शामिल हैं। यहाँ विदुषी अन्नपूर्णा देवी, किशोरी अमोणकर और यामिनी कृष्णमूर्ति तथा शांति हीरानंद तो हैं ही, देश की पहली महिला तबला वादिका डॉ अबान ई मिस्त्री के बिहार से गहरे संबंध पर विस्तृत जानकारी है। बल्कि पहली बार उस्ताद बल्लू खाँ, उस्ताद इमरत हुसैन, पं उदयशंकर सरीखे कलाकारो की जीवनी हिंदी में लिखी गई है। चार सरोद वादको, उस्ताद अली अकबर खान, उस्ताद बहादुर खान, पं ज्योतिन भट्टाचार्य तथा प्रो चंद्रकांत लाल दास को शामिल किया गया है और दो ध्रुपद गायकों, पं रामचतुर मल्लिक तथा पं सियाराम तिवारी की जीवनी है । इस किताब का एक सेक्शन ख्याल और बिहार के ध्रुपद घराने और वर्तमान समय में उनकी चुनौतियों पर है। बिहार मे बदलते कला परिवेश पर भी कई विद्वान कलाकारों के विचार हैं। इस किताब का आवरण चित्र और पूरे किताब की डिजाइनिंग वरिष्ठ कलाकार, श्यामल दास ने की है।

गन्ना साथी एआई चैटबॉट

पटना (दैनिक नवसंदेश) । गन्ना किसानों को विभागीय योजनाओं और सेवाओं से जोड़ने के लिए गन्ना उद्योग विभाग ने डिजिटल सेवा शुरू कर दिया है। राज्य के गन्ना किसानों को 'गन्ना साथी' एआई चैटबॉट से उन्हें सभी जानकारी प्राप्त होने लगी है।

विदित हो कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की सरकार ने राज्य में गन्ना का विकास करने के लिए कई योजनाएं शुरू की है, ताकि किसान कम लागत में गन्ना की अच्छी खेती शुरू कर सकें। इसको लेकर गन्ना उद्योग विभाग ने किसानों के लिए डिजिटल सेवा प्रारंभ किया है। इसकी शुरूआत गन्ना उद्योग विभाग के मंत्री संजय कुमार ने एक माह पूर्व की थी। बताया जाता है कि किसानों के लिए शुरू किये गए 'गन्ना साथी' एआई चैटबॉट से उन्हें सभी आवश्यक जानकारी मिल रही है। इसके अलावा गन्ना किसानों की डिजिटल पहचान पत्र भी बनाए जा रहे हैं।

गन्ना उद्योग विभाग के अनुसार 'गन्ना साथी' एआई चैटबॉट के माध्यम से किसान और गन्ना विभाग के बीच सूचनाओं एवं सेवाओं का आदान-प्रदान आसानी से हो रहा है। पहचान पत्र पर उपलब्ध क्यूआर कोड को मोबाइल से स्कैन कर किसान विभाग की योजनाओं और कार्यक्रमों, अपने आवेदन की स्थिति, महत्वपूर्ण सूचनाओं और किसान हित से जुड़ी अन्य जानकारियां प्राप्त कर रहे हैं। गन्ना उद्योग विभाग के लिए विकसित 'गन्ना साथी' एआई आधारित नागरिक सहायता चैटबॉट है। इसका उद्देश्य किसानों और नागरिकों को सरकारी सेवाओं तथा विभागीय जानकारियां सरल और संवादात्मक तरीके से उपलब्ध कराना है।

चैटबॉट की खासियत यह है कि किसान को यह पता लगाने की जरूरत नहीं होगी कि विभागीय पोर्टल पर कौन-सी सेवा किस मेन्यू में उपलब्ध है। 'गन्ना साथी' बातचीत के दौरान चरण-दर-चरण मार्गदर्शन करेगा। किसान विकल्प चुनकर या आवश्यकतानुसार थोड़ी जानकारी दर्ज कर अपनी जरूरत की सेवा तक पहुंच सकेंगे। डिजिटल सेवा को अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए 'गन्ना साथी' में हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में बातचीत की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

अनिल कपूर ने 'इंडिया के टॉप 1 प्रतिशत' में शत्रुघ सिन्हा को बताया 'दोस्तों का दोस्त', बोले : मुझे गर्व है कि वे मेरे पड़ोसी हैं



मुंबई / पटना (दैनिक नवसंदेश) । अनिल कपूर और शत्रुघ सिन्हा की पहचान दशकों पुरानी है। दोनों 1980 के दशक की फिल्म 'युद्ध' में साथ नजर आए थे और असल जिदगी में पड़ोसी भी हैं। स्टार प्लस के 'इंडिया के टॉप 1 प्रतिशत- द अनिल कपूर शो' में अनिल कपूर ने शत्रुघ सिन्हा के साथ अपनी दोस्ती का जिक्र किया और कहा कि उन्हें गर्व है कि शत्रुघ सिन्हा उनके पड़ोसी हैं।

शो के 'ग्रेट इंडियन बुद्धि लीग' स्पेशल में बिहार के प्रतिभागी लालमणि श्रीवास्तव ने खुद को दुनिया का सबसे खुश इंसान बताया। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग हमेशा खुश रहते हैं।

इस पर अनिल कपूर ने मशहूर कहावत सुनाई, जो न कटे आरी से, वो कटे बिहारी से। फिर उन्होंने बिहार की प्रतिभाओं की तारीफ करते हुए शत्रुघ सिन्हा का जिक्र किया, क्योंकि वे भी बिहार के ही हैं।

अनिल कपूर ने कहा, मेरे पड़ोसी हैं शत्रुघ सिन्हा साहब, वे बिहार से हैं। मैं उनकी बहुत इज्जत करता हूँ। बहुत बढ़िया इंसान हैं और मैं दिल से उनको चाहता हूँ। इन फैक्ट, शत्रुघ साहब दोस्तों के दोस्त हैं और मुझे गर्व है कि वे मेरे पड़ोसी हैं।

देखिए 'इंडिया के टॉप 1 प्रतिशत- द अनिल कपूर शो' हर शनिवार और रविवार रात 8 बजे, स्टार प्लस और जियोहॉटस्टार पर।

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश (डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

छठ पर्व को लेकर प्रशासन अलर्ट, 1029 स्थानों पर दंडाधिकारी व पुलिस बल तैनात, महत्वपूर्ण घाटों पर सादे लिबास में पुलिस करेगी निगरानी

मोतिहारी(एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। जिला दंडाधिकारी सह जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने संयुक्त आदेश जारी कर जिले के 1029 संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की है। महत्वपूर्ण छठ घाटों पर सादे लिबास में पुलिसकर्मी निगरानी करेंगे। वहीं, चिन्हित घाटों पर एसडीआरएफ टीम एवं आपदा मित्रों की भी तैनाती की जाएगी।जारी आदेश के अनुसार, छठ महापर्व 13 नवंबर को नहाय-खाय के साथ शुरू होगा। 14 नवंबर को खरना, 15 नवंबर को संध्या अर्घ्य तथा 16 नवंबर को प्रातःकालीन अर्घ्य दिया जाएगा। पर्व के दौरान शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने सभी थानों को अलर्ट मोड में रहने और लगातार गश्ती करने का निर्देश दिया है।छह अनुमंडलों में 1029 स्थानों पर तैनाती

सुरक्षा व्यवस्था के तहत मोतिहारी अनुमंडल में 296, पकड़ीदयाल में 114, अरेराज में 235, चकिया में 117, सिकरहना में 218 तथा रक्सौल अनुमंडल में 49 स्थानों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। आवश्यकता पड़ने पर थानाध्यक्षों को अपने स्तर से भी



समीक्षा बैठक करते डीएम एवं एसपी

पुलिस बल की तैनाती करने का निर्देश दिया गया है। शहरी क्षेत्र में श्रद्धालुओं की भीड़ एवं घाटों की सतत निगरानी के लिए सेक्टर गठित कर सेक्टर पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। छठ पर्व के दौरान त्वरित कार्रवाई के लिए कि रिस्पांस टीम का भी गठन किया गया है।

पटाखों की बिक्री और नाव परिचालन पर रोक

प्रशासन ने छठ घाटों एवं पूजा स्थलों के आसपास पटाखों की बिक्री और आतिशबाजी पर प्रतिबंध लगाया है। साथ ही निजी नावों के परिचालन पर भी रोक रहेगी। सभी महत्वपूर्ण घाटों पर आवश्यकता के अनुसार वाच टावर, सीसीटीवी कैमरे एवं वीडियोग्राफर की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। घाटों पर अफवाह और भीड़ अनियंत्रित होने की स्थिति से निपटने के लिए अतिरिक्तसुरक्षित रास्ते, पर्याप्त रोशनी एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों से सूचनाओं का प्रसारण सुनिश्चित करने को कहा गया है।

24 घंटे कार्यरत रहेगा जिला नियंत्रण कक्ष

श्रद्धालुओं की सुविधा एवं किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए जिला स्तर पर 24 घंटे कार्यरत नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। यहां तीन पालियों में पदाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 06252-242418 है। इसके अतिरिक्त मोतिहारी अनुमंडल में 10, सिकरहना में तीन, चकिया में दो, पकड़ीदयाल में दो, अरेराज में दो तथा रक्सौल में तीन स्थानों सहित कुल 22 जगहों पर अतिरिक्त नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जा रहे हैं।

घाटों पर मेडिकल टीम, एंबुलेंस और बचाव दल रहेंगे तैनात

सिविल सर्जन को जिला नियंत्रण कक्ष एवं प्रमुख छठ घाटों पर एंबुलेंस, आवश्यक दवाओं और मेडिकल टीम की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। अगिशमन पदाधिकारी को आवश्यक सुविधाओं से युक्त अगिशमन वाहन जिला नियंत्रण कक्ष में तैनात रखने को कहा गया है। वहीं, सभी अंचलाधिकारियों को नदी एवं खतरनाक तालाबों के घाटों पर नाव, नाविक, महाजाल, रस्सा और गोताखोरों की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। जिला आपदा प्रबंधन विभाग के समन्वय से लाइफ जैकेट की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी।

असामाजिक तत्वों पर रहेगी विशेष नजर

डीएम एवं एसपी ने सभी थानाध्यक्षों एवं ओपी अध्यक्षों को असामाजिक, गुंडा एवं सांप्रदायिक तत्वों के विरुद्ध पूर्व से ही निरोधात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। प्रमुख घाटों, हाट-बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष निगरानी रखने तथा शांति और सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध तत्काल कड़ी कार्रवाई करने को कहा गया है। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को स्वयं भ्रमणशील रहकर यातायात एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया गया हैस इधर, विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंताओं को पूजा समितियों द्वारा घाटों पर की गई विद्युत व्यवस्था की सुरक्षा जांच पहले ही पूरी करने तथा किसी भी त्रुटि को दूर कराने का निर्देश दिया गया है।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों से लोक आस्था के इस महापर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं आपसी सौहार्द के साथ मनाने की अपील की है। साथ ही सभी जिलेवासियों को छठ महापर्व की शुभकामनाएं दी हैं।

डीएम एवं एसपी ने रक्सौल में छठ घाटों का किया निरीक्षण

मोतिहारी(एनएसबी)। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के द्वारा रक्सौल अनुमंडल अंतर्गत छठ महापर्व की तैयारियों एवं विधि-व्यवस्था का जायजा लेने हेतु विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया गयास इस क्रम में नेपाल से आने वाली सिरिसिया नदी के तट पर अवस्थित भकुआ ब्रह्मस्थान एवं कस्टम चौक स्थित छठ घाटों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया गया। साथ ही, भारत-नेपाल सीमा पर अवस्थित मैत्री पुल का भी निरीक्षण कियां गयास निरीक्षण के दौरान घाटों पर साफ-सफाई, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए।



संक्षिप्त खबरें

सड़क दुर्घटना में एक ही गांव के दो युवक की मौत

कल्याणपुर(एनएसबी)। सिसवा खरार पंचायत के वार्ड संख्या पन्द्रह व चौदह निवासी दो युवकों के सड़क हादसे में हुई दर्दनाक मौत से छठ पर्व मातम में बदल गया। इन परिवार के दोनों लाल की मौत की खबर मिलते ही परिवार के सदस्यों में हाहाकार मच गया। आदित्य के पिता ने धनतेरस के दिन ही मोटरसाइकिल खरीदा था। उन्हें क्या पता था कि उसी मोटरसाइकिल से घर लौटने के दौरान उसकी मौत हो जायेगी। आदित्य के पिता महाराष्ट्र एवं सूरज के पिता आंध्रप्रदेश में मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। आदित्य (14) चार बहनों के बीच एकलौता भाई था। वह सबसे छोटा था। आदित्य की मां का स्वर्गवास हो चुका है। सूरज (18) दो भाई एक बहन में सबसे बड़ा था। मां झूनी देबी, बहन, भाई रो रोकर बेहाल हो रहे थे। गुरुवार की रात में ही यह हृदय विदारक खबर सुनकर परिजन एवं ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचने लगे। दोनों युवकों का शव देखकर सभी की आंखें नम थी।सूरज के बाबा बता रहे थे कि सूरज बोला था कि बझिया बजार कपड़ा खरीदने जा रहे है।लेकिन सूरज नहीं आया उसकी लाश आई है ।मृतक के आस पड़ोस के लोग इस घटना को सूनकर अचंभित व मर्माहत थे। सभी परिजनों को ढांढस बंधा रहे थे।

छठघाट को रंग-रोगन कर पूर्व मुखिया डा़ बेबी आलम ने पेश की कौमी एकता की मिसाल

तुरकौलिया(एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर तुरकौलिया पूर्वी पंचायत स्थित कालीमाई छठघाट पर पूर्व मुखिया डा़ बेबी आलम ने रंग-रोगन एवं साफ-सफाई कर धार्मिक सौहार्द और कौमी एकता की अनूठी मिसाल पेश की है। छठ महापर्व के प्रति श्रद्धा और सम्मान प्रकट करते हुए उन्होंने घाट की सुंदरता बढ़ाने के साथ-साथ स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखा। डा़ बेबी आलम की इस पहल को सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे की एक सकारात्मक मिसाल के रूप में देखा जा रहा है। छठ पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि लोक आस्था, पवित्रता, स्वच्छता और सामाजिक एकजुटता का भी महापर्व है। ऐसे अवसर पर दूसरे समुदाय के लोगों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा और पर्व की तैयारियों में सहयोग करना गंगा-जमुनी तहजीब और भारतीय सांस्कृतिक परंपरा की खूबसूरती को दर्शाता है। पूर्व मुखिया की इस पहल से यह संदेश भी मिलता है कि धर्म और आस्था का सम्मान किसी एक समुदाय तक सीमित नहीं है, बल्कि एक-दूसरे के पर्व-त्योहारों में सहभागिता से समाज में प्रेम, विश्वास और भाईचारा मजबूत होता है। उनके इस कार्य की स्थानीय स्तर पर सराहना की जा रही है। इस अवसर पर मंटू कुमार, उमेश कुमार, कुअर शर्मा, भानू शर्मा, रवि शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

विधायक प्रमोद कुमार ने शहर के विभिन्न छठ घाटों का किया निरीक्षण

मोतिहारी(एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर मोतिहारी के विधायक प्रमोद कुमार ने आज शहर के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक श्री कुमार ने सत्यदेव बाबू घाट राजा बाजार, एम्एसक़लेज घाट , अटल उद्यान बेलीसराय घाट, गायत्री नगर घाट, वृक्षे स्थान घाट, कदम घाट, मलंग घाट, जानपुल घाट, हनुमान गढ़ी घाट, डायट छौनी घाट एवं रइंग क्लब सहित शहर के विभिन्न छठ घाटों का जायजा लियास निरीक्षण के क्रम में घाटों की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, रोशनी, पहुंच पथ, पेयजल एवं छठ वतियों और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लिया गया। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि छठ महापर्व को देखते हुए सभी घाटों पर आवश्यक व्यवस्थाएं ससमय पूरी की जाएं, ताकि वतियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। विधायक श्री कुमार ने कहा कि छठ महापर्व हमारी आस्था, परंपरा और सांस्तिक विरासत का महान पर्व है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं स्वच्छता सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए प्रशासन और नगर निगम को पूरी तत्परता के साथ कार्य करना चाहिए।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी के सामूहिक प्रयास से छठ महापर्व शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न होगा। साथ ही उन्होंने समस्त छठ वतियों एवं श्रद्धालुओं को महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।निरीक्षण के दौरान उनके साथ अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) अरुण कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर दिलीप सिंह तथा मोतिहारी नगर निगम के उप महापौर डव लालबाबू प्रसाद, रोचक झा, गुलरेज शहजाद, मोव मोजाहिद, जय सिंह, हरेंद्र कुमार, पंकज सिन्हा, रिषभ झा, अवनि सिंह, राजेश कुमार, उत्तम मिश्रा, संजू निषाद, उपस्थित थे।

पूर्व सरपंच ने छठ व्रतियों के बीच बांटी साड़ी व नारियल

संग्रामपुर(एनएसबी)। प्रखण्ड क्षेत्र के उत्तरी बरियरिया पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर आठ में पूर्व सरपंच व कांग्रेस नेत्री अनामिका सिंह ने अपने आवास पर हजारों छठ वतियों के बीच नारियल व साड़ी का वितरण किया। इस अवसर पर पत्रकारों व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पूर्व सरपंच ने कहा कि छठ वतियों की सेवा करना ही सबसे बड़ी सेवा व धर्म है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम उनके स्वर्गीय ससुर ब्रजकिशोर सिंह के समय से ही चली आ रही है जिसे हम सब निभाते हुए आ रहे हैं। वहीं छठ वती,बुधिया देवी, सुशीला देवी, राजनी कुंवर, कल्पी कुंवर, संजू देवी, दुलारी देवी, अनीता देवी, लालमती देवी, सुनीता देवी सहित कई ने बताया कि सरपंच के द्वारा दी गई साड़ी पहनकर ही वे सभी हर साल छठ वत करती हैं। इसके अलावा भी सरपंच व उनके पति कांग्रेस नेता अमरेंद्र कुमार सिंह उर्फ ऋषि के द्वारा बीमार व लाचार लोगों की सेवा, गरीब कन्याओं के विवाह में मदद करने का प्रयास किया जाता है। साड़ी एवं नारियल पाकर वतियों में काफी खुशी का माहौल देखा गया। सरपंच ने साड़ी वितरण के दौरान छठी मईया से पूरे क्षेत्रवासियों के कल्याण की कामना की। इस मौके पर आचार्य मुकुल मनोहर पाण्डेय,सुनील कुमार सिंह उर्फ मिचु सिंह, सुधा देवी,राजकिशोर सिंह, अनिल सिंह, लडडू सिंह,अधिवक्ता संकल्प कुमार सिंह, शिवम कुमार, आयुष कुमार, उमा सिंह, उद्रल प्रसाद यादव, मोहन सहनी, छट्ठू सहनी, बच्चेलाल सहनी, बीरेन्द्र महतो,पहाड़ी महतो, चूल्हाई साह सहित सैकड़ों ग्रामीण व छठ वती मौजूद थे।



अनामिका सिंह साड़ी व नारियल बांटती हुई।

छठ महापर्व को लेकर विद्युत विभाग मुस्तैद 305 घाटों पर दुरुस्त हुई बिजली व्यवस्था

मोतिहारी (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, मोतिहारी पूरी तरह अलर्ट मोड में है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रमंडल के अंतर्गत आने वाले सभी 305 छठ घाटों पर विद्युत व्यवस्था दुरुस्त कर ली गई है। इनमें 22 प्रमुख छठ घाट शामिल हैं। पर्व को लेकर विद्युत विभाग के वरीय पदाधिकारियों ने विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लियास विभाग की ओर से गायत्री नगर, मरीन ड्राइव एवं मनरेगा पार्क स्थित छठ घाटों पर विशेष रूप से विद्युत व्यवस्था की निगरानी करते हुए आवश्यक सुधार कार्य कराए गए हैं। वहीं, तुरकौलिया के गांधी घाट पर 11 केवी ट्रांसफर्मर के चारों ओर बैरिकेडिंग कराई गई है। सिसवा में भी ट्रांसफर्मर को सुरक्षित रखने के लिए घेराबंदी की गई हैस इसके अलावा पताही, पकड़ीदयाल, ढाका एवं चकिया सहित विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत अनुरक्षण और सुरक्षा से जुड़े कार्य पूरे कर लिए गए हैं। पिपराकोठी प्रखंड के सूरजपुर स्थित छठ घाट पर भी आवश्यक सुधार कार्य कराया गया हैस विद्युत विभाग ने सभी संबंधित अभियंताओं एवं कर्मियों को छठ महापर्व के दौरान विशेष सतर्कता बरतने तथा घाटों पर विद्युत व्यवस्था की लगातार निगरानी करने का निर्देश दिया है। किसी भी प्रकार की विद्युत समस्या उत्पन्न होने पर त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित पदाधिकारियों को अलर्ट रखा गया है। विद्युत अधिकारियों के संपर्क नंबर- विद्युत कार्यपालक अभियंता, मोतिहारी रू 7763815311, सहायक विद्युत अभियंता, मोतिहारी टाउन रू 7763815195- सहायक विद्युत अभियंता, मोतिहारी ग्रामीण रू 9031683583 कनीय विद्युत अभियंता, मोतिहारी टाउन-1 रू 7763814806- कनीय विद्युत अभियंता, मोतिहारी टाउन-2 रू 7763818863- कनीय विद्युत अभियंता, पताही रू 7763814820- कनीय विद्युत अभियंता, पकड़ीदयाल रू 7763814821- कनीय विद्युत अभियंता, ढाका रू 7763814819- कनीय विद्युत अभियंता, पिपराकोठी रू 776388865 बिजली उपभोक्ताओं के लिए ग्राहक सेवा नंबर रू 9264456405, विद्युत विभाग ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे विद्युत पोल, ट्रांसफर्मर एवं बिजली के तारों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें। किसी भी प्रकार की विद्युत दुर्घटना की आशंका होने पर तत्काल संबंधित विभागीय पदाधिकारी को सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।



सप्तक्रांति ट्रेन के इंजन पर चढ़ा युवक 25 मिनट बाधित रहा परिचालन

चकिया(एनएसबी)। रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को सप्तक्रांति सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन के इंजन के ऊपर एक युवक बैठा मिला। रेल प्रशासन ने आरपीएफ के सहयोग से उसे सुरक्षित नीचे उतारा। इस दौरान ट्रेन का परिचालन करीब 25 मिनट तक बाधित रहा, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस संबंध में स्टेशन प्रबंधक श्याम कुमार ने बताया कि मुजफ्फरपुर से आनंद विहार टर्मिनल जाने वाली सप्तक्रांति सुपरफास्ट एक्सप्रेस के इंजन पर एक युवक बैठा हुआ था। चकिया स्टेशन पर ट्रेन रुकने के बाद इसकी सूचना कंट्रोल को दी गई। वरीय अधिकारियों के निर्देश पर इंजन की विद्युत आपूर्ति बंद कराई गई। इसके बाद आरपीएफ के सहयोग से युवक को सुरक्षित नीचे उतारा गया। युवक अर्धविक्षिप्त बताया जा रहा है। उसे नीचे उतारने के बाद ट्रेन का परिचालन पुनः शुरू किया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार उक्त युवक को हरपुर स्टेशन और चकिया शहर के सुभाष चौक के समीप रेलवे गुमटी से गुजर रही ट्रेन के इंजन पर बैठे देखा गया था। ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन तार की चपेट में आने की आशंका को देखते हुए लोगों ने शोर मचाकर सतर्क किया। वहीं आरपीएफ सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि युवक विक्षिप्त है। वह अपना नाम व पता स्पष्ट नहीं बता रहा है।



इंजन के ऊपर बैठे युवक को नीचे उतारते आरपीएफ।



लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर एसडीओ ने कई छठ घाटों का किया निरीक्षण

अरेराज(एनएसबी)। आगामी लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को सुजीत कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, अरेराज एवं पंजक मिश्रा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अरेराज द्वारा संयुक्त रूप से गोविंज थाना क्षेत्र के पिपरा, सिकटिया,पारसा एवं पुरन्दरपुर (सिरनी कोठी) छठ घाट का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी अरेराज आदित्य नारायण दीक्षित, अंचल अधिकारी, अरेराज, विनोद पांडेय तथा थानाध्यक्ष गोविंज उपस्थित के साथ स्थानीय मुखिया भी उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान भौगोलिक स्थिति और वहां किए जा रहे तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया गया। इस क्रम में गहरे पानी वाले स्थानों को चिन्हित कर मजबूत बैरिकेडिंग कराने का निर्देश दिया गया ताकि कोई भी वती गहरे पानी में न जा सकेस साफ-सफाई एवं समतलीकरणरू घाटों की ओर जाने वाले पहुंच पथों (एप्रोच रोड) की मरम्मत, झाड़ियों की कटाई और घाट परिसर की पूर्ण साफ-सफाई सुनिश्चित करने को कहा गयास अर्घ्य के समय रात्रि और भोर में पर्याप्त रोशनी के लिए हाई-मास्ट लाइट, जेनरेटर की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गयास महिला वतियों की सुविधा के लिए अस्थायी चेंजिंग रूम (कपड़े बदलने का कक्ष) और शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था करने को कहा गया। किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए सभी प्रमुख घाटों पर स्थानीय गोताखोरों, नावों और लाइफ जैकेट के साथ आपदा मित्रों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का आदेश दिया गयास थानाध्यक्ष गोविंज को घाटों पर पर्याप्त पुलिस बल, महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती करने तथा भीड़ नियंत्रण व सुगम यातायात के लिए रूट चार्ट तैयार करने का निर्देश दिया गयास अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि छठ पर्व से पूर्व सभी तैयारियों को शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।



घाटों का निरीक्षण करते अधिकारी।



संक्षिप्त खबरें

छूटे प्रवासी श्रमिकों को खिलाई जाएगी फाइलेरिया रोधी दवा

गोगरी। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर, गोगरी में एमडीए कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ड़ चंद्रप्रकाश, जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी एमडी शाहनवाज, वीबीडीसी बबलू सहनी एवं प्रोग्राम लीडर करण कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।छठ पर्व के अवसर पर घर लौटने वाले वैसे प्रवासी श्रमिक, जो पूर्व में फाइलेरिया रोधी दवा के सेवन से छूट गए थे, उन्हें इस अभियान के तहत दवा खिलाने की विशेष पहल की जा रही है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र लाभार्थी दवा सेवन से वंचित नहीं रहे और फाइलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।इस अवसर पर बीएचएम रूपक कुमार, बीसीएम नीतू कुमारी, सीएचओ मिली कुमारी, एएनएम, पिरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम अफिसर श्रवण कुमार, आशा फैसिलिटेटर, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

सोन्डीहा में छठवतियों के बीच बांटे गए एक हजार नारियल

पसराहा। लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर पसराहा थाना क्षेत्र के पसराहा पंचायत स्थित सोन्डीहा वार्ड 16 में शुक्रवार को छठवतियों के बीच निःशुल्क नारियल का वितरण किया गया। सोन्डीहा निवासी राधे सिंह के छोटे पुत्र और बैंक अफ बड़ौदा के मैनेजर गगन गुंजन उर्फ रमेश कुमार ने अपने आवास पर एक हजार नारियल वितरित किए। इस पहल से छठवतियों में काफी उत्साह और खुशी का माहौल देखा गया। राधे सिंह ने जानकारी दी कि शिक्षक राजेश कुमार और गगन गुंजन कुमार दोनों भाई पिछले सात वर्षों से लगातार छठवतियों के बीच नारियल वितरण का यह नेक कार्य कर रहे हैं। वे बीते सात वर्षों से पूरी श्रद्धा और ह के साथ हर वर्ष वतियों को नारियल भेंट करते आ रहे हैं। इस अवसर पर अजीत कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता अखिलेश कुमार, शिक्षक सन्नी कुमार, वार्ड सदस्य विनोद कुमार, जोगी सिंह और गौरव कुमार सहित क्षेत्र के दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

बेलदौर में हथियार के बल पर अपराधियों में बाईक लूटी

बेलदौर। थाना क्षेत्र के दंदरोजा-सकरोहर पथ पर तीन मुहानी के पास कचरा भवन के समीप अपराधियों ने हथियार के बल पर एक मोटरसाइकिल लूट ली। घटना को अंजाम देने के बाद छह अपराधी दो अलग-अलग बाइकों पर सवार होकर राकी गांव की ओर फरार हो गए। इस संबंध में पीड़ित युवक, चौथम थाना क्षेत्र के छोटी तैलोछ गांव निवासी विजेंद्र सिंह के 19 वर्षीय पुत्र खुशी कुमार ने बेलदौर थाना अध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित खुशी कुमार ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि वह अपने दो दोस्तों, सुमन कुमार और गुलशन कुमार के साथ अपने फुफा (बेलदौर थाना क्षेत्र के कुर्बन गांव निवासी मोहन सिंह के पुत्र अमित सिंह) के यहां छठ पर्व की सामग्री देने गया था। सामग्री देने के बाद जब वह अपने दोस्तों के साथ वापस घर लौट रहा था, तभी रास्ते में घात लगाए बैठे अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया। पीड़ित के अनुसार लूटी गई मोटरसाइकिल उजले रंग की है। इस घटना को लेकर बेलदौर थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि पीड़ित की ओर से आवेदन प्राप्त हो चुका है। पुलिस मामला दर्ज कर गहन छानबीन कर रही है और अपराधियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है।

मेला कमेटी के सदस्य ने रामपुर छठ घाटों का लिया जायजा

गोगरी। छठ मेला समिति के द्वारा शुक्रवार को मुश्कीपुर कोठी रामपुर घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नदी की गहराई,हाई बिजली पोल,ब्रैकेटिंग को लेकर संबंधित घाट के समिति को निर्देश कर सुरक्षा हेतु सभी समान उपलब्ध कराने को कहा। बताते चले की निस्तारण के बाद 16 से 22 नवंबर तक छठ मेला का शुभारंभ किया जा रहा है। जिसमें उत्तर प्रदेश के लखनऊसे महिला पहलवान खुशी यादव, बनारस से मधु उपाध्याय, गोरखपुर से रिया यादव, आगरा से राहुल पहलवान से बाली पहलवान एटा से इमरान पहलवान सहित दर्जनों पहलवान की जबरदस्त दंगल 17 एवं 18 नवंबर को दोपहर से होना है। जिसका उद्घाटन राष्ट्रीय जनता दल के उपाध्यक्ष सह पूर्व सांसद चौधरी महबूब अली केसर,सिमरी बख्तियारपुर के पूर्व विधायक युसूफ सलाउद्दीन करेंगे।

नहाय खाय के साथ लोक आस्था का महान पर्व छठ पूजा शुरू खरना का प्रसाद ग्रहण कर छठ व्रती 36 घंटे निर्जला उपवास में रहेंगी

खगड़िया (एनएसबी)। लोक आस्था का महान पर्व शुक्रवार को नहाय खाय के साथ शुरू हुआ। हर तरफ भक्ति का माहौल बना हुआ है। छठ घाट को ग्रामीणों के द्वारा अपने हिसाब से सुढ़ किया है। कई गाँव में वैकल्पिक छठ घाट का निर्माण किया गया है। छठ का त्यौहार सूर्योपासना का पर्व है।प्राचीन धार्मिक संदर्भ में यदि ष्टि डालें तो यह पूजा महाभारत काल के समय से देखा जा रहा है।छठ देवी सूर्यदेव भगवान की बहन हैं। ओर उन्हीं को प्रसन्न करने के लिए भगवान सूर्य की आराधना की जाती हैं। तथा गंगा यमुना या किसी भी पवित्र नदी अथवा पोखर के किनारे पानी में खड़े होकर यह पूजा संपन्न की जाती है। छठ पूजा चार दिनों का अत्यंत कठिन ओर महत्वपूर्ण पर्व है। इसका आरंभ कार्तिक शुक्ल पक्ष चतुर्थी से होता है।ओर समाप्ति कार्तिक शुक्ल पक्ष सप्तमी को होती हैं। छठ वती 36 घंटे निर्जला वत करती हैं। वत समाप्ति के बाद ही अन्न एवं जल ग्रहण करती हैं। कार्तिक शुक्ल पक्ष चतुर्थी श् नहाय खाय श् के रूप शनिवार को मनाया गया। खरना पूजन के साथ ही घर घर में देवी षष्ठी का आगमन हो जाता है। जिसकी तैयारियों पुरी कर ली गई हैं। आज रात्रि को खरना पूजन किया जाएगा। पवित्रता एवं साी से छठ वती पूजन का कार्य करते हैं। घरों में छठ मैया पर आधारित लोकगीतों से माहौल भक्ति मय बना हुआ है। खरना पूजन



समान बेचते दुकानदार।



छठ पर्व को लेकर बाजारों में भीड़।

में प्रसाद के रूप में गन्ने की रस से बनी चावल की खीर , घी पुरी, चावल का पिट्ठा बनाकर छठ वती भगवान को भोग लगाते हैं ! इस दौरान पूरे घर की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है।खरना का प्रसाद ग्रहण करके छठ वती 36 घंटा निर्जला उपवास में रहेगी। कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी को (तीसरे दिन) छठ प्रसाद बनाया जाता हैं। प्रसाद के रूप में ठेकुआ,चावल का लडुआ, सभी के फल शामिल रहते हैं। शाम को पूरी व्यवस्था के साथ बांस की टोकरी में अर्घ्य का सुप सजाया जाता है।ओर छठ वती के साथ परिवार तथा पडोस के सारे लोग अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए घाट की ओर चल पडते हैं। सभी छठ वती एक नियत तालाब या नदी किनारे इक्ट्ठा होकर सामूहिक रूप से अर्घ्य दान सम्पन्न करते हैं। तथा छठी मैया की प्रसाद भरे सूप से पूजा की जाती हैं।भगवान सूर्य को जल एवं दुध का अर्घ्य दिया जाता हैं। चौथे दिन उदीयमान भगवान सूर्य को दिया जाएगा। वती वहीं पुनः इक्ट्ठा होते हैं। जहाँ उन्होंने शाम को अर्घ्य दिया था। पुनः पिछले शाम की प्रक्रिया की पुनरावृत्ति होती हैं। छठ वती सभी को घाट पर आशीर्वाद देती हैं। पुनः घर आकर शरबत पीकर तथा थोड़ा प्रसाद ग्रहण कर वत पूर्ण करते हैं। छठ पूजा का सबसे महवपूर्ण पक्ष इसकी साी पवित्रता और लोकपक्ष है। भक्ति और आध्यात्म से परिपूर्ण इस पर्व में बाँस निर्मित सूप, टोकरी, मिट्टी के बर्तनों, गन्ने का रस, गुड़, चावल और गेहूँ से निर्मित प्रसाद और सुमधुर लोकगीतों से युक्त होकर लोक जीवन की भरपूर मिठास का प्रसार करता है।शास्त्रों से अलग यह जन सामान्य द्वारा अपने रीति-रिवाजों के रंगों में गढ़ी गयी उपासना पद्धति है। इसके केंद्र में वेद, पुराण जैसे धर्मग्रन्थ न होकर किसान और ग्रामीण जीवन है। इस वत के लिए न विशेष धन की आवश्यकता है न पुरोहित या गुरु के अभ्यर्थना की। जरूरत पड़ती है तो पास-पड़ोस के सहयोग की जो अपनी सेवा के लिए सहर्ष और तज्ञतापूर्वक प्रस्तुत रहता है। इस उत्सव के लिए जनता स्वयं अपने सामूहिक अभियान संगठित करती है। नगरों की सफाई, वतियों के गुजरने वाले रास्तों का प्रबन्धन, तालाब या नदी किनारे अर्घ्य दान की उपयुक्त व्यवस्था के लिए समाज सरकार के सहायता की राह नहीं देखता। इस उत्सव में खरना के उत्सव से लेकर अर्ध्यदान तक समाज की अनिवार्य उपस्थिति बनी रहती है। यह सामान्य और गरीब जनता के अपने दैनिक जीवन की मुश्किलों को भुलाकर सेवा-भाव और भक्ति-भाव से किये गये सामूहिक कर्म का विराट और भव्य प्रदर्शन है।

संदेहास्पद स्थिति में 80 वर्षीय कुलदीप पासवान का निधन

बेलदौर(एनएसबी)। थाना क्षेत्र के बोबील पंचायत अंतर्गत यदू टोला निवासी 80 वर्षीय कुलदीप पासवान की नगर पंचायत स्थित काली स्थान के प्रांगण में संदेहास्पद या आकस्मिक स्थिति में मौत हो गई। घटना की जानकारी तब सामने आई जब वहां से गुजर रहे राहगीरों ने वृद्ध को मृत अवस्था में देखा। इसके बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना बेलदौर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत अपने पुलिस कर्मियों को घटनास्थल पर भेजा। पुलिस की शुरुआती जांच के दौरान मृतक के पास रखे पहचान पत्र से उनकी पहचान 80 वर्षीय कुलदीप पासवान के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने उनके परिजनों को इस दुखद घटना की सूचना दी। खबर मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को अपने साथ घर ले गए। इस आकस्मिक निधन से वृद्ध के घर में मातम छा गया है। बुजुर्ग कुलदीप पासवान अपने पीछे भरा-पूरा परिवार और पीछे रोता बिलखता छोड़ इस दुनिया से हमेशा के लिए विदा हो गए। इस घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है और ग्रामीण पीड़ित परिवार को ढ़ांढ़स बंधा रहे हैं।

21 वर्षीय नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

बेलदौर(एनएसबी)। थाना क्षेत्र के पचौत गांव में 21 वर्षीय नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान पचौत गांव निवासी आशीष कुमार की पत्नी नीतू कुमारी के रूप में हुई है। घटना के बाद मृतका के डेढ़ वर्षीय मासूम पुत्र आकाश कुमार के सिर से मां का साया उठ गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतका के पति आशीष कुमार को हिरासत में ले लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतका नीतू कुमारी का मायका मधेपुरा जिले के आलमनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगापुर भोरकाठ टोला है, और उसके पिता का नाम मनोज मंडल है। नीतू की शादी करीब ढाई वर्ष पूर्व पचौत गांव निवासी जयप्रकाश सिंह के पुत्र आशीष कुमार के साथ हुई थी। ग्रामीणों के मुताबिक, शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच अक्सर पारिवारिक कलह और विवाद होता रहता था। मृतका की सास सुमाला देवी ने बताया कि गुरुवार देर शाम कमरे में छत के पंखे से नीतू का शव लटका हुआ देखा गया। वहीं, घटना की सूचना मिलने पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल वालों पर पीट-पीटकर हत्या करने और शव को फंदे से लटकाने का गंभीर आरोप लगाया है। उनका यह भी कहना है कि ससुराल पक्ष द्वारा इस घटना की सूचना उन्हें समय पर नहीं दी गई। ग्रामीणों की सूचना पर डायल 112 की पुलिस टीम सबसे पहले मौके पर पहुंची। इसके बाद एसआई सक्कल साह ने स्थानीय थाने को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही बेलदौर थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में ले लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल पर एफएसएल टीम को भी बुलाया गया, जिसने मौके से कई महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं। बेलदौर थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस मामले की हर पहलू से बारीकी से जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। समाचार लिखे जाने तक मृतका के परिजनों की ओर से लिखित आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद से पूरे गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

कार-बाइक की जोरदार टक्कर में तीन युवक जख्मी

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। सोनवर्षाराज थाना ो के सोनवर्षाराज-माली चौक मुख्य मा पर सोनबरसा दा्रि टोला के समीप कार और बाइक की जोरदार टक्कर में बाइक सवार तीन युवक भीर रूप से जख्मी हो , । टना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच ई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार और बाइक दोनों ातिस्त हो , । मिली जानकारी के अनुसार, बनमा ईटहरी थाना ो के सुमा ांव निवासी अनंत पासवान के पु संतोष पासवान बाइक से जा रहे थे। बाइक पर उनके साथ खड़िया जिले के अलौली प्रखंड निवासी राजन कुमार और बेलदौर थाना ो निवासी मनोज कुमार भी सवार थे। इसी दौरान सोनबरसा दा्रि टोला के समीप कार और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो ई, जिसमें तीनों युवक जख्मी हो , । टना के बाद 112 पुलिस की मदद से सभी ायलों को सोनवर्षाराज स्थित अस्पताल में भर्ती कराया या, जहां उनका इलाज चल रहा है। संतोष कुमार पासवान की भीर स्थिति को देखते हु, चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लि, सहरसा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे में कार और बाइक को भी काफी नुकसान पहुंचा है।



गंभीर रूप से घायल का ईलाज करते डाक्टर।

चाय की चुस्की के साथ आत्मनिर्भरता की मिठास जीविका दीदियों को भा रही 'महानंदा लीफ'

सहरसा शहर (एनएसबी)। महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरा और उनके लि, आजीविका के न, अवसर सृजित करने की दिशा में जीविका की पहल लातार सकारात्मक परिाम दे रही है। इसी कड़ी में किशनंज जिले में जीविका के अंतर्त संचालित 'महानंदा जीविका महिला ,ो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड' रा उत्पादित 'महानंदा लीफ' चाय अब सहरसा जिले में भी अपनी पहचान बना रही है। महानंदा जीविका महिला ,ो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के मायम से चायपत्ती का उत्पादन ,वं विपान किया जा रहा है। यह कंपनी जीविका दीदियों के स्वामित्व वाली उत्पादक कंपनी है, जिसके मायम से महिलाओं को उत्पादन, व्यवसाय ,वं बाजार से जुड़ने का अवसर मिल रहा है। कंपनी रा उत्पादित ुवत्तापूर्ा 'महानंदा लीफ' चाय को जीविका के विभिन्न सामुदायिक संस्थानों ,वं संकुल स्तरीय सों के मायम से व्यापक बाजार उपलब कराया जा रहा है। सहरसा जिले में भी इस पहल को उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है। जिले में अब तक कुल '68-60 टिल 'महानंदा लीफ' चायपत्ती' पहुंच चुकी है। इसकी ुवत्ता और स्वाद के कारा जीविका दीदियों के बीच इसकी अच्छी मां देखी जा रही है। कई स्थानों पर दीदियों ने चायपत्ती पहुंचते ही खरीदारी की, जिससे उत्पाद को हाथोंहाथ स्वीकार्यता मिली है। सौरबाजार प्रखंड के अन्दोली, नादो की जीविका दीदी रोशन देवी बताती हैं कि उन्होंने 'महानंदा लीफ' चाय का उपयो किया है। यह चाय स्वादिष्ट बनती है और उन्हें इसका स्वाद काफी पसंद आया है। इस पहल से न केवल उत्पादक कंपनी को बाजार विस्तार का अवसर मिल रहा है, बल्कि जीविका के संकुल स्तरीय सों ,वं अन्य सामुदायिक संठनों की आय में वृ) की संभावना, भी मजबूत हो रही हैं। साथ ही, स्थानीय स्तर पर महिलाओं को व्यवसाय से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह पहल ,क महत्वर्पू कदम साबित हो रही है।

25 नवंबर को भाजपा की महत्वर्पू संठनात्मक बैठक सभा संगठनक प्रभारी अनंत नारायण मिश्रा होंगे शामिल

सहरसा शहर (एनएसबी)। आामी 25 नवंबर को जिला भाजपा कार्यालय में संठनात्मक ष्टिको से महत्वर्पू बैठक आयोजित की जा,ी। बैठक में मुख्य रूप से कोशी-सीमांचल के संभा संठन प्रभारी अनंत नाराया मिश्रा शामिल हों। कार्यक्रम दो पालियों में आयोजित हो। प्रथम पाली में सभी मोर्चों के जिला पदाकिारियों ,वं मंडल अयों की संयुक्त मोर्चा बैठक हों। वहीं दूसरी पाली में प्रकोष्ठों ,वं मंडल अयों के साथ-साथ विानसभा ो के सभी मंडल अयों ,वं जिला पदाकिारियों की बैठक आयोजित की जा,ी। इस महत्वर्पू बैठक की सफलता ,वं व्यापक तैयारी को लेकर परिसदन में भाजपा जिलाया साजन शर्मा की अयाता में सभी मोर्चों के जिलायों के साथ बैठक आयोजित की ई। बैठक में संठनात्मक तिविियों को ति देने, मोर्चों की सक्रियता बढ़ाने तथा आामी कार्यक्रम में आकिाकि पदाकिारियों ,वं कार्यकर्ताओं की भीदारी सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा हुई।बैठक में भाजपा जिला उपाया राजीव रंजन साह, जिला महामी शिवभूषा सिंह, ओबीसी मोर्चा अया कर्मशाह, सुबो साह, युवा मोर्चा अया सुरजीत सिंह कुशवाहा, महिला मोर्चा अया सुाम्रा देवी, अल्पसंख्यक मोर्चा अया अबु बकर, अनुसूचित मोर्चा अया नरेश पासवान सहित अन्य पदाकिारी उपस्थित रहे।बैठक में आामी संयुक्त मोर्चा की बैठक की सफलता को लेकर विभिन्न मोर्चों की अल-अल संठनात्मक बैठकें आयोजित करने का नि्रय लिया या। इसके तहत 18 को महिला मोर्चा की बैठक आर्य भवन मंदिर ,वं



बैठक में भाजपा कार्यकर्त्ता।

अनुसूचित मोर्चा की बैठक भारतीय नर में आयोजित हों। 20 को किसान मोर्चा की बैठक सिमरी बख्तियारपुर में, 21 को अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक सहरसा बस्ती में तथा 22 नवंबर को ओबीसी मोर्चा की बैठक साहू भवन में हों। वहीं 23 को युवा मोर्चा की बैठक जिला परिषद प्रां में आयोजित की जा,ी। भाजपा जिलाया साजन शर्मा ने सभी मोर्चा अयों ,वं पदाकिारियों से अपने-अपने संठन की बैठकों को सफल बनाने तथा 25 नवंबर को आयोजित होने वाली महत्वर्पू संठनात्मक बैठक में पूरी तैयारी और सक्रियता के साथ भीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

संक्षिप्त खबरें

छठ महापर्व को लेकर बिजली विभाग पूरी तरह अलर्ट

सहरसा शहर (एनएसबी)। आामी छठ महापर्व के पावन अवसर पर सहरसा, सुपौल, मोपुरा जिले वासियों को बिना किसी बाा के सतत ,वुंावत्तापूर्ा विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु जिलों के विद्युत आकिारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दि,। वही पूजा के दौरान किसी भी आपात स्थिति या तकनीकी खराबी से निपटने के लि, 24 टे कार्यरत कंट्रोल रूम और कि रिस्पांस टीम का ठन किया या है। जो शिकायत मिलते ही तुरंत स्थल पर पहुंचकर समस्या का समाान करें। 247 टे सक्रिय रहें कंट्रोल रूम में। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को शांतिपूर्ा, सुरति ,वं निर्बा रूप से संपन्न कराने को लेकर बिजली विभा ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में विद्युत आी्रा अभियंता संतोष कुमार ने सहरसा, सुपौल ,वं मोपुरा जिले के विभिन्न छठ ाटों का स्थलीय निरी्रा कर विद्युत व्यवस्था का जायजा लिया। निरी्रा के दौरान उन्होंने ाटों पर विद्युत सुरा, बिजली आपूर्ति की उपलबता तथा संभावित जोखिम वाले स्थानों की बारीकी से समी्रा की। इस दौरान विद्युत आी्रा अभियंता ने तीनों जिलों के संबंति विद्युत कार्यपालक अभियंताओं, सहायक विद्युत अभियंताओं, कनीय विद्युत अभियंताओं ,वं अन्य संबंति आकिारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि छठ महापर्व के दौरान विद्युत व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा,ी। सभी ाटों ,वं उनके आसपास के ों में बिजली के तारों, पोल, ट्रांसफार्मर तथा अन्य विद्युत उपकरों की समुचित जांच कर आवश्यकतानुसार मरम्मत ,वं सुार कार्य समय रहते पूरा किया जा,। विद्युत आी्रा अभियंता संतोष कुमार ने आकिारियों को निर्देशित करते हु, कहा कि छठ महापर्व आस्था, श्र)ा ,वं विश्वास का महान पर्व है। इस दौरान लाखों श्र)ालु नदी, तालाब ,वं विभिन्न जलाशयों के किनारे भवान सूर्य को अर्य अर्पित करने पहुंचते हैं। ,से में श्र)ालुओं की सुरा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहि,। विभा का प्रयास है कि पर्व के दौरान विद्युत व्यवस्था सुचारु रहे और किसी भी श्र)ालु को बिजली से संबंति परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। निरी्रा ,वं समी्रात्मक बैठक में दीपक कुमार ने सभी सहायक ,वं कनीय अभियंता को निर्देशित किया कि त्योहारों के साथ-साथ विभीय राजस्व लय को पूरा करना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही इस शुभ अवसर पर प्रवासी बिहारी भाई बड़ी संख्या त्योहार मनाने र आते हैं, उनकी समस्याओं के निराकरा के साथ, सहायता ,वं उनकों मीटर मान पठन आारित विद्युत विप उपलब कराने के साथ प्रानमी सूर्य र मुफ्त बिजली योजना अंतर्त केंद्र सरकार ,वं राज्य सरकार रा 3 किलोवाट तक 98,000 रुपये की प्रदत्त सब्सिडी ,वं बैंक रा 6ः ब्याज दर पर लोन की सुविा संबी जानकारी ,वं जन जारूकता अभियान' हेतु सभी सहायक अभियंता ,वं कनीय अभियंता को निर्देशित किया या।



विद्युत व्यवस्था का जायजा लेते अधिकारी।

यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिए लगा विशेष शिविर, डॉक्टरों की उपस्थिति रही नदारद

चौथम। दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने और उनकी अलग पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चौथम प्रखंड मुख्यालय स्थित सभा कक्ष में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग की ओर से विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के दिव्यांगजनों का विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र बनाना तथा इससे संबंधित आवश्यक प्रक्रिया पूरी करना था। लेकिन शिविर में चिकित्सकों की कम उपस्थिति और दिव्यांगजनों की कम संख्या के कारण व्यवस्था पर सवाल खड़े होते नजर आए। जानकारी के अनुसार शिविर इसका उद्देश्य दिव्यांगजनों को एक ही स्थान पर आवश्यक चिकित्सकीय जांच और कागजी प्रक्रिया की सुविधा उपलब्ध कराना था, ताकि उन्हें सरकार की ओर से दिव्यांगजनों के हित में संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके। यूडीआईडी कार्ड के माध्यम से दिव्यांगजनों की पहचान सुनिश्चित करने के साथ सरकारी सुविधाओं तक उनकी पहुंच आसान बनाने की योजना है। हालांकि, शिविर में चिकित्सकों की उपस्थिति काफी निराशाजनक रही। इस दौरान केवल नेत्र चिकित्सा से संबंधित डक्टर अखलाक अहमद ही उपस्थित दिखाई दिए। वहीं जिला से लिपिक मनीष कुमार भी शिविर में मौजूद रहे। इसके अलावा अन्य विभागों के चिकित्सक शिविर में उपस्थित नहीं थे। ऐसे में विभिन्न प्रकार की दिव्यांगता से जुड़े प्रमाण-पत्र और जांच की उम्मीद लेकर पहुंचे लोगों को अपेक्षित सुविधा नहीं मिल सकी। बताया जाता है कि शिविर में दोपहर तक महज पांच से सात आवेदन ही प्राप्त हुए थे। इसकी एक वजह त्योहारी मौसम में लोगों की कम भागीदारी भी मानी जा रही है। वहीं, शिविर में पहुंचे अधिकांश दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड पहले से ही बने हुए थे। कुछ दिव्यांगजन इस उम्मीद में अपने पुराने यूडीआईडी कार्ड लेकर शिविर पहुंचे थे कि शायद यहां उन्हें सरकार की ओर से मिलने वाले सहायक यंत्रों का वितरण किया जाएगा। लेकिन शिविर में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ा। सबसे चिंताजनक स्थिति चिकित्सकों की अनुपस्थिति को लेकर रही। मौके पर मौजूद अन्य कर्मियों से जब चिकित्सकों के नहीं पहुंचने के संबंध में जानकारी ली गई तो बताया गया कि डक्टर रास्ते में हैं और जल्द ही शिविर में पहुंच जाएंगे। हालांकि, स्थानीय लोगों के अनुसार, इससे पूर्व आयोजित शिविर में भी इसी तरह चिकित्सकों के रास्ते में होने की बात कही गई थी। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि जब दिव्यांगजनों की सुविधा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जाते हैं, तो उसमें सभी संबंधित विभागों के चिकित्सकों की समय पर उपस्थिति क्यों सुनिश्चित नहीं की जाती है शिविर का उद्देश्य तभी सार्थक हो सकता है, जब जरूरतमंद दिव्यांगजनों को एक ही स्थान पर जांच, प्रमाण-पत्र और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हों।

सेवानिवृत्त होने से पहले ही दुनिया को कह गए अलविदा

गोगरी। अनुमंडल क्षेत्र के नयागांव पचखुट्टी निवासी एवं गोगरी प्रखंड के शेरचकला पंचायत में पंचायत सचिव के पद पर कार्यरत मुनेश्वर ठाकुर का निधन हो गया। उनके निधन की खबर से प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के कर्मियों और क्षेत्र के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई।बताया जाता है कि मुनेश्वर ठाकुर आगामी दिसंबर माह में सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले थे। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। सेवानिवृत्ति से पहले ही उनके निधन की दुखद खबर ने सभी को मर्माहत कर दिया।उनके निधन पर गोगरी प्रखंड परिसर में शोकसभा आयोजित की गई। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी, गोगरी, राजस्व अधिकारी सुजीत कुमार,बोरना मुखिया प्रतिनिधि मु नासिर इकबाल सहित प्रखंड एवं अंचल के सभी कर्मियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने तथा शोकाकुल परिजनों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।



शोकसभा में अधिकारी व अन्य।

डीएम ने की कायाकल्प अभियान की समीक्षा, कार्यों में तेजी लाने एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन के दिए निर्देश

अरवल (एनएसबी) जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस की अध्यक्षता में कायाकल्प अभियान के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं विकासात्मक कार्यो की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा कायाकल्प अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न विद्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों, पंचायत सरकार भवनों, सामुदायिक भवनों, स्वास्थ्य केंद्रों एवं अन्य सरकारी भवनों में संचालित रंग-रोगन, मरम्मती, जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्यो की अद्यतन प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि कायाकल्प अभियान के अंतर्गत संचालित सभी कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही, कार्यो की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं नियमित अनुश्रवण पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। बैठक में विभिन्न सरकारी भवनों के निर्माण हेतु भूमि की उपलब्धता एवं अनापत्ति प्रमाण-पत्र से संबंधित लंबित मामलों की भी प्रखंडवार समीक्षा की गई। इस क्रम में सभी अंचलाधिकारियों से भूमि की उपलब्धता, लंबित एनओसी एवं उनके निष्पादन की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारियों को निर्देशित किया कि भवन निर्माण हेतु भूमि संबंधी लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें, ताकि भूमि अथवा एनओसी के अभाव में किसी भी विकासात्मक योजना के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब न हो। समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि कायाकल्प अभियान का मुख्य उद्देश्य सरकारी संस्थानों एवं सार्वजनिक परिसंपत्तियों को स्वच्छ, सुंदर, सुरक्षित एवं सुविधायुक्त बनाना है, ताकि आम नागरिकों, विद्यार्थियों, बच्चों एवं अन्य लाभार्थियों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए लंबित कार्यो में तेजी लाने, निर्माण एवं मरम्मती कार्यो की नियमित निगरानी करने तथा योजनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला प्रशासन कायाकल्प अभियान के माध्यम से जिले की सार्वजनिक आधारभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण, सौंदर्यीकरण एवं जनसुविधाओं के विस्तार हेतु प्रतिबद्ध है।



बैठक करते डीएम।

संक्षिप्त खबरें

छठ घाट पर पागल कुत्ते का आतंक, 50 से अधिक लोगों को काटा!

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बख्तियारपुर के सीढ़ी घाट पर छठ पर्व के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक कथित पागल कुत्ते ने 50 से अधिक लोगों को काटकर घायल कर दिया। अचानक हुई इस घटना से घाट पर मौजूद छठ वतियों, श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। कुत्ते के हमले में घायल लोग इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे, जहां मरीजों की भीड़ से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अस्पताल में एंटी रेबीज वैक्सीन उपलब्ध नहीं होने के कारण कई घायलों को केवल टेटनस का इंजेक्शन देकर वापस कर दिया गया। इस घटना ने छठ जैसे बड़े पर्व के दौरान स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों और अस्पतालों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब छठ घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है, तब आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था कितनी तैयार है यदि किसी श्रद्धालु को कुत्ता काट ले या कोई अन्य गंभीर दुर्घटना हो जाए तो तत्काल उपचार की क्या व्यवस्था है स्वास्थ्य विभाग को मामले की गंभीरता से जांच कर एंटी रेबीज वैक्सीन की उपलब्धता सुनिश्चित करनी चाहिए।

खजुरार में तीन लोग डूबे, दो को ग्रामीणों ने बचाया, एक की तलाश जारी

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। भदौर थाना क्षेत्र के खजुरार गांव में डूबने की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, तीन लोग पानी में डूब गए, जिनमें से दो को सुरक्षित बचा लिया गया, जबकि एक व्यक्ति की तलाश जारी है। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई और लोग अपने स्तर से लापता व्यक्ति की तलाश में जुटे रहे। इधर, राहत एवं बचाव कार्य में प्रशासनिक टीम के पहुंचने में कथित देरी को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी गई। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना मिलने के बावजूद समय पर आवश्यक मदद नहीं पहुंचने से स्थिति और गंभीर हो गई। लापता व्यक्ति की तलाश को लेकर परिजनों और ग्रामीणों की बेचैनी बढ़ती जा रही है। घटना ने एक बार फिर जलाशयों और नदी-तालाबों के आसपास सुरक्षा तथा आपातकालीन बचाव व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल लापता व्यक्ति की तलाश जारी है।

महिला की छड़ी से पिटाई मामले में प्रधान शिक्षक गौतम कुमार निलंबनमुक्त

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बाढ़ प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय नया टोला इब्राहिमपुर के प्रधान शिक्षक गौतम कुमार को शिक्षा विभाग ने निलंबनमुक्त कर दिया है। विद्यालय परिसर में एक महिला की छड़ी से पिटाई करने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद यह मामला काफी चर्चित हुआ था। मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्कालीन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बाढ़ ने प्रधान शिक्षक से स्पष्टीकरण की मांग की थी। प्राप्त स्पष्टीकरण असंतोषजनक पाए जाने के बाद बीईओ ने उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा करते हुए प्रतिवेदन जिला शिक्षा कार्यालय को भेजा था। इसी के आधार पर उन्हें निलंबित किया गया था।

नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व का शुभारंभ

छठी मइया के गीतों से गूंज से गुलजार हुआ घर-आंगन

कुर्था (एनएसबी) लोक आस्था, पवित्रता, त्याग, तपस्या और सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ पूरे श्रद्धा और भक्तिभाव से शुरू हो गया। पर्व के आगाज के साथ ही प्रखंड क्षेत्र के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में छठी मइया की भक्ति का माहौल छा गया है। घर-आंगन से लेकर बाजारों तक छठ पर्व की रौनक देखते ही बन रही है। वतियों ने इन कर भगवान सूर्य की आराधना की और पूरी शुद्धता एवं सात्विकता के साथ नहाय-खाय का प्रसाद ग्रहण कर महापर्व का संकल्प लिया। छठ पर्व को लेकर सुबह से ही वती महिलाएं घरों की साफ-सफाई और पूजा की तैयारियों में जुटी रहीं। नहाय-खाय के दिन परंपरा के अनुसार वती इन कर अरवा चावल, चने की दाल और कद्दू की सब्जी सहित सात्विक भोजन तैयार करती हैं। भोजन को पूरी पवित्रता और नियम-निष्ठा के साथ बनाया जाता है। इसके बाद वती प्रसाद ग्रहण करती हैं और परिवार के अन्य सदस्य भी इसे श्रद्धापूर्वक ग्रहण करते हैं। चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व के दूसरे दिन शनिवार को खरना पूजा होगी। इस दिन वती पूरे दिन उपवास रखने के बाद शाम को गुड़ की खीर, रोटी और अन्य प्रसाद ग्रहण करेंगी। खरना के साथ ही वतियों का लगभग 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जाएगा। तीसरे दिन रविवार को वती अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित करेंगी, जबकि सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ महापर्व का समापन होगा।



प्रसाद ग्रहण करती महिलाएं।

जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम में डीएम ने सुनी आमजनों की समस्याएँ

संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित निष्पादन का दिया निर्देश

अरवल (एनएसबी) जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस द्वारा कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आम नागरिकों ने जिला पदाधिकारी से मुलाकात कर अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा। साक्षात्कार कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से भूमि विवाद से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जिला पदाधिकारी ने प्रत्येक आवेदक की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित मामलों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्राप्त आवेदनों के आलोक में संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए नियमानुसार एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। विशेष रूप से भूमि विवाद से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ कार्रवाई करते हुए पारदर्शी तरीके से निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आमजनों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। जनता से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी शिकायतों को सुनना तथा उनका त्वरित एवं प्रभावी समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई कि वे अपनी समस्याओं एवं शिकायतों के समाधान हेतु जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी बात रख सकते हैं।



लोगों की समस्याएं सुनते डीएम।

संक्षिप्त खबरें

लोक आस्था का महापर्व छठ नहाय खाय से शुभारंभ

सोनपुर (एनएसबी) लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ शुक्रवार दिन से शुभारंभ हो गया है। इस अवसर पर सुबह से ही गंगा और गंडक नदी के विभिन्न घाटों पर छठवतियों की जनसैलाव उमड़ रही थी। यह सिलसिला दिन दोपहर तक चली। शहर से लेकर गांव की सड़क सहित घरों में छठ महापर्व की गीतों की धून गुंजने लगी। छठ महापर्व एक ऐसी अनौखी त्योहार है बहुत ही धार्मिक और पूर्ण अनुष्ठान साथ के करने की परंपरा है। इस महापर्व पर साफ-सफाई का विषेश ध्यान रखा जाता है और घर से लेकर नदी किनारे घाट तथा छठवतियों मार्गो को बड़ी ही आर्कषक ढंग से साफ-सफाई सहित रंग-बिरंगी प्रकाशों से सजावट श्रद्धालूओं द्वारा की जाती है। इस लोक आस्था महापर्व छठ पर जिला प्रशासन सक्रिय रुप भाग लेकर विधि-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करती है। संबेदनशील गंगा और गंडक नदी घाटों का चिन्हित कर समुचित व्यवस्था करती है। इस मौके पर गंगा और गंडक नदी में एसडीआरएफ और गोताखोर की टीम तैनाती रखती है। ताकि किसी अप्रिय घटना पर तत्काल इनका सहयोग लिया जा सके। गंगा और गंडक नदी की जलधारा में गस्ती की व्यवस्था करती है।

सोनपुर में अवैध बालू का कारोबार थमने का नाम और समय-समय कोहराम

सोनपुर (एनएसबी) संबलपुर दियारा क्षेत्र शहर से चार-पांच किलोमीटर दूर है। और लोग संबलपुर दियारा क्षेत्र को चंबल घाटी की संज्ञा से नवाजते हैं। संबलपुर दियारा का कुछ क्षेत्र ऐसा है, जहां पुलिस प्रशासन भी जाने से कतराती हैं। ये बालू कारोबार की अपनी फौज होती है और समय-समय पर पुलिस पदाधिकारी पुरी फौज के साथ मारपीट से लेकर कई बार बबाल कर चुका है। शहर के कई हिस्सों से तो अवैध बालू कारोबार बंद हो गई है। लेकिन संबलपुर दियारा क्षेत्र से आज भी अवैध बालू कारोबार खुले आम हो रही है। ये मंडल रेल प्रबंधक की सड़क और महेश्वरी चौक सड़क मार्ग जो कि उत्तराखंड की ओर जाती है और अहले सुबह दर्जनाधिक ट्रेक्टर और ट्रक से आवागमन होती रहती है। वहीं ग्रामीण सूत्रों से मिली जानकारी कि शुक्रवार दिन की सुबह बल्लिटोला स्थित गंगा नदी में नाव से बालू उतारने के लिए जमकर मजदूरों से जबरन मारपीट की गई और मरनासन्न स्थिती में अनुमंडल अस्पताल सोनपुर ईलाज के लिए लाया गया और बिना पुलिस को सूचना दिए पीएमसीएच पटना स्थानांतरण कर दिया गया है। राज्य सरकार ने सोनपुर अनुमंडल अस्पताल की कायाकल्प वर्षो पहले बदल दी, लेकिन अस्पताल की जो व्यवस्था बनी है वह भगवान भरोसे है। सोनपुर अनुमंडल अस्पताल में बिना दलाली का स्वास्थ्य लाभ मिलना असंभव है। सोनपुर अनुमंडल अस्पताल आज भी पूर्व की भांति आज भी अपनी व्यवस्था पर कायम है।

खाते में राशि नहीं, विद्यालयों के रंगरोगन का प्रधान शिक्षकों पर दबाव!

कायाकल्प योजना के क्रियान्वयन में व्यावहारिक अड़चनें, भुगतान प्रक्रिया जटिल होने से वेंडर भी कार्य करने में हिचक रहेय व्यवस्था और जिम्मेदारी को लेकर उठ रहे सवाल

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। सरकारी विद्यालयों में कायाकल्प योजना के तहत रंगरोगन एवं सौंदर्यीकरण का कार्य कराने को लेकर शिक्षा विभाग और विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों के बीच व्यावहारिक चुनौतियां सामने आ रही हैं। प्रधान शिक्षकों का कहना है कि विद्यालयों के खाते में निर्धारित राशि उपलब्ध कराए बिना ही रंगरोगन का कार्य पूरा कराने का दबाव बनाया जा रहा है। ऐसे में कार्य का क्रियान्वयन कैसे हो, यह उनके सामने बड़ी समस्या बनी हुई है। बताया जा रहा है कि भुगतान की प्रक्रिया जटिल होने के कारण कई वेंडर भी कार्य करने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। उन्हें भुगतान की प्रक्रिया और समय को लेकर आशंकाएं हैं। ऐसी स्थिति में प्रधान शिक्षक विभागीय निर्देशों और जमीनी परिस्थितियों के बीच असमंजस में हैं। सवाल यह है कि जब तक विद्यालयों को आवश्यक राशि उपलब्ध नहीं कराई जाती और भुगतान की प्रक्रिया सरल एवं पारदर्शी नहीं बनाई जाती, तब तक निर्धारित समय में रंगरोगन का कार्य पूरा करना कितना व्यावहारिक होगा विद्यालयों का कायाकल्प निश्चित रूप से जरूरी है, लेकिन इसके लिए वित्तीय संसाधन, स्पष्ट दिशा-निर्देश और जवाबदेही की व्यवस्था भी उतनी ही आवश्यक है। शिक्षा विभाग को चाहिए कि प्रधान शिक्षकों पर जिम्मेदारी डालने से पहले राशि की उपलब्धता और वेंडरों के भुगतान से जुड़ी समस्याओं का समाधान करे, ताकि योजना का उद्देश्य भी पूरा हो और विद्यालय प्रधानों को अनावश्यक परेशानियों का सामना भी न करना पड़े।

विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला की तैयारी में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक

सोनपुर (एनएसबी) समाहरणालय सारण छपरा जिला जनसंपर्क कार्यालय, दिनांक 13 नवंबर 2026, हरिहरनाथ क्षेत्र सोनपुर मेला-2026 की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में व्यापक समीक्षा बैठक, सभी व्यवस्थाएं ससमय पूर्ण करने के निर्देश साफ-सफाई, विद्युत, यातायात, पार्किंग, फूड कोर्ट, पेयजल, शौचालय एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित पदाधिकारियों और चयनित एजेंसियों को दिए गए निर्देश। हरिहरनाथ क्षेत्र सोनपुर मेला-2026 के सफल, सुव्यवस्थित एवं आकर्षक आयोजन को लेकर जिला पदाधिकारी सारण श्री वैभव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तरीय पदाधिकारी प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित रहे, जबकि अन्य संबंधित पदाधिकारी वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हाइब्रिड मोड में जुड़े। बैठक में मेले की विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए चयनित वेंडर एवं एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। जिला पदाधिकारी ने बैठक में मेला क्षेत्र की साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, पेयजल, शौचालय, फूड कोर्ट, प्रदर्शनी एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं की बिंदुवार समीक्षा की तथा संबंधित पदाधिकारियों को निम्नलिखित निर्देश दिएरू 1 साफ-सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था- साफ-सफाई के लिए चयनित एजेंसी को निर्देश दिया गया कि मेला क्षेत्र की आवश्यकता के अनुरूप जोनवार सफाई कर्मियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करें। प्रत्येक क्षेत्र में नियमित एवं प्रभावी साफ-सफाई की व्यवस्था रहे तथा कहीं भी गी जमा नहीं हो। सफाई व्यवस्था का नियमित अनुश्रवण करने के लिए जिला स्तरीय टीम गठित करने का निर्देश दिया गया। सभी वेंडरों एवं एजेंसियों को निर्धारित जिम्मेदारियों का पूरी गंभीरता एवं गुणवत्ता के साथ निर्वहन करने को कहा गया। 2 विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था मेला क्षेत्र में जोनवार पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। विद्युत व्यवस्था के लिए संबंधित एजेंसी को जोनवार कायदिश निर्गत करने तथा सभी स्थलों पर समय से लाइटिंग की व्यवस्था पूर्ण करने को कहा गया। विद्युत व्यवस्था की गुणवत्ता एवं नियमित अनुश्रवण के लिए जिला स्तरीय टीम गठित करने का निर्देश दिया गया। 3यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था एसडीओ सोनपुर से मेला क्षेत्र की यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। इंग्लिश बाजार से ट्रैक्टर हटाए जाने की कार्रवाई की जानकारी एसडीओ सोनपुर द्वारा दी गई।

जहां पार्किंग की पर्याप्त संभावना है, वहां सुव्यवस्थित पार्किंग स्थल विकसित करने का निर्देश दिया गया।



विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र मेला की जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक।

- जेपी सेतु के दोनों ओर एक-एक क्रेन तथा एक अतिरिक्तस्पेयर क्रेन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में जानकारी ली गई। एसडीओ सोनपुर ने इसकी व्यवस्था पूर्ण होने की जानकारी दी।

- मेला क्षेत्र में ड्रप गेट की सूची भवन निर्माण विभाग को उपलब्ध कराए जाने की जानकारी भी दी गई। 4 विभागीय समन्वय एवं सुरक्षा सोनपुर मेला से संबंधित सभी पदाधिकारियों एवं विभागों का एक समन्वय ग्रुप बनाने का निर्देश दिया गया, ताकि सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान एवं समस्याओं का तत्काल समाधान हो सके। इस ग्रुप में प्ब्स् के प्रतिनिधियों को भी जोड़ने का निर्देश दिया गया। सड़क निर्माण एवं अन्य कार्यो के दौरान जहां प्ब्स् की पाइपलाइन अथवा लाइन बिछी हुई है, वहां संबंधित प्रतिनिधि की उपस्थिति एवं समन्वय के बिना किसी भी परिस्थिति में सड़क की खुदाई नहीं करने का निर्देश दिया गया, ताकि संभावित दुर्घटनाओं से बचाव हो सके।

- सभी विभागों के स्टल पर प्रदर्शित की जाने वाली सामग्री एवं गतिविधियों का पूर्व निर्धारण करने को कहा गया। 5. फूड कोर्ट एवं खान-पान की व्यवस्था

मेला परिसर में विकसित किए जा रहे फूड कोर्ट की प्रगति की समीक्षा की गई। फूड कोर्ट के संचालन एवं व्यवस्थाओं के लिए अपर समाहर्ता ,आपूर्ति की अध्यक्षता में समिति गठित करने का निर्देश दिया गया। बिहार के सभी जिलों के विशिष्ट एवं पारंपरिक व्यंजनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजने का निर्देश दिया गया। फूड कोर्ट में बड़े एवं प्रतिष्ठित ब्रांडों को भी स्टल आवंटित करने की व्यवस्था करने को कहा गया। फूड कोर्ट में पर्याप्त पेयजल, वशरूम, प्रकाश एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। आर्ट एंड क्राफ्ट मेला में भी फूड स्टल विकसित करने का निर्देश दिया गया। इसके तहत अंदर आधुनिक फूड कैफे तथा बाहर ग्रामीण परिवेश एवं पारंपरिक स्वरूप की झलक प्रस्तुत करने की तैयारी करने को कहा गया। 6 पेयजल, शौचालय एवं जनसुविधाएं कार्यपालक अभियंता (च्भ्क्) एवं एसडीओ सोनपुर को संयुक्त रूप से मेला क्षेत्र में पेयजल एवं वशरूम की व्यवस्था का आकलन कर विस्तृत रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया। पूरे नगर क्षेत्र में यूरिनल, स्ट्रीट लाइट, सार्वजनिक शौचालय एवं अन्य जनसुविधाओं के अपग्रेडेशन की समीक्षा की गई। मेला क्षेत्र में वेंडर के माध्यम से 50 बायो-टयलेट स्थापित किए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा इसके लिए एसडीओ सोनपुर को स्थल चयन करने का निर्देश दिया गया। 7 प्रदर्शनी, प्रशासनिक भवन एवं नियंत्रण कक्ष विभिन्न विभागों के प्रदर्शनी स्टल के साथ-साथ थाना, कंट्रोल रूम एवं प्रदर्शनी के समीप उपलब्ध जमीन पर प्रस्तावित कार्यो की समीक्षा की गई। संबंधित कार्यो की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट तैयार करने तथा कितना कार्य पूर्ण हुआ है और कितना शेष है, इसका आकलन करने के लिए जिला स्तर पर टीम गठित करने का निर्देश दिया गया। स्वागत कक्ष, मीडिया सेल, प्रशासनिक भवन, जिला नियंत्रण कक्ष एवं मीडिया सेंटर के निर्माण एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। सभी भवनों एवं केंद्रों को आवश्यक उपकरणों एवं संसाधनों से पूरी तरह सुसज्जित रखने का निर्देश दिया गया। वेलकम गेट एवं वीआईपी लाउंज सहित सभी प्रमुख स्थलों की तैयारी समय से पूर्ण करने को कहा गया 8 निर्माण कार्य एवं टेंडर की समीक्षा सभी चयनित वेंडरों एवं एजेंसियों के कार्यो की गुणवत्ता एवं निर्धारित शर्तो के अनुरूप क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए सत्यापन समिति गठित करने का निर्देश दिया गया। भवन निर्माण विभाग द्वारा बैरिकेडिंग प्लान को एसडीओ सोनपुर से अनुमोदित कराकर प्रशासनिक स्वीति हेतु भेजे जाने की जानकारी दी गई। विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यो की प्रगति की नियमित समीक्षा करने तथा लंबित कार्यो को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया। 9 सांसतिक कार्यक्रम एवं आमंत्रण मेला अवधि के दौरान आयोजित होने वाले सांसतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं कार्यक्रमवार निर्धारण करने का निर्देश दिया गया। विभिन्न जनप्रतिनिधियों को आमंत्रण पत्र भेजने तथा संबंधित मंत्रियों से कार्यक्रम में सहभागिता हेतु सहमति प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। मेला के सभी प्रमुख आयोजनों एवं कार्यक्रमों के लिए आवश्यक समन्वय सुनिश्चित करने को कहा गया। 10 रैन बसेरा के निर्माण हेतु स्थल चयन रैन बसेरा के निर्माण के लिए उपयुक्त स्थल चिति करने का निर्देश सोनपुर अंचलाधिकारी एवं एसडीओ सोनपुर को दिया गया, ताकि जरूरतमंद लोगों के ठहरने की आवश्यक तैयारियां रखी जा सकें।जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं चयनित एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि हरिहरनाथ क्षेत्र सोनपुर मेला-2026 के आयोजन में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण की जाएं। मेला में आने वाले श्रद्धालुओं, पर्यटकों एवं आम नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं बेहतर सुविधाओं से युक्त वातावरण उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए कार्यो का नियमित अनुश्रवण सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया।

एक नजर

महुआ के विभिन्न घाटों पर की तैयारीयों का लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री ने लिया जायजा

महुआ (दैनिक नवसंदेश)। आस्था का महापर्व छठ पर्व को देखते हुए महुआ नगर परिषद के द्वारा महुआ नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न घाटों पर छठ पर्व के दौरान वतियों की सुविधाओं का ख्याल रखते हुए तैयारियां पूरे जोर-जोर से की जा रही है। इसी क्रम में महुआ के लोजपा विधायक सह बिहार सरकार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री संजय सिंह के द्वारा महुआ के विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने महुआ के कालीघाट समेत महुआ नगर परिषद



महुआ के विभिन्न घाटों पर की तैयारीयों का लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री ने लिया जायजा।

क्षेत्र के कई अन्य घाटों का भी दौरा करते हुए महुआ नगर परिषद के द्वारा की जा रही तैयारी का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सोनू कुमार से घाटों पर की जा रही तैयारी की विस्तृत जानकारी ली। वही घाटों पर वतियों की सुविधाओं का ख्याल रखते हुए पर्याप्त वेर केडिंग, चेंजिंग रूम, रोशनी की व्यवस्था पेयजल, अस्थायी शौचालय, स्वास्थ्य समेत कई अन्य की सुविधाओं को दुरुस्त रखने का भी निर्देश दिया।इस मौके पर उनके साथ महुआ के समाजसेवी मृत्युंजय सिंह,विक्की कुमार, सीपू सिंह, महुआ नगर परिषद क्षेत्र के सफाई पर्यवेक्षक सुनील कुमार के साथ-साथ नगर परिषद के अनेकों कर्मचारी एवं महुआ के अनेकों लोग भी उपस्थित थे।

चित्रगुप्त पूजा में कलाकारों ने छेड़ी सुरों की तान, दर्शक हुए मुग्ध

हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)। सात सुरों से सजे गीत संगीत कार्यक्रम का गुरुवार को देर शाम तक श्रोताओं ने जम कर आनंद उठाया। कलाकारों ने ऐसी तान छेड़ी की की लोग झूम उठे। कलाकारों ने गजल, गीत, लोक गीत फिल्म गीत की



कलाकारों ने ऐसी तान छेड़ी की की लोग झूम उठे।

उम्दा प्रास्तुति की। मौका था चित्रगुप्त पूजा समिति गांधी आश्रम की ओर से आयोजित सांस्कृतिक संध्या का। गांधी स्मारक पुस्तकालय सभागार के जगदीश चंद्र माथुर मंच पर आयोजित कार्यक्रम में इस बार सबसे आकर्षक प्रस्तुति बच्चों की रही। वरिष्ठ संगीतज्ञों एवं कलाकारों ने अपनी अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को याार बनाया। आस्तिक वर्मा के ओजस्वी संचालन में कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा समिति के तीसरी पीढ़ी के कलाकार हर्षित वर्मा, रूपक ठाकुर, स्वयं प्रकाश के तबला वादन से हुआ। इनके तबला के बोल और लयकारी पर श्रोता झूम उठे। इसके बाद नवोदित आरुषि ने शास्त्रीय गीत प्रभावित अंशिका ने गीत लग जा गले दीक्षा ने नृत्य दक्ष ने गायन अमन वर्मा ने गजल मुस्कान के अलावा मुस्कान तेजस्विनी पलक सिंह तृषा शिवम सुरभि और सिल्की आदि ने अपने प्रस्तुतियों से दर्शकों को झूमने पर विवश कर दिया इसके बाद शुरू हुआ वरिष्ठ कलाकारों की प्रस्तुति ।चर्चित गजल गायक प्रेमचंद लाल, संगीतिग देवानंद ठाकुर, संगीत गुरु हरिशंकर वर्मा, सुष्मिता, हंसिका वर्मा, प्रेरणा श्रीवास्तव, मीतू राज, क्रांति पटेल प्रशांत कुमार, संजय वर्मा ने गीत गजलों की ऐसी महफिल सजाई की श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए उनके साथ की बोर्ड पर बद्री, पैड पिंटू नाल पर अमित रंजन और मनोज कुमार सुमन ने संगत कर कार्यक्रम को याार बना दिया देर शाम तक सभागार तालियों की गूंज से गूंजता रहा। इस दौरान कलाकारों को पूजा समिति के युवा सदस्यों ने प्रत्येक कलाकार को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। अंत में कार्यक्रम संयोजक प्रो अमरेश श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापन कर आभार प्रकट किया।

विशेष अभियान में गोपालगंज पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 25 गिरतार

771 लीटर से अधिक अवैध शराब बरामद

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)। गोपालगंज पुलिस ने अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न मामलों में 25 अभियुक्तों को गिरतार किया है। इस दौरान पुलिस ने 771. 24 लीटर अवैध शराब बरामद करने के साथ ही यातायात नियमों के उल्लंघन के आरोप में 94 हजार रुपये जुर्माना भी वसूला है। पुलिस आीक्षक विनय तिवारी के निर्देश पर चलाए गए अभियान के तहत पुलिस विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई की। पुलिस की ओर से 13 नवंबर को जारी सूचना के अनुसार, गिरतार किए गए 25 अभियुक्तों में आठ हत्या के प्रयास के आरोपी हैं, जबकि एक की गिरतारी एनडीपीएस एक्ट के तहत की गई है। इसके अलावा शराब के साथ दो और शराब सेवन के आरोप में नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। विभिन्न मामलों में दो कांडों के वारंटी तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170 के तहत तीन लोगों की गिरफ्तारी की गई है। पुलिस ने अभियान के दौरान 42.6 लीटर देसी और 631. 44 लीटर विदेशी शराब समेत कुल 771. 24 लीटर अवैध शराब बरामद की है। इसके अतिरिक्तदो कांडों के वारंट का निष्पादन किया गया। इस दौरान चार जमानतीय और चार अजमानतीय वारंट का भी निष्पादन किया गया। पुलिस ने अभियान के दौरान दो मोटरसाइकिल और एक स्कर्पियो भी बरामद की है। वहीं, यातायात नियमों के उल्लंघन के मामलों में 94 हजार रुपये जुमनि की राशि वसूली गई।

मुख्य सचिव एवं डीजीपी ने 21 नवंबर के पीएम के प्रस्तावित वैशाली दौरे की तैयारियों का लिया जायजा

हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)। प्रधानमंत्री के 21 नवंबर 2026 को प्रस्तावित वैशाली जिला दौरे के मद्देनजर मुख्य सचिव, बिहार सरकार प्रत्यय अमृत एवं पुलिस महानिदेशक श्रीमती प्रीता वर्मा ने राजापाकर प्रखंड अंतर्गत जफरपट्टी स्थित कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव, सचिव एवं वरिष्ठ विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य सचिव ने कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ सभी आवश्यक व्यवस्थाएं निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया।



जफरपट्टी कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण करते मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक, जिलाधिकारी व अन्य।

इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह ने कार्यक्रम स्थल पर अब तक की गई तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सभा स्थल, मंच, हैलीपैड, पार्किंग स्थल, संपर्क पथ, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, विद्युत आपूर्ति एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं की तैयारियों से मुख्य सचिव को अवगत कराया।

मुख्य सचिव ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि कार्यक्रम से जुड़ी प्रत्येक व्यवस्था का बारीकी से आकलन करते हुए शेष कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाए। उन्होंने विभागों के बीच बेहतर समन्वय, कार्यों की नियमित निगरानी तथा कार्यक्रम स्थल पर सभी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

पुलिस महानिदेशक श्रीमती प्रीता वर्मा ने सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की तथा संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

महुआ में आयोजित भाजपा की बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद राय हुए शामिल



बैठक में भारत सरकार के केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय एवं बिहार सरकार के अनुसूचित जाति जनजाति मंत्री लखेन्द्र पासवान भी मौजूद थे।

महुआ (दैनिक नवसंदेश)। आगामी 21 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वैशाली जिले के राजापाकर स्थित जाफर पट्टी में प्रस्तावित आगमन की तैयारियों को लेकर महुआ भाजपा कार्यालय के ओसी पैलेस में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से भारत सरकार के केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय एवं बिहार सरकार के अनुसूचित जाति जनजाति मंत्री लखेन्द्र पासवान भी मौजूद थे। इस अवसर पर लालगंज के विधायक संजय सिंह ,प्रदेश महामंत्री धनराज शर्मा, जिला अध्यक्ष अजब लाल शाह , जिला प्रभारी अरविंद , भाजपा नमो ऐप सह क्षेत्रीय प्रभारी मिथुन चक्रवर्ती उर्फ मिथुन सिंह ,जिला महामंत्री अजीत पांडे एवं घनश्याम सिंह ,अभिषेक राज, दीपू दत्त चौधरी रमैया सिंह संजीव कुमार जयप्रकाश निषाद बरनाला, पंकज यादव ,सुनील चौधरी शिवचंद्र राय, रिंकू देवी नंदकिशोर सिंह, पंकज सिंह अरुण सिंह,आलोक कुमार भगत, मिथिलेश चौधरी सहित पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं उर्जावान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।बैठक में प्रधानमंत्री जी के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर तैयारियों एवं व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। वही इस बैठक में उपस्थित भाजपा के कार्यकर्ताओं ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में देश के प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनने के लिए कार्यकर्ताओं को ले जाने का संकल्प से केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया।

गोरौल में सामूहिक विषाक्तता की घटना से मचा कोहराम

मृतकों में सास, बहू और 14 वर्षीय किशोर शामिल

गोरौल (दैनिक नवसंदेश)। वैशाली जिले के गोरौल थाना क्षेत्र में पारिवारिक और जमीन विवाद से जुड़ी एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। जमीन बेचने के विवाद के बीच एक ही परिवार के चार सदस्यों द्वारा कथित तौर पर जहर खा लेने की घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक 10 वर्षीय बच्ची की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है।मृतकों की पहचान निर्मला देवी (55 वर्ष),सीमा देवी (35 वर्ष) और हिमांशु उर्फ मुन्ना (14 वर्ष) के रूप में हुई है। वहीं,10 वर्षीय ऋषिका का इलाज जारी है।



वैशाली जिले के गोरौल थाना क्षेत्र में पारिवारिक और जमीन विवाद से जुड़ी एक हृदयविदारक घटना सामने आई है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, प्रेमराज निवासी स्वर्गीय श्यामनंदन सिंह के पुत्र राहुल द्वारा पिछले सप्ताह जमीन बेची गई थी।जमीन बगल के पंचायत के एक व्यक्ति ने ओने पौने दाम में राहुल से खिला पिला कर जमीन लिखवा लिया।इसी जमीन की बिक्री को लेकर परिवार में विवाद चल रहा था।बताया जा रहा है कि इसी विवाद के बीच परिवार के सदस्यों ने यह आत्मघाती कदम उठाया।राहुल पर पहले से दर्ज हैं कई मामले, ग्रामीणों ने उठाए सवाल। ग्रामीणों का दावा है कि राहुल के खिलाफ गोरौल थाने में पहले से कई प्राथमिकी दर्ज हैं। घटना के बाद कुछ ग्रामीणों ने पुलिस की पूर्व की कार्रवाई पर भी सवाल उठाए हैं।उनका कहना है कि यदि पहले ही प्रभावी कार्रवाई हुई होती तो शायद जमीन बिक्री को लेकर उत्पन्न विवाद इस भयावह स्थिति तक नहीं पहुंचता। हालांकि, इस संबंध में पुलिस की आधिकारिक प्रतिक्रिया और पूरे घटनाक्रम की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए शव घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। घटना के वास्तविक कारणों, पारिवारिक विवाद और जमीन की बिक्री से जुड़े पहलुओं की जांच के बाद ही पूरी तस्वीर सामने आएगी। एक जमीन विवाद ने हंसते-खेलते परिवार को ऐसी त्रासदी में धकेल दिया कि तीन जिंदगियां खत्म हो गईं और एक मासूम बच्ची जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही है। इस घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है।

छठ घाटों पर सुरक्षा की कमान संभालेंगे 19 आपदा मित्र

संवेदनशील घाटों पर रहेगी विशेष नजर, अंचल पदाकिारी ने आपदा मित्रों के साथ की बैठक

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश)। लोक आस्था के महापर्व छठ के दौरान वतियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है। घाटों पर अर्घ्य अर्पित करने के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने तथा आपात स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने के लिए प्रखंड के प्रमुख और संवेदनशील छठ घाटों पर 19 आपदा मित्रों की तैनाती की जाएगी।

इसको लेकर शुक्रवार को अंचल पदाकिारी मनोरंजन शुक्ला ने आपदा मित्रों के साथ बैठक कर उनकी जिम्मेदारियां तय कीं और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में अंचल पदाधिकारी ने कहा कि आपदा प्रबांन विभाग की ओर से चयनित आपदा मित्रों को विपरीत परिस्थितियों में राहत एवं बचाव कार्य संचालित करने का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।

छठ पर्व के दौरान इनकी प्रमुख जिम्मेदारी घाटों पर वतियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल बचाव कार्य शुरू करना होगा।

उन्होंने बताया कि कुचायकोट के पंचायत सरकार भवन स्थित तालाब, दाहा नदी घाट सासामुसा तथा गंडक नदी के किनारे काला मटिहनिया और



बैठक करते अंचल पदाधिकारी।

विशंभरपुर समेत अन्य महत्वपूर्ण घाटों पर आपदा मित्रों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

दाहा नदी सहित अन्य जोखिम वाले घाटों को विशेष निगरानी में रखा जाएगा, ताकि जलस्तर और अन्य संभावित खतरों को देखते हुए समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें।

अंचल पदाधिकारी ने आपदा मित्रों को पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी निभाने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि छठ के दौरान घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है। ऐसे में आपदा मित्रों की सक्रियता से संभावित दुर्घटनाओं को रोकने और किसी भी अप्रिय स्थिति में जान-माल की सुरक्षा करने में मदद मिलेगी।प्रशासन का प्रयास है कि छठ पर्व शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो।

सैनिक स्कूल गोपालगंज में छठी कक्षा में नामांकन शुरू, दो दिसंबर तक करें ऑनलाइन आवेदन

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश)। स्थानीय प्रखंड के सिपाया स्थित सैनिक स्कूल गोपालगंज में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा छह में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्यालय में प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राएं अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा (एआइएसएसईई-2027) के मायम से नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने आवेदन की प्रक्रिया तीन नवंबर से शुरू कर दी है। आवेदन करने की अंतिम तिथि दो दिसंबर 2026 निर्धारित की गई है।निर्धारित तिथि तक आवेदन नहीं कर पाने वाले अभ्यर्थियों को तीन से छह दिसंबर तक 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ आवेदन करने का अतिरिक्त अवसर दिया जाएगा। अभ्यर्थी एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट के मायम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विद्यालय प्रशासन ने अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों को आवेदन करने से पहले सूचना पुस्तिका का अच्छी तरह अययन करने की सलाह दी है। इसमें प्रवेश के लिए निर्धारित पात्रता, आयु सीमा, आरक्षण व्यवस्था और आवेदन से संबंधित सभी जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए हैं।सैनिक स्कूल में नामांकन को लेकर एक महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रवेश का अवसर केवल सैनिकों या रक्षा कर्मियों के बच्चों तक सीमित नहीं है।आम नागरिकों के बच्चे भी निर्धारित पात्रता और आरक्षण नियमों के तहत प्रवेश परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।इसके अलावा विद्यालय में बालक और बालिकाओं, दोनों के लिए नामांकन का प्रावाान है।अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 31 जनवरी 2027 को देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।परीक्षा पेन-पेपर आाारित होगी, जिसमें अभ्यर्थियों को ओएमआर शीट पर बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर देने होंगे।प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को अगले चरण में चिकित्सा परीक्षण और दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया से गुजरना होगा।इसके बाद मेरिट सूची, निर्धारित पात्रता मानदंड और उपलब वीटों के आाार पर अंतिम नामांकन किया जाएगा।

बरौली पीएमश्री स्कूल में 39.19 लाख रुपये के वित्तीय गड़बड़ी का आरोप

प्रधानाध्यापक निलंबित

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)। गोपालगंज जिले के बरौली स्थित पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सरकारी राशि के हिसाब-किताब को लेकर उठे सवाल अब बड़ी विभागीय कार्रवाई तक पहुंच गये हैं। विद्यालय के प्राधानाध्यापक मोहिबुल हक को सारण के आरआरडीडी संजय कुमार ने निलंबित कर दिया है।

स्पष्ट किया गया है कि उन पर वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2026-27 तक कुल 39 लाख 19 हजार 824 रुपये विद्यालय के विकास कोष और छात्र कोष के खाते में जमा नहीं करने का गंभीर आरोप है। इतना ही नहीं, विद्यालय के कर्मी रितेश कुमार को नियमित मानदेय का भुगतान किये जाने के बावजूद फरवरी 2023 से जून 2026 तक वेतन प्राप्ति पंजी पर उनका हस्ताक्षर नहीं कराने का मामला भी आरोपों में शामिल है।

गोपालगंज डीइओ अमरेंद्र कुमार पांडेय की ओर से गठित तीन सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट और अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा के बाद यह कदम उठाया गया है।

जारी आदेश में एचएम को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम नौ के तहत निलंबित करते हुए विभागीय कार्यवाही के आीन कर दिया गया है।

आरआरडीडी संजय कुमार की ओर से जारी आदेश



बरौली का पीएम श्री उच्चतर मायमिक विद्यालय का फाइल फोटो।

के मुताबिक, निलंबन अवाी में मोहिबुल हक का मुख्यालय सारण जिले के दिघवारा स्थित प्रखंड शिक्षा पदाकिारी कार्यालय निार्रित किया गया है। उन्हें नियमानुसार जीवनयापन भत्ता दिया जायेगा। मुख्यालय से अनुपस्थिति विवरणी मिलने के बाद संबंति निकासी एवं व्ययन पदाकिारी भत्ते का भुगतान करेंगे।

प्राधानाध्यापक के खिलाफ लगाये गये आरोपों की जांच के लिए सिवान के डीइओ राघवेंद्र मणि त्रिपाठी को संचालन पदाधिकारी बनाया गया है। वहीं, गोपालगंज के समग्र शिक्षा के डीपीओ शिवम कुमार को प्रस्तुतीकरण पदाकिारी की जिम्मेदारी दी गयी है। दोनों आकिारियों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत जांच पूरी कर रिपोर्ट क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक को सौंपनी होगी।

आदेश में प्राधानाध्यापक को आरोप-पत्र मिलने के 15 दिनों के भीतर साक्ष्य के साथ अपना लिखित बचाव अभिकथन देने का निर्देश दिया गया है। वहीं, संचालन पदाकिारी को आरोप-पत्र जारी होने की तिथि से 45 दिनों के भीतर पूरी जांच कर निर्धारित प्रपत्र में रिपोर्ट सौंपनी है।

जांच में आरोपों की पुष्टि होने पर आगे की विभागीय कार्रवाई की जायेगी। फिलहाल प्रधाानाध्यापक पर लगाये गये आरोपों की अंतिम पुष्टि विभागीय जांच के बाद ही होगी।

खबरें — खास-खास

छठी मईया के आशीर्वाद से सारी मनोकामनाये हुई है पूरी : चिराग

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान द्वारा हाजीपुर में छठ व्रतियों के बीच छठ पूजा सामग्री का वितरण

हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)। लोक आस्था के महान पर्व छठ के पावन अवसर पर हाजीपुर शहर स्थित सुभाष चौक संस्कृत महाविद्याल के प्रांगण में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के द्वारा छठ वतियों के बीच छठ पूजा की प्रसाद सामग्री का वितरण किया। उपस्थित छठ वतीयों को संबोधित करते हुए श्री चिराग ने कहा की आज हम सब के लिए छठ महापर्व की शुरुआत का यह महत्वपूर्ण दिन है। जहां हम सब छठी मईया की पूजा आराधना कर, छठी मईया का आशीर्वाद प्राप्त करें, यह प्रार्थना हम लोग करते हैं।



लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के द्वारा छठ वतियों के बीच छठ पूजा की प्रसाद सामग्री का वितरण किया।

इस कार्यक्रम में बिहार सरकार के पीएचईडी मंत्री संजय सिंह, गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान, एमएलसी अशरफ अंसारी, पार्टी के वरिष्ठ नेता अबधेश कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव राजकुमार पासवान, रणविजय चौरसिया, हरिहर पासवान, युवा प्रदेश महासचिव संतोष शर्मा, जिला अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, साजेश पासवान, लक्ष्मी पासवान, सुरेश भगत, मनोज सिन्हा, शंकर पासवान, राकेश पासवान, धर्मवीर यादव, कबीर पासवान, मनोज पासवान, वर्षा कुमारी, प्रो संगीता सिंह, रिंकू कुमारी, श्रीकांत पासवान, मो नौशाद, ष्ण मुरारी, अनिकेत भगत, पंकज झा, सुजीत पासवान, गाँधी राय,पवन राज, संजय पासवान, सुनील पासवान सहित बड़ी संख्या में स्थानीय छठ वती लोग एवं आम जनमानस उपस्थित रहे। संपूर्ण सुभाष चौक का इलाका ष्ठठी मइया की जयष और लोकगीतों के गूंज से भक्तिमय नजर आया।

बैकुंठपुर के विभिन्न घाटों के विकास को मिलेगी नई गति

शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने किया निरीक्षण

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)। गोपालगंज के बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न घाटों के विकास और सौंदर्यीकरण की कवायद तेज हो गई है। बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री सह बैकुंठपुर विधायक मिथिलेश तिवारी ने सलेमपुर, दुमरिया, महम्मदपुर और रेवतीत समेत विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री ने घाटों की मौजूदा स्थिति का जायजा लेते हुए साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पहुंच पथ और जलनिकासी जैसी सुविाओं का अवलोकन किया। साथ ही घाटों के व्यवस्थित विकास और सौंदर्यीकरण को लेकर आकिारियों के साथ चर्चा की। निरीक्षण के दौरान शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने संबंधित आकिारियों को घाटों के विकास से जुड़ी आवश्यकताओं का आकलन कर प्राथमिकता के आधार पर कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के प्रमुख घाटों कोम बेहतर स्वरूप देने के साथ श्रद्धालुओं और आम लोगों के लिए सुरक्षित एवं सुविाजनक व्यवस्था उपलब कराना सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री ने कहा कि बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, पर्यटन और जनसुविाओं के क्षेत्र में विकास कार्यों को लगातार गति दी जा रही है। घाटों का सुनियोजित विकास होने से न सिर्फ आम लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि क्षेत्र की धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत को भी नई पहचान मिलेगी।



कार्यक्रम में मौजुद मंत्री।

नागालैंड के राज्यपाल को डा. सत्य प्रकाश ने भेंट किया पौधा

हथुआ (दैनिक नवसंदेश)। जिले के चर्चित पर्यावरण मित्र एवं पौरोपण अभियान के प्रणेता डा. सत्य प्रकाश ने पटना में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान नागालैंड के राज्यपाल महामहिम नंद किशोर यादव से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने परंपरागत बुके के स्थान पर राज्यपाल को पौधा भेंटकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। डा. सत्य प्रकाश की इस अनूठी पहल से राज्यपाल काफी प्रसन्न हुए। उन्होंने उनके पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पण एवं पौरोपण अभियान की सराहना करते हुए कहा कि समाज में ऐसे पर्यावरण योद्धाओं को प्रोत्साहित और सम्मानित किया जाना चाहिए, जो पौधों को सम्मान का मायम बनाकर हरियाली का संदेश दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि डा. सत्य प्रकाश पिछले कई वर्षों से पौधरोपण, पौधा वितरण एवं जन-जागरूकता के मायम से पर्यावरण संरक्षण की मुहिम चला रहे हैं। अब तक वे दो लाख से अधिक पौधे लगाने, वितरित करने और उनके संरक्षण में योगदान दे चुके हैं। उनका संदेश है कि सम्मान के अवसरों पर बुके के बजाय पौाा भेंट करने की परंपरा विकसित हो, ताकि हर उत्सव पर्यावरण संरक्षण का उत्सव बन सके।

छठ पर्व को लेकर डुमरिया घाट और बरौली छठ घाट का निरीक्षण

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)। छठ महापर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी समीर सौरभ एवं पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी द्वारा विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में अधिकारियों ने बैकुंठपुर प्रखंड स्थित प्रसिद्ध डुमरिया घाट तथा बरौली प्रखंड कार्यालय के पास स्थित छठ घाट का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान घाटों की स्थिति, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविाा से संबंधित तैयारियों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने घाटों पर छठ वतियों एवं श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ रखने तथा आवश्यक सावाधानियां बरतने का निर्देश दिया। साथ ही घाटों पर स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, आवागमन एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने के संबां में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा छठ महापर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक तैयारियां समय पर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है, ताकि लोक आस्था का महापर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।



निरीक्षण करते डीएम और पुलिस अधीक्षक।

बाजार से घर जा रहे ओड़ को बेलगाम ट्रेलर चालक ने रौदा, मौत

विजयीपुर (दैनिक नवसंदेश)। विजयीपुर बाजार से अपने घर वापस जा रहे एक अधेड़ को सामने से आ रहे बेलगाम ट्रेलर चालक ने रौद दिया। जिससे अधेड़ की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान घाट बनौरा गांव निवासी 55 वर्षीय कपिल देव के रूप में हुई है। घटना विजयीपुर -भोरे मुख्य पथ पर बन रहे नए थाना भवन के सामने लगभग साढ़े पांच बजे की है। सुचना पाकर मौके पर पहुंच विजयीपुर थानायक्ष गुलाम मुर्तजा ने ट्रेलर को जब्त कर लिया और चालक को हिरासत में ले थाने पर घटना के बारे में पुछताछ कर रही है। साथ ही शव को कब्जे में पोस्टमार्टम हेतु गोपालगंज सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बारे में मिली जानकारी अनुसार कपिल देव राम विजयीपुर बाजार करके घाटबनौरा अपने घर जा रहे थे। अभी माडरपुल पार कर मेन रोड से दक्षिण बन रहे नये थाना भवन के सामने पहुंचा था कि मुसहरी बाजार की ओर से आ रहे एक बेलगाम ट्रेलर चालक ने रौद दिया।